राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त



दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...





11 एक खूबसूरत प्रेम कहानी से...

भारत की सॉवरेन एआई मॉडल... 12



गाजियाबाद, सोमवार 09 फरवरी 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 12 अंक: 338, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12


## आंतकवाद पर कोई दोहरा मापदंड नहीं और कोई समझौता नहीं, मलेशिया में बोले पीएम मोदी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मलेशिया की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। इस दौरान उन्होंने मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक की और फिर संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया के सामने बयान दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मलेशिया भारतीय मूल की आबादी वाला दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा

**प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और मलेशिया इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में विकास, शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं और आसियान-भारत व्यापार समझौते (आईटीजीए) की समीक्षा जल्द पूरी करनी चाहिए**

देश है और दोनों देशों की सभ्यताएं सांस्कृतिक विरासत और लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के गर्मजोशी से स्वागत के लिए आभार जताया और बताया कि 2026 की अपनी पहली विदेश यात्रा में वे मलेशिया आए हैं। पीएम मोदी ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में भारतझ्रमलेशिया संबंधों में नई गति और गहराई आई है। दोनों देशों के बीच ऊर्जा, इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल अर्थव्यवस्था, बायोटेक, आईटी, पर्यटन और पीपल-टू-पीपल कनेक्शन में सहयोग मजबूत हुआ है।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा सहयोग, काउंटर टेररिज्म, इंटेलिजेंस शेयरिंग और मेरिटाइम सुरक्षा में भी दोनों देशों का सहयोग बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा एआई, डिजिटल टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा में साझेदारी को और बढ़ाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि सीईओ फोरम के माध्यम से नए व्यापार और निवेश अवसर उत्पन्न हुए हैं और यह साझेदारी भारत-मलेशिया के बीच रणनीतिक विश्वास पर आधारित आर्थिक बदलाव को गति देगी।

पीएम मोदी ने भारतीय प्रवासियों से मुलाकात को भी याद किया और कहा कि लगभग 30 लाख भारतीय प्रवासी भारत और मलेशिया के बीच "लिविंग ब्रिज" का काम कर रहे हैं। उन्होंने प्रवासियों के लिए मलेशिया में सोशल सिक्योरिटी एग्रीमेंट, मुफ्त ई-वीजा और यूपीआई डिजिटल पेमेंट जैसे कदमों का उल्लेख किया, जो दोनों देशों के नागरिकों के जीवन को आसान बनाएंगे।



प्रधानमंत्री ने कहा कि हम अपने युवाओं के बीच विश्वविद्यालय एक्सचेंज, स्टार्टअप कनेक्ट और स्किल डेवलपमेंट के अवसर भी बढ़ा रहे हैं। हमारे बढ़ते संबंधों को समर्थन देने के लिए हम मलेशिया में नया कांसुलेट भी खोलने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम आसियान के साथ पूरे इंडो पैसिफिक क्षेत्र में विकास, शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत आसियान सेंट्रलिटी को प्राथमिकता देता है। उन्होंने मलेशिया में तमिल समुदाय और उसकी संस्कृति पर भी जोर दिया और कहा कि शिक्षा, मीडिया और सांस्कृतिक क्षेत्रों में तमिल भाषा का मजबूत और जीवंत योगदान है। उन्होंने ऑडियो-विजुअल एग्रीमेंट के तहत फिल्म और संगीत, विशेषकर तमिल फिल्मों, के माध्यम से लोगों को और करीब लाने का प्रयास बताया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और मलेशिया इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में विकास, शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं और आसियान-भारत व्यापार समझौते (आईटीजीए) की समीक्षा जल्द पूरी करनी चाहिए।

पीएम मोदी ने कहा कि वैश्विक अस्थिरता के इस माहौल में भारत और मलेशिया की बढ़ती मित्रता दोनों देशों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हम शांति के सभी प्रयासों का समर्थन करते रहेंगे और आतंकवाद के खिलाफ हमारा संदेश स्पष्ट है - कोई दोहरा मापदंड नहीं और कोई समझौता नहीं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का संबंध रणनीतिक और मानवीय आधार पर मजबूत है। पीएम मोदी ने अपने मलेशियाई समकक्ष के आतिथ्य और स्वागत के लिए धन्यवाद किया और कहा कि वे उन्हें भारत में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।

## न्यूज डायरी

### अलवर में मानवता शर्मसार, कन्या भ्रूण मिलने से हड़कंप

**अलवर (आरएनएस)।** राजस्थान के अलवर जिले में महिला भ्रूण हत्या का एक मामला सामने आया है। रविवार को पुलिस ने एक प्लास्टिक के बंडल से आठ महीने की बच्ची का भ्रूण बरामद किया, जिससे लोगों में गुस्सा है। इस घटना के बाद सामाजिक जागरूकता और पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं।यह घटना उस वक्त सामने आई जब गोविंदगढ़ इलाके में बरोली और न्याना गांवों के बीच झाड़ियों में सलवार और पॉलिथीन में लिपटा एक बंडल मिला। बताया जा रहा है कि



बंडल गुरुवार को देखा गया था। हालांकि, लोगों ने इसे कचरा समझकर नजरअंदाज कर दिया था। रविवार सुबह जब बंडल खोला गया तो ग्रामीणों को उसके अंदर एक बच्ची का भ्रूण मिला। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, रविवार सुबह पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। हालांकि, निवासियों ने आरोप लगाया कि पुलिस करीब डेढ़ घंटे बाद मौके पर पहुंची, इस दौरान घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई थी। ग्रामीणों ने दावा किया कि पुलिस ने देरी का कारण थाने में कर्मचारियों की कमी बताया, जिससे कथित तौर पर स्थानीय लोगों में नाराजगी और गुस्सा फैल गया। पुलिस के आने से पहले, गांव वालों ने बताया कि उन्होंने भ्रूण को आवारा जानवरों से बचाने की जिम्मेदारी खुद ली। बताया जा रहा है कि निवासियों ने बचे हुए हिस्से के चारों ओर एक सुरक्षा घेरा बनाया ताकि आवारा कुत्ते उसके पास न आ सकें। गांव वालों ने यह भी आरोप लगाया कि एक पुलिस अधिकारी ने उनकी जल्दबाजी पर असंवेदनशील टिप्पणी की और कथित तौर पर उनसे कहा कि एक हेलीकॉप्टर ले आओ, तभी पुलिस जल्दी आएगी। इस कथित बयान से लोगों में गुस्सा और बढ़ गया।

मौके पर पहुंचने के बाद, पुलिस ने भ्रूण को अपने कब्जे में लेकर उसे गोविंदगढ़ कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में भेज दिया। अधिकारियों ने जांच के हिस्से के तौर पर भ्रूण के चारों ओर लिपटी सलवार और अन्य चीजों को भी जब्त कर लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सलवार पर मिली एक टेलरिंग शॉप की टैग अपराध के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान करने में एक अहम सुराग साबित हो सकती है। जांचकर्ता फिलहाल कपड़ों के स्रोत का पता लगाने और घटना के आसपास की परिस्थितियों का पता लगाने के लिए सबूतों की जांच कर रहे हैं।

पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि मामले की पूरी जांच की जा रही है और इसमें शामिल लोगों की पहचान करने और उचित कानूनी कार्रवाई करने की कोशिशें की जा रही हैं।

### मुंबई : अवैध रूप से रह रहे 4 बांग्लादेशी गिरफ्तार, डिपोर्टेशन की प्रक्रिया शुरू

**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई पुलिस की कुरार इकाई को अवैध रूप से भारत में रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मलाड पूर्व के पठानवाड़ी इलाके में छापेमारी कर चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि ये सभी बांग्लादेशी नागरिक लंबे समय से फर्जी पहचान के सहारे यहां रह रहे थे। पुलिस के अनुसार, कुरार पुलिस स्टेशन के एटीसी (एंटी-टेरर सेल) अधिकारी को सूचना मिली थी कि कुछ बांग्लादेशी नागरिक मलाड ईस्ट के पठानवाड़ी क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे हैं और नकली दस्तावेजों



के आधार पर स्थानीय पहचान बनाकर जीवन यापन कर रहे हैं। सूचना के आधार पर कुरार पुलिस और एटीसी टीम ने संयुक्त अभियान चलाते हुए 2 से 6 फरवरी के बीच इलाके में कई स्थानों पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान चार संदिग्धों को मौके से हिरासत में लिया गया। पूछताछ में सभी ने खुद को बांग्लादेश का नागरिक स्वीकार किया। प्रारंभिक जांच में उनके पास से बांग्लादेश से संबंधित कई अहम दस्तावेज बरामद किए गए, जिनमें स्थायी निवास प्रमाणपत्र, नागरिकता प्रमाणपत्र और बांग्लादेश का नेशनल आईडी कार्ड शामिल है। पुलिस की जांच में यह सामने आया है कि गिरफ्तार किए गए सभी लोग मलाड पूर्व के पठानवाड़ी इलाके में रह रहे थे और छोटे-मोटे व्यवसाय कर रहे थे।

## सिर्फ 'नीच कहने से नहीं लगेगा एससी/एसटी एक्ट, हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

**जोधपुर (आरएनएस)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण और दूरगामी फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि किसी व्यक्ति को महज 'नीच जैसे सामान्य अपमानजनक शब्द कह देने से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम यानी एससी/एसटी एक्ट अपने आप लागू नहीं होता। जस्टिस वीरेन्द्र कुमार की पीठ ने यह व्यवस्था देते हुए कहा कि इस एक्ट के तहत मामला तभी बनता है, जब यह साबित हो जाए कि अपमान विशेष रूप से जाति के आधार पर किया गया था और आरोपी को पीड़ित की जाति की पूर्व जानकारी थी।

**क्या था 2011 का आईआईटी जोधपुर विवाद**

इस मामले की जड़ें वर्ष 2011 से जुड़ी हैं। घटना उस समय की है जब आईआईटी जोधपुर से जुड़े एक विवाद में सरकारी अधिकारी अतिक्रमण की जांच के लिए मौके पर पहुंचे थे। अधिकारियों की कार्रवाई के दौरान वहां मौजूद कुछ लोगों ने विरोध शुरू कर दिया।

आरोप है कि विरोध के दौरान प्रदर्शनकारियों ने अधिकारियों के लिए 'नीचइ और 'भिखारीइ जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया। इसे जातिगत अपमान मानते हुए अधिकारियों ने पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसमें स्ट/स्ज्ञ एक्ट के साथ-साथ




भारतीय दंड संहिता की धाराएं भी लगाई गई थीं।

**आरोपियों की दलील और कोर्ट का तर्क**

आरोपियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अपने ऊपर लगे आरोपों को चुनौती दी थी।

उनकी दलील थी कि उन्हें संबंधित अधिकारियों की जाति के बारे में कोई जानकारी नहीं थी, इसलिए जानबूझकर जातिगत अपमान करने का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने यह भी कहा कि बोले गए शब्द किसी विशेष जाति का संकेत नहीं देते हैं और घटना के वक्त कोई स्वतंत्र गवाह भी मौजूद नहीं था।

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पाया कि इस्तेमाल किए गए शब्द अपमानजनक हो सकते हैं, लेकिन वे किसी जाति विशेष की ओर इशारा नहीं करते। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि एससी/एसटी एक्ट की धाराओं को लागू करने के लिए जाति-आधारित अपमान का स्पष्ट और ठोस प्रमाण होना अनिवार्य है। महज सामान्य बहस में बोले गए शब्दों को जातिगत अत्याचार नहीं माना जा सकता।


**एक्ट की धाराएं रद्द, लेकिन केस चलता रहेगा**

तमाम दलीलों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने आरोपियों को बड़ी राहत देते हुए उनके खिलाफ लगाई गई एक्ट की धाराओं को रद्द कर दिया। कोर्ट ने माना कि यह मामला जातिगत भेदभाव का नहीं बनता है।

हालांकि, कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि आरोपियों को पूरी तरह से बरी नहीं किया गया है। सरकारी कर्मचारियों को उनकी ड्यूटी करने से रोकने, धक्का-मुक्की करने और बाधा पहुंचाने से संबंधित आईपीसी की धाराओं के तहत मामला बरकरार रहेगा और निचली अदालत में इन्हीं आरोपों पर आगे की सुनवाई होगी।

## कर्नाटक कांग्रेस महात्मा गांधी को राम से अलग करने की कोशिश कर रही : बसवराज बोम्मई

**गदग (कर्नाटक) (आरएनएस)।** पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा सांसद बसवराज बोम्मई ने कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर महात्मा गांधी को भगवान राम से अलग करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने 'जी राम जी' योजना के फायदों को गिनाने के लिए एक बड़े जागरूकता अभियान का आह्वान किया। इसके साथ ही, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) में कथित भ्रष्टाचार के भी आरोप लगाए। बसवराज बोम्मई ने शनिवार को एक कार्यक्रम में कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्र की आत्मा हैं। साथ ही, भगवान राम गांधी की आत्मा थे। उन्होंने आरोप लगाया, "दोनों को अलग करना असंभव है, लेकिन राज्य सरकार ऐसा करने की कोशिश कर रही है।" बोम्मई ने कहा कि देश ने महात्मा गांधी से 'सत्यमेव जयते' और 'सत्य की खोज में उपवास' दो मुख्य सिद्धांत सीखे। उन्होंने कांग्रेस पर 'गांधी' के नाम का दुरुपयोग करने और उनके आदर्शों की अनदेखी करने का आरोप लगाया।



उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी का महात्मा गांधी से कोई वंश संबंध नहीं था। कांग्रेस ने ऐतिहासिक रूप से गांधी के मूल्यों का पालन किए बिना उनके नाम पर राजनीति की है। भाजपा सांसद ने कांग्रेस पर भीमराव अंबेडकर का अपमान करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अंबेडकर को चुनाव में हराया गया। उन्हें कैबिनेट से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया और उनकी मृत्यु के बाद दिल्ली में उनके स्मारक के लिए जमीन नहीं दी गई। इसके विपरीत जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के स्मारक मौजूद हैं।

## स्पेशल ओलंपिक में देश का परचम लहराने वाले वासु तिवारी को मंत्री नरेंद्र कश्यप ने पहनाया मेडल, मुख्यमंत्री से मुलाकात का दिया भरोसा

**लखनऊ।** स्पेशल ओलंपिक में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और प्रदेश का नाम रोशन करने वाले 32 वर्षीय खिलाड़ी वासु तिवारी को रविवार को पिछड़ा वर्ग



कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने अपने लखनऊ स्थित आवास पर मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंत्री नरेंद्र कश्यप ने वासु तिवारी की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके साहस, अनुशासन और मेहनत को प्रेरणास्त्रोत बताया तथा भविष्य में हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया।मंत्री नरेंद्र कश्यप ने बताया कि वासु तिवारी ने मार्च 2025 में इटली के ट्यूरिन शहर में आयोजित स्पेशल ओलंपिक स्नोशूइंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 50 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक और 25 मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल कर भारत का गौरव बढ़ाया। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में दुनिया के लगभग 150 देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था, जिसमें वासु का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय रहा।वासु तिवारी की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उन्हें इटली से लौटने के बाद संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है।

## कोटा में बड़ा हादसा : निमार्णाधीन बिल्डिंग गिरने से छात्र समेत 2 की मौत, मलबे में 40 लोग दबे

**कोटा (आरएनएस)।** शिक्षा नगरी कोटा में शनिवार की रात एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया। शहर के जवाहर नगर थाना क्षेत्र स्थित इंदिरा विहार में एक दो मंजिला निमार्णाधीन इमारत अचानक भरभराकर गिर गई। इस हादसे में मलबे के नीचे दबने से एक कोचिंग छात्र समेत दो लोगों की मौत हो गई है। घटना के बाद तुरंत चलाए गए रेस्क्यू ऑपरेशन को अब पूरा कर लिया गया है और मलबे में दबे सभी लोगों को बाहर निकाल लिया गया है। हादसे में कुल 13 लोग घायल हुए थे, जिनमें से 5 को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि 8 घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।



**रेस्टोरेंट में खाना खा रहे थे लोग, तभी हुआ हादसा**

जानकारी के अनुसार, यह घटना शनिवार रात करीब 8:45 बजे हुई। जिस समय यह हादसा हुआ, उस वक्त बिल्डिंग में चल रहे 'दिल्ली नॉनवेजइ नामक रेस्टोरेंट में काफी चहल-पहल थी। बताया जा रहा है कि घटना के वक्त बिल्डिंग में ग्राहकों और 10-12 स्टाफ सदस्यों को मिलाकर कुल 30 से 40 लोग मौजूद थे। अचानक बिल्डिंग गिरने से इलाके में हड़कंप मच गया। चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाई और प्रशासन के पहुंचने से पहले ही मलबे में दबे लोगों को निकालना शुरू कर दिया और उन्हें अस्पताल पहुंचाया।

**मृतकों और घायलों की स्थिति**

इस भीषण हादसे में दो लोगों की जान चली गई है। मरने वालों में एक कोचिंग छात्र शामिल है, जिसकी पहचान पश्चिम बंगाल निवासी 'अरण्यइ के रूप में हुई है, जो एलेन कोचिंग संस्थान का छात्र था। दूसरे मृतक की उम्र करीब 13 से 14 वर्ष बताई जा रही है, जिसकी शिनाख्त के प्रयास जारी हैं। वहीं, मेडिकल कॉलेज के नर्सिंग स्टाफ ने अस्पताल लाए गए एक मृतक की पहचान 23 वर्षीय भूपेंद्र के रूप में भी बताई है, जो कोटा का ही निवासी था। घायलों में साजिदा और शालीन नाम की दो महिलाएं भी शामिल हैं। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर पूरे इलाके की बिजली काट दी है।

**देरी से पहुंची क्रेन, लोगों में दिखा गुस्सा**

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंच गईं, लेकिन स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि रेस्क्यू के लिए क्रेन करीब डेढ़ घंटे की देरी से पहुंची। लोगों का कहना था कि अगर क्रेन समय पर आती तो राहत कार्य और तेजी से हो सकता था। मौके पर जिला कलेक्टर पीयूष सांवरिया और अतिरिक्त जिला कलेक्टर अनिल सिंघल ने स्थिति का जायजा लिया। इसके अलावा शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल-चाल जाना।

**चश्मदीदों ने बताया आंखों देखा हाल**

हादसे में घायल हुए एक छात्र ने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ रेस्टोरेंट में खाना खाने गया था, तभी अचानक पूरी इमारत ताश के पत्तों की तरह ढह गई और वे मलबे में दब गए। गनीमत रही कि रेस्क्यू टीम ने समय रहते मलबे से 15 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। बिल्डिंग का निर्माण कार्य अभी जारी था, इसके बावजूद वहां कमर्शियल गतिविधियां चल रही थीं, जो अब जांच का विषय है।

**खुलासा** | गाजियाबाद सुसाइड केस में नया खुलासा

## बच्चियों के पिता ने की थीं तीन शादियां,दो बताकर कर रहा था गुमराह

**गाजियाबाद (आरएनएस)।** गाजियाबाद में तीन बहनों निशिका, प्राची और पाखी की आत्महत्या के मामले में रोज नई परतें खुल रही हैं। पुलिस जांच में अब सामने आया है कि किशोरियों के पिता चेतन कुमार ने पिछले 16 वर्षों में दो नहीं बल्कि तीन शादियां की थीं। जांच के दौरान पुलिस को इससे संबंधित तीन मैरिज सर्टिफिकेट भी मिले हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, चेतन कुमार ने अपने शुरूआती बयानों में तीन शादियों की जानकारी छिपाई थी। जांच में पता चला है कि चेतन ने वर्ष 2010 में सुजाता से पहली शादी की थी, इसके बाद वर्ष 2013 में उसकी बहन हिना से विवाह किया और वर्ष 2021 में सीलमपुर निवासी टीना से कोर्ट मैरिज की।

यह भी सामने आया है कि तीसरी पत्नी टीना बच्चों को कोरियाई संस्कृति और मोबाइल की लत से दूर कर दोबारा पढ़ाई की ओर ले जाने का प्रयास कर रही थी। उसी के कहने पर चेतन ने करीब एक माह पहले तीनों बेटियों का ट्यूशन लगवाया था। पुलिस के अनुसार, चेतन ने अपने चरित्र को लेकर सवालों से बचने के लिए तीसरी शादी की बात छिपाई थी।

पुलिस का कहना है कि सुजाता और हिना अशिक्षित हैं और बेटियों की पढ़ाई-लिखाई पर उनका विशेष ध्यान नहीं था। इसके विपरीत टीना बच्चों की शिक्षा को लेकर गंभीर थी और उन्हें मोबाइल पर अधिक समय बिताने से लगातार रोकती रहती थी। जब टीना को बेटियों के कोरियाई कल्चर से अत्यधिक जुड़ाव की जानकारी हुई तो उसने चेतन से इस विषय पर चर्चा की। इसके बाद चेतन ने बेटियों के मोबाइल फोन अपने कब्जे में ले लिए और उनका ट्यूशन लगवाया। ट्यूशन टीचर की ओर से यह शिकायत मिलने के बाद कि बच्चियां वहां भी खुद को कोरियन बताती थीं, घर में डांट-फटकार और सख्ती बढ़ा दी गई। हादसे के बाद से



सुजाता और हिना की मानसिक स्थिति ठीक नहीं बताई जा रही है। दोनों सदमे में हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जांच टीम कई बार चेतन के घर बयान दर्ज करने गई है। इस दौरान सुजाता और हिना बातचीत के बीच बार-बार यह कहते हुए बेसुध हो जाती हैं कि कोरियन ने मेरी बेटी को मार डाला और काफी देर तक यही बात दोहराती रहती हैं। फिलहाल चेतन, टीना और परिवार के अन्य सदस्य उन्हें संभालने की कोशिश कर रहे हैं। उधर, भारत सिटी सोसायटी में चेतन कुमार के रहने को लेकर स्थानीय लोगों ने आपत्ति जतानी शुरू कर दी है। सोसायटी की एओए के अध्यक्ष जयप्रकाश ठाकुर ने फ्लैट मालिकों से इस संबंध में बातचीत की है। आशंका जताई जा रही है कि जल्द ही चेतन और उसके परिवार को दोनों फ्लैट खाली करने पड़ सकते हैं।

एओए अध्यक्ष के अनुसार, हादसे के बाद चेतन को लेकर सामने आई जानकारियों से सोसायटी के लोग हैरान हैं और उनका मानना है कि मौजूदा हालात में परिवार का वहां रहना उचित नहीं है। हालांकि गम के माहौल को देखते हुए फिलहाल परिवार से इस मुद्दे पर कोई बातचीत नहीं की गई है।

सोसायटी के जिस स्थान पर तीनों बच्चियां गिरी थीं, वहां पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रखी है। घटनास्थल पर अब भी खून के निशान और कपड़ों के टुकड़े पड़े हैं। बच्चे पार्क में खेलने तो आ रहे हैं, लेकिन घटनास्थल देखकर सहम जाते हैं। शनिवार को पार्क में मौजूद महिलाओं ने बताया कि जांच के बावजूद अब तक सफाई नहीं कराई गई है। इस पर एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि थाना प्रभारी को निर्देश दे दिए गए हैं और जल्द ही सफाई कराकर बैरिकेड हटवा दिए जाएंगे।

# जिलाधिकारी ने महाशिवरात्रि मेले की तैयारियों की समीक्षा बैठक की

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**डिबाई (केपीसिंह चौहान)।** विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल रामघाट गंगा घाट पर आगामी महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शनिवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

**रामघाट गंगा घाट पर लाखों श्रद्धालुओं के लिए पुख्ता व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश**

बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी श्रुति ने की, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं एवं कांवड़ियों की सुविधा व सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्व पूर्ण की जाएं। उन्होंने विशेष रूप से गंगा घाट पर बैरिकेडिंग, गोताखोरों की तैनाती, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, वाहन पार्किंग, कंट्रोल रूम, शौचालय व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, खोया-पाया केंद्र तथा प्राथमिक उपचार कैंप स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक विभाग को आपसी समन्वय से कार्य करना होगा, ताकि महाशिवरात्रि मेला शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

**कांवड़ियों की सुरक्षा सर्वोपरि : एसएसपी**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार ने कहा कि महाशिवरात्रि पर रामघाट में 8 से 10 लाख कांवड़िए गंगा जल भरने के लिए पहुंचते हैं, ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कांवड़ियों की स्वास्थ्य व्यवस्था, आपातकालीन सेवाएं, यातायात नियंत्रण और सुरक्षा प्रबंधन को लेकर ठोस इंतजाम करने के निर्देश दिए तथा कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जाएंगे।



उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जाए।

बैठक में उपजिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी मधुप कुमार सिंह, जिला पंचायत से राजकुमार सिंह, इंद्रपाल सिंह, विद्युत विभाग के एसडीओ संदीप कुमार, सिविल डिफेंस से निधि शर्मा, ग्राम प्रधान लक्ष्मण कुमार शर्मा, सतवीर सिंह यादव, हिमांशु शर्मा, राजघाट से ओमवीर सिंह, विकास अग्रवाल, रामघाट थाना प्रभारी संदीप कुमार, नरौरा थाना प्रभारी गंगा प्रसाद राजपूत, सहित स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, विद्युत विभाग, अग्निशमन विभाग, जल निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में नवयुवक की मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी ।** नगर के हापुड़ रोड पर देर रात मन्नत गार्डन के पास सड़क हादसे में एक नाबालिक युवक की मौत हो गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। परिजनों ने बताया कि रिहान पुत्र इस्लाम (16) अपनी स्प्लेंडर बाइक से हापुड़ रोड से कही जा रहा था।

मन्नत गार्डन में प्रोग्राम होने के कारण व पार्किंग की कोई व्यवस्था न होने के कारण गाड़ियां सड़क पर ही खड़ी थी। तभी सड़क पर खड़ी गाड़ी बैक करने के दौरान नाबालिक युवक गाड़ी की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे उसके सिर में गंभीर चोटे आई। नाबालिक युवक को तुरंत पास ही स्थित अस्पताल ले जाया गया।

जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और शव अपने साथ ले गए। वही परिजनों ने बताया कि रिहान तीन भाई-बहनों में दूसरे नंबर का था। उससे एक बड़ी बहन है और एक छोटी बहन है वह इकलौता भाई था।

वह पढ़ाई के साथ-साथ फर्नीचर का भी काम सीख रहा था। कोतवाल ने कहा कि उसके परिजनों ने तहरीर देने से इनकार कर दिया। अगर तहरीर प्राप्त होती है तो आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर 10 फरवरी को जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय एवं मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में सेफर इंटरनेट डे (सुरक्षित इंटरनेट दिवस) के अवसर पर जनपद बुलंदशहर में दिनांक 10 फरवरी 2026 को प्रातः10:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी बुलंदशहर ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव तथा डिजिटल माध्यमों के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में सुरक्षित एवं जिम्मेदार इंटरनेट उपयोग अत्यंत आवश्यक है।कार्यशाला में जनपद स्तर के समस्त अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। इसके अतिरिक्त कृषक, व्यापारी, श्रमिक, ग्राम प्रधान, ब्लॉक एवं वार्ड स्तर के अधिकारी, शिक्षकगण तथा अन्य सम्मानित व्यक्तियों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी।जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट, मुख्य चिकित्साधिकारी, उप निदेशक कृषि, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं जिला पूर्ति अधिकारी सहित समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने विभाग से न्यूनतम 10-10 कार्मिकों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर कार्यशाला में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। साथ ही जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त राजकीय पॉलिटेक्निक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने संस्थानों में भी सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर कार्यशालाओं का आयोजन करना सुनिश्चित करें, जिससे शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में साइबर सुरक्षा एवं सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके।

# अपना दल एस ने बुलंदशहर में की संगठनात्मक बैठक,आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**स्याना (वसीम खाँन)।** अपना दल (एस) की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आज अपना दल एस के सिटी सेंटर जिला पंचायत मॉल स्थित जिला कार्यालय पर संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी तथा संचालन जिला महासचिव खालिक अंसारी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से आगामी संगठनात्मक गतिविधियों, सदस्यता अभियान को तेज करने और बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने पर चर्चा की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने कार्यकताओं को निर्देशित किया गया कि वे आगामी जिला पंचायत चुनावों को देखते हुए प्रत्येक बूथ पर पार्टी की विचारधारा को



जन-जन तक पहुँचाएं और नए सदस्यों को जोड़ें पार्टी पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि बुलंदशहर जनपद में आम जनमानस की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन पर दबाव बनाया जाएगा और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाया जाएगा। बैठक में जिला पंचायत चुनाव की रूपरेखा तैयार की गई। जिला अध्यक्ष ने कहा, "अपना दल (एस) शोषितों, वंचितों और किसानों की आवाज है। हम राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अनुप्रिया पटेल जी के नेतृत्व में संगठन को अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

बैठक में प्रमुख रूप से राजकुमार भुर्जी, ठाकुर अमरपाल सिंह,खालिक अंसारी, भूप सिंह प्रधान,हामिद अली सैफी, गोपाल, शर्मा,प्रतीकभारद्वाज,एडवोकेट आरिफ अंसारी,गंगाशरण चौहान ,पुरुषोत्तम सैन, डॉ राम सिंह,दीपक गौतम,असलम खान,हाजी नईम, मदनपाल,हाजी सबील अंसारी, डॉ राजीव अग्रवाल, डॉ प्रशांत लोधी, चांद सिद्दकी,लक्ष्मी सक्सेना,विक्रम निषाद मोहम्मद जाहिद शाहनवाज,सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूर्व छात्र मिलन व सम्मान समारोह का किया सफल आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी।** गाँव भटौना के चौधरी चरण सिंह इण्टर कॉलेज परिसर में पुरातन छात्र परिषद द्वारा भव्य पूर्व छात्र मिलन एंव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आज के कार्यक्रम के प्रधानाचार्य एवं प्रवक्ता डॉ.अशोक कुमार चौहान व पूर्व शिक्षकों द्वारा सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व माल्यार्पण कर किया गया। सभी पूर्व शिक्षकों को पुरातन छात्रों द्वारा ससम्मान मंच पर बिठाया गया। मेधावी छात्रों और प्रतियोगिता के विजयी छात्रों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी आगन्तुकों व पुरातन छात्रों द्वारा अपना परिचय व अनुभव साझा किये गये। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पूर्व शिक्षकों के सम्मान में कॉलेज के छात्रों द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन इस्हाक अली' सुंदर' ने किया। पूर्व शिक्षकों में जनाब तुफैल अहमद(पूर्व प्रवक्ता-भौतिक विज्ञान व प्रधानाचार्य),शील गंगे सिंह,प्रवक्ता जितेन्द्र पाल सिंह,प्रवक्ता महेन्द्र सिंह, पूर्व प्रवक्ता व प्रधानाचार्य कैप्टन डॉ.मनबीर सिंह दुहन,तेजपाल सिंह,संसार सिंह व डॉ.अशोक कुमार चौहान का पुरातन छात्रों





द्वारा माल्यार्पण कर व शाल उढाकर व सम्मान पत्र भेंट कर "डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्मृति सम्मान 2026" से सम्मानित किया गया।पुरातन छात्र कैप्टन महेन्द्र सिंह (बाबा)को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वर्तमान शिक्षकों व कॉलेज प्रधानाचार्य अजय कुमार जी को भी सम्मानित किया गया। पूर्व प्रवक्ता व प्रधानाचार्य तुफैल अहमद ने कहा कि पुरातन छात्र परिषद ने गुरुओं के सम्मान में जो कार्यक्रम आयोजन का कदम उठाया है,वह सराहनीय कार्य है। विदेश में रहते हुए भी पुरातन छात्र अपने गुरु शिष्य की परंपरा को कायम रखे हुए हैं।जो भावी पीढ़ी के लिए शुभ संकेत है। प्रवक्ता जितेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि आज की पीढ़ी को जागरूक करने की जरूरत है,तभी देश तरक्की की दिशा में अग्रसर हो सकेगा। प्रवक्ता व पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. मनबीर सिंह दुहन ने कहा कि कठिन परिश्रम,लगन व माँ-बाप व गुरुजनों के सम्मान करने से जीवन में सफलता को प्राप्त किया जा सकता है। संसार सिंह ने कहा कि आजका कार्यक्रम गुरुजनों व पुरातन छात्रों के लिए बड़ा ही अविस्मरणीय दिन है। कार्यक्रम में पुरातन छात्र परिषद के सर्वश्री राजेन्द्र सिंह (सीनियर रेगयूलेटिरी स्पेशलिस्ट,विश्व बैंक) ओमबीर सिंह (वाईस प्रेसिडेंट नोकिया कंपनी), डॉ.ओमबीर सिंह शिशोदिया (पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक)जयकिशन तेवतिया (सलाहकार कोस्ट, वित्त मंत्रालय,भारत सरकार),देवेंद्र सिंह तेवतिया (पूर्व जिला न्यायाधीश) भोपाल सिंह (सदस्य,केन्द्रीय जल आयोग), डॉ.ईश्वर सिंह तेवतिया (सलाहकार- राजभाषा), जयवीर सिंह (पूर्व महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक), इंद्रजीत सिंह तेवतिया (पूर्व महा प्रबंधक,जिला सहकारी बैंक),महक सिंह (सचिव,विजय ग्रामोद्योग विकास संस्थान),डॉ.सुभाषचंद शर्मा,जसवीर सिंह (अधिवक्ता),मोहित कुमार तेवतिया (पूर्व पेटी आफिसर)गजेन्द्र सिंह (पूर्व वारंट आफिसर) ,राजकुमार सिंह (पूर्व सब इंस्पेक्टर उइक),मनोज कुमार तेवतिया (एडवोकेट),छिद्दा सिंह तेवतिया (पूर्व डायरेक्टर),मंगल सिंह प्रजापति,ब्रह्मसिंह तेवतिया(पूर्व फलाईंग आफिसर)अशोक कुमार (पूर्व चीफ फूड इंस्पेक्टर)ऋषिपाल सिंह तेवतिया (पूर्व चीफ एकाउंट आफिसर,दूर संचार विभाग),भारतभूषण शर्मा (चीफ डायरेक्टर) जालम सिंह,गुलवीर सिंह तेवतिया,प्रवेश कुमार रावत,सूबेदार धर्मेन्द्र सिंह, सुंदरपाल सिंह तेवतिया (स्वतंत्र निदेशक) सतीश तेवतिया,वेदवीर सिंह तेवतिया, सुशील तेवतिया (दिल्ली पुलिस), मदनपाल सिंह,रुपेश कुमार तेवतिया,मनोज कुमार,जगपाल सिंह (पूर्व चीफ सुपरवाइजर) आदि की उपस्थिति उत्साहवर्धक रही। कार्यक्रम संयोजक श्री राजेन्द्र सिंह तेवतिया द्वारा शिक्षकों एवं आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया।

# समाधान दिवस मे 94 फरियादियों द्वारा अपनी समस्याओं के प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने पर मौके पर 09 शिकायतों का निस्तारण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में 94 फरियादियों द्वारा अपनी समस्याओं के प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने पर मौके पर 09 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजते हुए शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता से करने के निर्देश दिए गए। एसएसपी श्री दिनेश कुमार सिंह ने पुलिस से संबंधित शिकायतों को सुनकर उनके निस्तारण के निर्देश दिए। इस



अवसर पर सीएमओ डॉ सुनील दोहरेए उप जिलाधिकारी डिबाई श्री अरुण वर्माए सीओए तहसीलदार श्री गौरव विश्नोई सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# इंटर हाई स्कूल बोर्ड की परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च 2026 तक होंगी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अमरोहा (डा. महताब अमरोहवी )** उत्तर प्रदेश इंटर हाई स्कूल बोर्ड की तैयारियां जिले में तेजी से पूरी हो रही हैं। परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च 2026 तक होंगी। इस बार जिले में 68 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 51,000 छात्र परीक्षा देंगे,जिनमें से 24,000 इंटर और 27,000 हाई स्कूल की परीक्षा देंगे।जिले के सभी केंद्रों के पेपर जिले के गवर्नमेंट इंटर कॉलेज के स्ट्रांग रूम में कड़ी पुलिस निगरानी में रखे गए हैं, जहां जिला प्रशासन की ओर से 24 घंटे पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है।बोर्ड परीक्षाओं को लेकर प्रदेश सरकार ने नया आदेश जारी किया है, जिसके तहत परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों के जूते-मोजे उतारने पर रोक लगा दी गई है। पहले जूते-मोजे पहनकर आने वालों को परीक्षा में बैठने की इजाजत नहीं थी। अब सिर्फ परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार की ही जांच होगी। केंद्रों पर लगे सी सी टी वी कैमरे और वॉयस रिकॉर्डिंग की जांच की जाएगी। कैमरा खराब होने पर डिस्ट्रिक्ट इंस्पेक्टर ऑफ स्कूल्स और कंट्रोल रूम को बताना जरूरी है। सिर्फ महिला टीचर ही स्टूडेंट्स की तलाशी ले सकेंगी। ये निर्देश अमरोहा के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के साथ मुरादाबाद कमिश्नर को भेजे गए हैं। सरकार की तरफ से आगे की गाइडलाइन जारी की गई हैं, जिसमें हर जिले में एक बोर्ड कंट्रोल रूम बनाया जाए। डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल रूम से सेंटर पर नजर रखी जाएगी। परीक्षा केंद्रों तक जाने वाले रूट पर बसों की आवाजाही पक्की की जाएगी। इस बार छात्रों को हर पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक और उत्तर पुस्तिका का नंबर भी डालना अनिवार्य किया गया है जबकि इस से पूर्व केवल अंतिम पन्ने पर ही अनुक्रमांक डाला जाता था। परीक्षा केंद्रों के पास फोटोकॉपी की दुकानें बंद रहेंगी। सोशल मीडिया पर अफवाहों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। रात में स्ट्रॉन्ग रूम की अचानक चेकिंग के निर्देश दिए गए हैं।

**बिना हैलमेट वाहन चालकों को हैलमेट वितरण किये गये**

# यातायात नियमों का पालन न करने वाले अनाधिकृत संचालित पाये गये 89 वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही की गयी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलन्दशहर।** नगर के भूड़ चौराहे पर दुपहिया वाहन पर बिना हैलमेट बिना सीट बेल्ट ओवरलोड/अनाधिकृत संचालन के विरूद्ध कार्यवाही की गयी तथा बिना हैलमेट वाहन चालकों को हैलमेट वितरण किये गये। उक्त अभियान में श्रीमती नीतू शर्मा सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन बुलन्दशहर भोपाल एवं संजीव उप निरीक्षक यातायात बुलन्दशहर उपस्थित रहें।

यातायात नियमों का पालन न करने वाले/अनाधिकृत संचालित पाये गये 89 वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही की





# औरंगाबाद का हाल बेहाल, कूड़ा करकट गंदा पानी वार्ड दस की यही कहानी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नगर पंचायत औरंगाबाद में सर्वेसर्वाओ की अनदेखी के चलते वार्ड दस में बिन बारिश ही वार्ड के वाशिंदों को गंदगी और गलियों में बहते गन्दे बदबू दार पानी से जूझना पड़ता है। लोगों का कहना है कि यहां के वाशिंदों की जिंदगी नरक बन चुकी है लेकिन कोई देखने सुनने वाला नहीं है। नगर पंचायत द्वारा सफाई व्यवस्था के लिए सैकड़ों सफाई कर्मचारी लगाए गए हैं सफाई व्यवस्था पर लाखों रुपए हर महीने खर्च किए जा रहे हैं। सड़कों नालियों के विकास के नाम पर लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं बाबजूद हकीकत इसके कोसों दूर है। नगर की



सफाई व्यवस्था और विकास का जमीनी जीता-जागता नमूना यदि देखना है तो वार्ड दस में देखा जा सकता है। इस वार्ड में सुबह वाल्मीकि चौक से लोहारु मस्जिद तक दोनों और नालियों में गंदा पानी बहता हुआ सर्वेसवाओं के कारनामे उजागर करता नजर आ जायेगा। यही नहीं वार्ड दस के बजरिया मौहल्ले में गलियों में बहते गन्दे बदबूदार पानी में होकर गुजरते मौहल्ले वाले नगर पंचायत के सर्वेसवाओं को जी भरकर कोसते साफ नजर आते हैं। आये दिन गन्दे पानी बहने की विडियो सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती हैं लेकिन सर्वेसवाओं की सेहत पर कोई असर देखने में नहीं आता।

**समीक्षा** महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं के द्वारा जल भरकर ले जाने हेतु की जाने वाली व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए...

# विभागवार की जाने वाली व्यवस्थाओं की तैयारियों के बारे में जानकारी हासिल की

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर अलीगढ़ , मथुरा आदि अन्य स्थलों से तहसील डिबाई के अंतर्गत ग्राम रामघाट पर गंगा घाट से लाखों की संख्या में श्रद्धालु जल भरकर ले जाते हैं। आज जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने रामघाट गंगा घाट पर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं के द्वारा जल भरकर ले जाने हेतु की जाने वाली व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए विभागवार की जाने वाली व्यवस्थाओं की तैयारियों के बारे में जानकारी हासिल की। बताया गया कि रामघाट के गंगा घाट पर अलीगढ़, अतरौली, मथुरा सहित अन्य स्थलों से लाखों की संख्या में जल भरने हेतु कांवड़िए आते हैं। घाट पर आने जाने हेतु अलग अलग पुल है जिन पर दोनों तरफ को बेरिकेटिंग कर सुरक्षित कराए जाने के निर्देश दिए गए। रूट प्लान के बारे में जानकारी लेते हुए निर्देशित किया गया कि वाहनों के लिए चिह्नित पार्किंग में ही वाहनों को खड़ा कराया जाए। पार्किंग स्थल पर प्रकाश आदि व्यवस्था समय से कर ली जाए। रूट प्लान बनाक उसके अनुसार वाहनों को डायवर्ट कराए। डायवर्ट वाले स्थानों पर पुलिस सहायता केंद्र बनाकर लोगों की समस्या का निराकरण किया जाए। आने जाने वाले मार्गो पर संकेतक भी लगाए जाए। विद्युत विभाग को निर्देश दिए गए कि मेला में निर्बाध विद्युत आपूर्ति कराई जाए। बैकअप के लिए जनरेटर की व्यवस्था भी कराएं। मेले में विद्युत सुरक्षा के दृष्टिकोण से सड़क किनारे, घाट पर विद्युत पोल, ट्रांसफार्मर को कवर कराये जाने, अतिरिक्त टांसफार्मर की व्यवस्था, जर्जर तारो की मरम्मत करने के निर्देश विद्युत विभाग को दिये। गंगा घाट से गंगा का बहाव दूसरी ओर होने से श्रद्धालु सुरक्षित जल भर सके इसके लिए मजबूत बैरिकेटिंग कराई जाए। किसी भी श्रद्धालु को बैरिकेटिंग के दूसरी ओर नहीं जाने दे। नाव एवं गोताखोर की पर्याप्त संख्या में उपलब्धता कराएं। पब्लिक एड्रेस सिस्टम, खोया पाया केंद्र आदि व्यवस्था को भी सुनिश्चित कराया जाए। महिला श्रद्धालुओं के लिए घाट पर चेंजिंग हेतु पर्याप्त संख्या में चेंजिंग रूम चारों ओर एवं ऊपर से कवर कराकर बनाये जाए। मेले के दौरान साफ सफाई की विशेष व्यवस्था हेतु बीडीओ को निर्देशित किया गया कि सफाई कर्मियों की रोस्टर के अनुसार ड्यूटी लगाकर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पेयजल की व्यवस्था हेतु टैंकर की व्यवस्था, पर्याप्त संख्या में मोबाइल टॉयलेट की भी व्यवस्था कराई जाए। मेले के दौरान स्वास्थ्य सम्बंधित समस्याओं के निराकरण के लिए सीएमओ को निर्देश दिए गए कि स्वास्थ्य कैंप लगाकर स्वास्थ्य टीम की तैनाती, आवश्यक जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता के साथ एम्बुलेंस भी उपलब्ध रखे। कांवड़ मार्ग पर सड़को की मरम्मत करने के निर्देश पीडब्ल्यूडी विभाग को दिए। आने वाले श्रद्धालुओं को गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ मिले यह सुनिश्चित कराने के लिए खाद्य विभाग को निर्देश दिए गए कि टीम लगाकर भंडारे, खाने की दुकानों पर खाने की जांच कराए। मेला में व्यवस्था बनाए रखने के लिए वॉलेंटियर्स भी लगाए जाए। जिलाधिकारी महोदया ने सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी व्यवस्था उनके द्वारा की जानी है उन्हें समय से सुनिश्चित कराया जाए।

एसएसपी श्री दिनेश कुमार सिंह ने निर्देश दिए कि मेले को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की ड्यूटी लगाकर व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराया जाए। मेले में किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हो इसके लिए पूर्व से ही जो भी संभावित व्यवस्था कराई जानी आवश्यक है उन्हें करा लिया जाए। श्रद्धालुओं के आने वाले वाहनों को व्यवस्थित ढंग से पार्किंग में ही खड़ा कराया जाए। रूट पर भी पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाकर रूट व्यवस्था को सुचारू रखा जाए।

बैठक से पूर्व जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति एवं एसएसपी श्री दिनेश कुमार सिंह ने अतरौली की ओर से गंगा घाट तक आने वाले मार्ग का भी स्थलीय निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

बैठक में उप जिलाधिकारी डिबाई, सीओ डिबाई सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 11 को हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने की तैयारी जोरो पर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर ।** हिंदू समुदाय में एकजुटता ,छूआछूत मितानी वे पांच परिवर्तन के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से जनपद में अलग-अलग स्थान पर विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जा रहे हैं। जिसके क्रम में 11 फरवरी को शिकारपुर में मेरठ बदायूं रोड पर अनुपम फार्म हाउस के सामने विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए श्री गंगा मंदिर राजाबल्लम धाम में नरेश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई।

इसमें आसपास के गांव से अधिक से अधिक सनातनियों से संपर्क करने पर जोड़ दिया गया ताकि सम्मेलन में अधिक से अधिक लोग भागीदारी बन सके। सम्मेलन की सफलता के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत शनिवार को हिंदू समाज के लोगों ने नगर में घर-घर जाकर लोगों को सम्मेलन के बारे में जानकारी दी और हिंदू समाज के नागरिकों से सम्मेलन में भारी संख्या में भाग लेने का आवाहन किया।



गाजियाबाद : पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा कार्यसमिति जिला गाजियाबाद की बैठक में आगामी जिला पंचायत एवं विधानसभा चुनाव की तैयारी की समीक्षा।

# यूजीसी एक्ट के विरोध में अमरण अनशन पर बैठीं महाकाली डॉ.उदिता त्यागी,पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही पर भड़के डॉ. बी.पी. त्यागी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** हर्ष ईएनटी हॉस्पिटल, गाजियाबाद के चेयरमैन और देश के जाने-माने ईएनटी सर्जन डॉ. बी. पी. त्यागी ने यूजीसी एक्ट के विरोध में महाकाली डॉ. उदिता त्यागी द्वारा किए जा रहे अमरण अनशन को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

उन्होंने इसे हिंदुओं का डेथ वारंट बताते हुए कहा कि यह केवल एक कानून का विरोध नहीं, बल्कि देश की सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक संरचना पर सीधा प्रहार है।डॉ. बी. पी. त्यागी ने गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि महाकाली डॉ. उदिता त्यागी बीते कई समय से अमरण अनशन पर बैठी हैं, लेकिन उनके स्वास्थ्य को लेकर गाजियाबाद स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह लापरवाह नजर आ रहा है। अब तक उनके मेडिकल चेकअप के लिए स्वास्थ्य विभाग की कोई भी टीम



मौके पर नहीं पहुंची है, जो प्रशासनिक संवेदनहीनता का गंभीर उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति देश, समाज और संस्कृति के लिए अपने जीवन की परवाह किए बिना संघर्ष कर रहा हो, तब प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग का यह कर्तव्य बनता है कि उसकी स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करे, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठे हैं। यह न केवल प्रशासनिक लापरवाही है, बल्कि मानवाधिकारों के प्रति भी गंभीर उपेक्षा है।डॉ. बी. पी. त्यागी ने चेतावनी देते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि शीघ्र ही गाजियाबाद स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल टीम महाकाली डॉ. उदिता त्यागी के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए मौके पर नहीं पहुंची, तो यह मामला केवल चिकित्सा लापरवाही तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि एक बड़े जनआंदोलन का रूप ले लेगा। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन की जिम्मेदारी पूरी तरह प्रशासन और संबंधित विभागों की होगी। उन्होंने यह भी कहा कि देश के जागरूक नागरिक, समाजसेवी संगठन, धार्मिक संस्थाएं और सामाजिक कार्यकर्ता इस पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं और यदि सरकार तथा प्रशासन ने संवेदनशीलता नहीं दिखाई, तो यह विरोध आंदोलन व्यापक स्तर पर फैल सकता है।डॉ. बी. पी. त्यागी ने सरकार से मांग की कि यूजीसी एक्ट को लेकर उठ रही जनभावनाओं को गंभीरता से सुना जाए, संवाद का रास्ता अपनाया जाए और आंदोलनरत लोगों के स्वास्थ्य व सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विरोध का अधिकार मौलिक अधिकार है और जब विरोध शांतिपूर्ण तरीके से हो रहा हो, तो उसकी अनदेखी करना न केवल अलोकतांत्रिक है, बल्कि सामाजिक असंतोष को और अधिक बढ़ाने वाला कदम है।

यह मामला अब केवल एक अनशन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह प्रशासनिक संवेदनशीलता, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी की बड़ी परीक्षा बनता जा रहा है। अगर समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो इसके दूरगामी सामाजिक और राजनीतिक परिणाम सामने आ सकते हैं।

# सनातन संस्कार और एकता का संदेश देने को दयानंद बस्ती में हुआ हिंदू सम्मेलन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति की ओर से रविवार को लक्ष्मी देवी हरप्रसाद सरस्वती शिशु मंदिर, स्टेशन रोड





स्थित दयानंद बस्ती में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बाबा बच्चा बफार्नी महाराज एवं मुख्य वक्ता मीनाक्षी शेरावत द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

मुख्य अतिथि बाबा बच्चा बफार्नी महाराज ने कहा कि हिंदू समाज को जाति-पांति में बंटने के बजाय एकजुट रहना होगा। जातिगत विभाजन समाज को कमजोर करता है। उन्होंने परिवारों में बच्चों द्वारा मोबाइल पर आपत्तिजनक रील बनाने पर रोक लगाने और सनातन संस्कृति के अध्ययन पर विशेष जोर दिया। मुख्य वक्ता मीनाक्षी शेरावत ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में परिवर्तन की शुरूआत घर से होती है। शिवाजी महाराज जैसा व्यक्तित्व तभी बनेगा, जब हर मां जीजाबाई जैसे संस्कार अपने बच्चों में डालेगी। उन्होंने कहा कि बच्चों को गलत आदतों से दूर रखकर उनमें साहस, संस्कार और राष्ट्रप्रेम का भाव विकसित करना आवश्यक है। महिला सशक्तिकरण पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं की चूड़ियों को कमजोरी समझने की सोच गलत है, चूड़ियां महिलाओं की पहचान और शक्ति का प्रतीक हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मधुलिका सिंह ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि पंकज सर्राफ रहे। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दुर्गा टंडन ने किया।

कार्यक्रम में जिला कार्यवाह अशोक, जिला बौद्धिक प्रमुख विजय मार्तंड, उदय तिवारी, संजय, अजय, मुकेश गुप्ता, मनोज कठेरिया, शुभम अग्रवाल, मनमोहन, सुधीर होंडा एजेंसी, विक्रम सिंह एडवोकेट, नेपाल शर्मा, रामपत सिंह सहित मातृशक्ति से नगर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय, सुषमा यादव, नीतू चौधरी, ऋचा तिवारी, रंजना शर्मा आदि मौजूद रहीं। सम्मेलन में हजारों कार्यकताओं ने सहभागिता की।

जिला बौद्धिक प्रमुख विजय मार्तंड ने बताया कि संभल जिले में मंडल एवं बस्ती स्तर पर लगातार हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इन सम्मेलनों का उद्देश्य हिंदू समाज को एकजुट करना और सनातन संस्कृति से अवगत कराते हुए जागरूक एवं राष्ट्रप्रेमी समाज का निर्माण करना है। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 40 से अधिक हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा चुके हैं और यह क्रम लगातार जारी है।

# रविन्द्र त्यागी ने अमेरिका और भारत के बीच हुई तथाकथित ट्रेड डील को देश, किसान और आम जनता के साथ ऐतिहासिक विश्वासघात : रविन्द्र त्यागी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) के उत्तर प्रदेश प्रदेश प्रवक्ता रविन्द्र त्यागी ने अमेरिका और भारत के बीच हुई तथाकथित ट्रेड डील को देश, किसान और आम जनता के साथ ऐतिहासिक विश्वासघात बताते हुए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर जबरदस्त हमला बोला है।रविन्द्र त्यागी ने कहा कि अमेरिका की व्हाइट हाउस प्रेस सेक्रेटरी कैरोलीन लेविट द्वारा प्रेस को दिए गए बयान ने इस साजिश का पदार्फाश कर दिया है।

बयान के अनुसार भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा, बल्कि अमेरिका और वेनेजुएला से तेल आयात करेगा, जिससे सीधा और भारी फायदा अमेरिका को होगा। इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमेरिका में 500 बिलियन डॉलर का निवेश करने की बात भी सामने आई है। इस डील में कृषि, ऊर्जा और परिवहन जैसे संवेदनशील क्षेत्र शामिल किए गए हैं, जिससे भारत की आर्थिक संप्रभुता को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने कहा



कि यह शर्मनाक समझौता पूरी तरह एकतरफा है, जिसमें अमेरिका भारत पर 18 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा, जबकि भारत अमेरिका को जीरो टैरिफ की खुली छूट देगा। यह समझौता नहीं, बल्कि भारत को आर्थिक रूप से घुटनों पर लाने की साजिश है।रविन्द्र त्यागी ने तीखे शब्दों में कहा कि यह ट्रेड डील भारत के 140 करोड़ नागरिकों को अमेरिका का गुलाम बनाने की दिशा में एक खतरनाक कदम है। यह समझौता देश के किसानों और उनके परिवारों को भूख, कर्ज और बबार्दी की ओर धकेलने की सुनियोजित साजिश है।

उन्होंने कहा कि इस डील का असर सिर्फ किसानों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि देश का गरीब मजदूर, छोटा व्यापारी और मिडिल क्लास भी इसकी चपेट में आएगा। आत्मनिर्भर भारत का नारा देने वाली सरकार आज विदेशी कंपनियों के सामने भारतीय किसानों की कुबार्नी दे रही है। प्रदेश प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि किसानों और आम जनता के हितों की दुहाई देने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सामने पूरी तरह आत्मसमर्पण कर दिया है। अपनी ही नीतियों, वादों और घोषणाओं से पलटना देश की जनता के साथ खुली गद्दारी है, जिसे किसान और मजदूर कभी माफ नहीं करेंगे। रविन्द्र त्यागी ने चेतावनी देते हुए कहा कि इस जनविरोधी ट्रेड डील के दुष्परिणाम आने वाले समय में भारत के भविष्य के लिए विनाशकारी साबित होंगे। इससे कृषि व्यवस्था कमजोर होगी, रोजगार के अवसर खत्म होंगे और देश की खाद्य सुरक्षा पर गहरा संकट खड़ा हो जाएगा।

भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) केंद्र सरकार से मांग करती है कि इस किसान-विरोधी और देश-विरोधी ट्रेड डील को तुरंत रद्द किया जाए, अन्यथा किसान, मजदूर और आम जनता सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

# एचडी दिशा पब्लिक स्कूल वार्षिकोत्सव पर सामाजिक, सांस्कृतिक व देशभक्ती कार्यक्रम में होनहार बच्चों की धूम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (एन.जी.वर्मा)।** बिलासपुर नगर पंचायत क्षेत्र स्थित एच.डी. दिशा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर सचिन चेची की अध्यक्षता में स्कूल का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम नगर पंचायत चेयरमैन श्रीमती लता सिंह पति संजय भैया चेची के मुख्य आतिथ्य में हुआ वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर कर सामाजिक, सांस्कृतिक एवं देशभक्ति का संदेश दिया। इस मौके पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि स्कूल के चेयरमैन नगर पंचायत अध्यक्ष पति संजय भैया चेची ने शिक्षकों और छात्र छात्राओं के प्रयासों की सराहना की और उन्हें भविष्य के लिए प्रेरित किया । शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी पाना नहीं, बल्कि बौद्धिक विकास के माध्यम से परिवार और देश को आगे बढ़ाना











है। बच्चों से समय का सदुपयोग, नैतिक मूल्यों एवं संस्कारवान, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का आह्वान किया। उन्होंने स्कूल की गुणवत्तापूर्ण को शिक्षा का प्रतीक बताया। स्कूल के प्रबंधक सचिन चेची ने कहा कि जो बच्चे माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करते हैं, उनका जीवन सफल होता है। उन्होंने स्कूल की सफलता का श्रेय पित्र देव के आशीर्वाद को दिया।इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्या आभा कटियार, शैलेंद्र, अमित कुमार, सचिन, अनीस चौधरी, अरविंद, शिवानी, हरेंद्र, आकांक्षा सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों के अलावा अभिभावक भी उपस्थित रहे।

# कवि नगर रामलीला मैदान में दोपहर 2:00 बजे से विराट हिंदू सम्मेलन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** विराट हिंदू सम्मेलन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर (शताब्दी वर्ष)में हिंदुओं में नई ऊर्जा एवं चेतना प्रदान करने हेतु सभी हिंदू समाज द्वारा सनातन संस्कृति,सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता का विराट कार्यक्रम किया गया जिसमें संपूर्ण हिन्दू समाज के कई हजार की संख्या में लोग उपस्थिति रहे।यह कार्यक्रम हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल,सचिव डॉ अतुल जैन व उनकी टीम के सहयोग से सफल रहा।

इस अवसर पर श्रद्धेय स्वामी दीपांकर ने



कहा हिंदुओं को जातियाँ छोड़ करके एक रहना चाहिए जिस प्रकार मुस्लिम का बच्चा मुस्लिम, क्रिस्चियन का बच्चा क्रिस्चियन, उसी प्रकार हिंदू का बच्चा हिंदू होना चाहिए ना कि जाट वो गुजर त्यागी बनिया आदि आदि।ये विदेशियों का उद्देश रहा कि जिसे तलवार से नहीं काटा जा सकता उसे जातियों में बाँट दो लेकिन अब हिंदू एक है एक रहेगा और हिंदू होने पर हमें गर्व है हिंदुओं को संगठित करने का काम प्रत्येक हिन्दू का है अगर बँटोगे तो काटोगे इसलिए जातिवाद को भूलकर के सिर्फ. हिंदू बनें। इस अवसर पर श्रद्धेय पवन सिन्हा ने कहा कि भारत अगर विश्वगुरु बनता है तो पूरे विश्व में शांति हो जाएगी हमारे अंदर वीरता की कमी नहीं है बल्कि योजना की कमी है आज हिन्दू संगठित हो रहा है जिसमें स्वामी विवेकानंद स्वामी दीपॉकर जी आदि ने जातियों को व समाज को जोड़ने का काम किया है। श्रद्धेय जीवन ऋषि जी महाराज ने कहा जीवन का सबसे बड़ा संकट भीतरी उदासीनता है शरीर में खून के साथ साथ संस्कार बहना चाहिए धर्म मंदिरों में नहीं अपने समाज में दिखना चाहिए।

# विहंग गाँव का 12वां जन्मोत्सव, कोरोना में गाँव के एक भी व्यक्ति को बुखार नहीं हुआ और एक भी अपराधिक मुकदमा गांव में नहीं है

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** शिव मंदिर का प्रागण , ग्राम विहंग, मुरादनगर, गाजियाबाद आज यहाँ विहंग गाँव का 12 वां जन्मोत्सव धूम धाम, हर्ष उल्लास और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच मनाया गया। उत्तर प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राज भर ने शुभकामना सन्देश भेजा मुरादनगर के विधायक अजित पाल त्यागी ने गढ़ी कंजरी रोड का शिलान्यास किया 'कार्यक्रम के मुख्य संयोजक राष्ट्रीय सैनिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष और





मूलत : विहंग ग्राम निवासी वीर चक्र प्राप्त कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी ने कहा की 2014 के चुनाव के लिए प्रचार करते समय प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी ने सुझाव दिया था की प्रत्येक गाँव अपना जन्मदिन मनाए , सारे लोग एक साथ बैठकर खाना खाए , गाँव से बाहर रहने वालों को भी आमंत्रित किया जाए तो आधे से ज्यादा गिले शिकवे और भेद भाव खत्म हो जाएंगे ` हमने इस सुझाव को वेद वाक्य मानकर तब से ही अपने गाँव विहंग का फरवरी के दूसरे रविवार को जन्मदिन मनाना प्रारंभ कर दिया ' यही कारण है की आज विहंग गाँव में एक भी अपराधिक मुकदमा नहीं है और कोरोना के समय एक भी व्यक्ति को बुखार तक नहीं हुआ 'जिला पंचायत सदस्य विकास यादव , जिला अध्यक्ष हिन्दू वाहिनी श्री आयुष त्यागी , मोदीनगर के नायब तहसीदार श्री प्रशांत कुमार सक्सेना , कानून गो ने हिंडन के किनारे बसे हुए ग्राम विहंग के जन्मदिन मनाने की प्रक्रिया की जमकर तारीफ की ' उन्होंने कहा की जब दो लोग मिलकर एक काम करते है तो समन्वय पैदा होता है जब पूरा गाँव मिलकर एक काम करेगा तो समन्वय की पराकाष्ठा होगी` यदि प्रत्येक गाँव अपना जन्मोत्सव मनाए और उस दिन गाँव से बाहर रहने वाले ग्राम वासियों को भी बुलाया जाए तो आश्चर्य जनक समन्वय पैदा होगा लिए बच्चो और युवाओं के लिए पेंटिंग और खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं और विजेताओ को पुरुसकृत किया गया 'स्वास्थ कैंप,आयुष्मान योजना कैंप , व्रद्धावस्था कैंप, विकलांग सुविधा कैम्प आदि लगाए गए। सब गांववासियों के लिए भंडारा आयोजित किया गया ।इस अवसर पर 95 बच्चों और युवाओं को पेंटिंग और खेल कूद में पुरस्कार दिये गये । जय करण , नरेश बंसल, सतीश त्यागी , सुभाष त्यागी, दुष्यंत त्यागी ने सारी व्यवस्था बनाई 'इस अवसर लेफ्टिनेंट वेद प्रकाश शर्मा और धीरेन्द्र त्रिपाठी ने पुरस्कार वितरण और कार्य संचालन में साथ दिया । शिव कुमार शर्मा, अजय तोमर, गिरिराज सिंह, विष्णु दत्त शर्मा , दलीप शर्मा , पौ संदीप, चौ अशोक खूंटेल, गजानन माली की गरिमा मई उपस्थित से सभी रोमांचित थे ।

अभियान

## बड़ा होने से पहले करें छोटे गड्ढों का भराव : नगर आयुक्त


# सड़कों के गड्ढों को भरने के लिए निगम चला रहा है अभियान, जीएसबी और रेडी मिक्स मटेरियल का किया जा रहा है इस्तेमाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** नगर निगम निर्माण विभाग द्वारा मुख्य सड़कों पर गड्ढा मुक्ति का अभियान चलाया जा रहा है निगम की सड़कों पर निरीक्षण करते हुए चुन चुन कर छोटे से छोटे गड्ढों को भी भरने का कार्य किया जा रहा है नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा निगम की सड़कों को पूर्ण रूप से गड्ढा मुक्त बनाए रखने के लिए मुख्य अभियंता निर्माण तथा टीम को निर्देश दिए हैं, इंदिरापुरम सहित, मोहन नगर, वसुंधरा, विजयनगर, कवि नगर तथा सिटी जोन में भी निर्माण विभाग टीम द्वारा गड्ढा मुक्ति का अभियान चलाया जा रहा है'

नगर आयुक्त द्वारा निर्माण की टीम को छोटे गड्ढों का भी बड़ा होने से पहले भराव करने के लिए कहा गया है छोटे गड्ढे समय पर विशेष ध्यान देते





हुए भरे जाएं ताकि छोटे गड्ढे बड़े होने पर किसी प्रकार की असुविधा का कारण ना बने विशेष ध्यान देते हुए कार्यवाही करने के लिए कहा गया है, ग्रैप के चलते प्लांट बंद होने की दशा में भी शहर को समस्या से निजात दिलाने के क्रम में निगम की प्रमुख सड़कों का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा छोटे व बड़े गड्ढों को भरा जा रहा है जिसमें प्रथम चरण में ग्रेन्यूलर सब बेस से गड्ढे को भरा जा रहा है उसके बाद तारकोल मैक्स मटेरियल का इस्तेमाल करते हुए समतल कराया जा रहा है '

मुख्य अभियंता निर्माण द्वारा बताया गया कि प्लांट के बंद रहने पर रेडी मिक्स बाग जिसमें तारकोल का मटेरियल रहता है इस्तेमाल करते हुए निगम की प्रमुख सड़कों को पूर्ण रूप से गड्ढा मुक्त किया जा रहा है पिछले एक सप्ताह से अभियान जारी है बड़े गड्ढे के साथ-साथ छोटे गड्ढों का भी भराव किया जा रहा है ।

# चार दिवसीय पांचवीं इंटरनेशनल ओपन वाको किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप का भव्य समापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर में आयोजित चार दिवसीय पांचवीं इंटरनेशनल ओपन वाको किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप-2026 का शनिवार को शानदार समापन हो गया। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 22 स्वर्ण, 32 रजत और 44 कांस्य पदक जीतकर पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया और विश्व चैंपियन बना।भारत की मेजबानी में 4 फरवरी से 8 फरवरी तक चली इस चैंपियनशिप में दुनिया के 25 से अधिक देशों के तीन हजार से ज्यादा खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्ग और श्रेणियों में जोरदार मुकाबले किए। समापन समारोह में कई देशों के फेडरेशन अध्यक्ष, उपाध्यक्ष,खेल मंत्री और राजनयिक उपस्थित रहे। भारतीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को यादगार बना दिया।नई दिल्ली के के.डी. जाधव इंडोर स्टेडियम में आयोजित क्लोजिंग सेरेमनी का शुभारंभ भारतीय किकबॉक्सिंग फेडरेशन के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, नेशनल एडवाइजर डॉ. दिनेश रघुवंशी, नेशनल वाइस प्रेसिडेंट डॉ. राजीव त्यागी, वरिष्ठ आईएएस सोनल गोयल, एआईसीसी की राष्ट्रीय प्रवक्ता डोली शर्मा और वर्ल्ड स्पोर्ट्स टेक्निकल कमेटी के चेयरमैन रोमियो डेजा ने दीप प्रज्वलित कर किया।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में गोवली की टीम ने शानदार प्रदर्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अतरौली क्षेत्र के नरोना गांव स्थित



12 नंबर मैदान पर रविवार को एक भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबले में गोवली की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भवनगढ़ी की टीम को पराजित कर टूर्नामेंट अपने नाम किया। टूर्नामेंट का शुभारंभ प्रतिष्ठा आईएएस एकेडमी के निदेशक एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. डी.आर. यादव ने किया। उन्होंने स्वयं बल्ले से गेंद मारकर मैच की शुरूआत कर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

इस अवसर पर खिलाड़ियों और दर्शकों ने तालियों के साथ उनका स्वागत किया। दर्शकों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे खेल आयोजनों का सिलसिला जारी रखा जाएगा, ताकि ग्रामीण स्तर पर छिपी प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिल सके।

# तीन तलाक के समर्थन पर रोकी नियुक्ति

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में वैचारिक मतभेद और प्रशासनिक मनमानी का मामला सामने आया है।

विश्वविद्यालय की चयनित अभ्यर्थी डॉ. सदाफ फातिमा ने आरोप लगाया है कि कट्टरपंथी सोच के खिलाफ आवाज उठाने और महिला सशक्तिकरण का समर्थन करने के कारण उनका करियर बर्बाद किया जा रहा है। अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिकायत के बाद पुलिस ने एएमयू प्रशासन के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। डॉ. सदाफ फातिमा का कहना है कि 2010 से 2013 के बीच उनका स्थायी और अस्थायी पदों पर चयन किया गया था। एएमयू कुलपति की मंजूरी के बाद भी उनकी जॉइनिंग रोक दी। डॉ. सदाफ का आरोप है कि उनसे कहा गया कि वे तीन तलाक कानून का समर्थन करती हैं। उनपर एक पार्टी से जुड़ी मानसिकता का आरोप लगाते हुए कैंपस से बायकॉट करने के लिए बोला गया। पीड़िता का आरोप है कि उन्होंने तीन तलाक प्रतिबंध अधिनियम का सार्वजनिक रूप से समर्थन किया था। इसके अलावा पीड़ित महिलाओं के लिए तीन तलाक रिवोल्यूशन सोसाइटी बनाई थी। आरोप है कि इसी राष्ट्रवादी सोच से नाराज होकर अधिकारियों ने उनके दस्तावेजों में हेराफेरी की और उनका मानसिक व आर्थिक उत्पीड़न शुरू कर दिया।



पीड़िता ने बताया कि उत्पीड़न के खिलाफ उन्होंने प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर शिकायत की थी। इसके बाद पीएमओ और अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने पत्र भेजकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया था। आरोप है कि पत्र आने के बाद बौखलाए अधिकारियों ने रिकॉर्ड बदलकर एक विरोधाभासी रिपोर्ट तैयार की। इससे उनको मानसिक आघात लगा और जेएनएमसी अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। इस संबंध में एसएसपी नीरज कुमार जादौन ने बताया कि सीएम पोर्टल से आईजीआरएस के माध्यम से जांच और कार्रवाई करने के लिए आया था। इस संबंध में एएमयू से जवाब मांगा गया है। एएमयू प्रॉक्टर को पत्र भेजकर टीम गठित कर जवाब देने के लिए कहा गया है। इस संबंध में एएमयू प्रॉक्टर प्रोफेसर नवेद खान का कहना है कि पुलिस के माध्यम से पत्र प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है। अतरौली के नरोना में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजनरूगोवली की टीम ने भवनगढ़ी को हराया अश्विनी कुमार द्य अतरौली, अलीगढ़ 21 मिनट पहले।

# जलभराव से जनता त्रस्त वार्ड नंबर 11 में हालात बदतर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** नगर निगम के वार्ड नंबर 11






में जलभराव की गंभीर समस्या से ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार नगर निगम में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद न तो कोई ठेकेदार मौके पर पहुंचा और न ही कर्मचारियों ने सुध ली। स्थानीय निवासी शकुंतला देवी ने बताया कि नगर निगम के अधूरे निर्माण कार्य और गड्ढों के कारण भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि कल उनका बच्चा गड्ढे में गिर गया, जिससे बड़ा हादसा होते-होते बचा। लोगों का आरोप है कि स्मार्ट सिटी के नाम पर केवल जनता को परेशान किया जा रहा है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा कराने और जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर क्या कार्रवाई करता है या लोग इसी तरह नारकीय हालात में जीने को मजबूर रहेंगे।

# पंछी भी जब उड़ेगा तो इजाजत लेकर उड़ेगाः सांसद सतीश गौतम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** सांसद सतीश गौतम एक बार फिर अपने विवादित बयान से सुर्खियों में हैं। इस बार उनके निशाने पर सिंचाई विभाग के अधिकारी रहे। मामला अलीगढ़ के कोल रजवाहा को अवैध कब्जों से मुक्त कराने का था।

जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की मौजूदगी में हुई एक चर्चा के दौरान सांसद का पारा इस कदर चढ़ा कि उन्होंने अधिशासी अभियंता को कार्यकताओं के बीच अपनी ताकत का अहसास करा दिया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में सांसद सतीश गौतम सिंचाई विभाग के एक्सईएन राजेंद्र कुमार नाराज होते दिख रहे हैं। उन्होंने सख्त लहजे में कहा, ह्यकोई प्रॉब्लम आ रही है, एक्सईएन के मना करने पर बोलेद्द तो



कोई बात नहीं, तुम अपना काम करो। पंछी भी जब उड़ेगा तो इजाजत लेकर उड़ेगा। अलीगढ़ का सांसद हूं मैं और तुम्हें डर लग रहा है यार। तुम सांसद के होने के बाद भी डर रहे हो। एक मुल्ला नहीं बोलेगा, यह मेरी गारंटी है।

शनिवार को प्रदेश सरकार में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सर्किट हाउस में केंद्र सरकार के बजट को लेकर बैठक की थी। इसमें जनप्रतिनिधियों के साथ ही सांसद सतीश गौतम भी आए हुए थे। बजट पर वार्ता के दौरान ही मौजूद लोगों ने कोल रजवाहा को पूरी तरह बंद कर कब्जा होने और उसपर धार्मिक स्थल बनाने का मुद्दा उठा दिया। भाजपा नेताओं का कहना था कि एक साल पहले मंत्री के आदेश के बाद भी सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने रजवाहे को कब्जा मुक्त नहीं कराया। इस पर मंत्री ने कहा कि किसी का भी कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने मौजूद सिंचाई विभाग के अधिकारियों को कब्जा मुक्त कराने के लिए निर्देशित कर दिया।

# अलीगढ़ स्मार्ट सिटी के मॉडल को नगर निगम की अर्बन कंपनी लगा रही पलीता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ स्मार्ट सिटी मॉडल को उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी जी की योजना को अलीगढ़ नगर निगम की अर्बन कंपनी द्वारा पलीता लगाया जा रहा। कांग्रेस नेता अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश महासचिव एवं जिला उपाध्यक्ष सागर सिंह तोमर क्षेत्र में डोर टू डोर जो अर्बन कंपनी द्वारा कूड़ा उठाया जा रहा है उसे क्वारसी चौराहे से जो जिवनगढ़ को रास्ता जा रहा



है वही कमिश्नरी आवास है उसके जस्ट ठीक सामने जवाहर कॉलोनी के लिए निकलते हैं इस रास्ते पर प्लॉट खाली पड़ा नगर निगम कर्मचारी द्वारा कूड़ा डाला जा रहा है, जिसकी शिकायत जवाहर कॉलोनी निवासी विवेक सिंह ने 18 जनवरी 2026 को अलीगढ़ डीएम साहब अलीगढ़ नगर आयुक्त मानव अधिकार आयोग शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके बावजूद अधिकारियों की अनदेखी में भी कुछ परिणाम नहीं दिखा तब कॉलोनी निवासियों ने आज कूड़ा डालना के लिए मना किया गयाअर्बन कंपनी के गाड़ी चालकों ने क्षेत्र वासियों से अभिनेता की सभी कॉलोनी वासियों ने जमकर हंगामा किया। शिकायतकर्ता विवेक सिंह कॉंग्रेस जिला महामंत्री कैलाश गौतम, आकाश चौहान, लेखराज सिंह, आशीष कुमार, सुनील चौहान, विक्की कनौजिया आई एम मनोज, रवि, राहुल, नरेश, विकास, कौशल आदि लोग उपस्थित रहे।

# घूसखोर पंडत फिल्म के विरोध ब्राह्मण महासभा खोला मोर्चा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई फिल्म घूसखोर पंडत का विरोध बढ़ रहा है। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा और करणी सेना ने फिल्म के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। रामलीला मैदान स्थित जिला कार्यालय पर राकेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित ब्राह्मण महासभा की बैठक में वक्ताओं ने कहा कि मनोरंजन के नाम पर ब्राह्मण समाज को निशाना बनाना साजिश है। जिलाध्यक्ष ने इसे अक्षम्य अपराध बताते हुए कहा कि ऐसे कुचक्रों से देश में जाति और वर्गवाद की आग भड़काने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने सवर्ण समाज के मान-सम्मान के लिए आवाज उठाने पर पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के जज्बे की सराहना की। महामंत्री नारायण सारस्वत ने घोषणा की कि संगठन फिल्म के निमार्ता और कलाकारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराएगा।

इधर, करणी सेना के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर ज्ञानेंद्र सिंह चौहान ने फिल्म के निर्देशक और मुख्य कलाकार मनोज वाजपेयी को चेतावनी देते हुए कहा कि ब्राह्मणों के सम्मान के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि फिल्म का प्रदर्शन नहीं रोका गया, तो करणी सेना फिल्म से जुड़े लोगों को सबक सिखाएगी। दोनों संगठनों ने फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक की किडनैपिंग की घटना में पुलिस ने बाप-बेटे को किया गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** खैर कातवाली क्षेत्र के गांव अरनी में युवक की किडनैपिंग करने के बाद हत्या की घटना को पुलिस ने नाकाम बना दिया। प्रेम प्रसंग की रंजिश के मामले में दबंगों ने एक युवक को किडनैप किया। किडनैप करने के बाद आरोपी युवक सचिन कुमार को दिनभर तमंचे की नौंक पर लेकर घूमते रहे और उसके साथ मारपीट करते रहे। घटना की सूचना सचिन के भाई के द्वारा पुलिस को भाई के किडनैपिंग की जानकारी दी गई। पुलिस ने मशक्कत के बाद सचिन को छुडाकर आरोपी बाप बेटे को हिरासत मेंले लिया। पुलिस के अनुसार सचिन आरोपियों की लडकी से प्रेम संबंध थे। पीडित लडकी को लेकर चला गया था।

### जिला जज ने अधिकाधिक पात्रों का चिन्हांकन कर मेगा शिविर में लाभ देने के दिए निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पंकज कुमार अग्रवाल द्वारा शनिवार को 22 फरवरी को कृष्णांजलि में आयोजित होने वाले मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर की तैयारियों





को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ विश्राम कक्ष में समन्वय बैठक आहुत की गई जिला जज पंकज कुमार अग्रवाल ने कहा कि मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विधिक सेवाओं, शासकीय योजनाओं जनकल्याणकारी सुविधाओं का वास्तविक लाभ पहुॅचाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार किए जाने के साथ ही अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों शिविर के माध्यम से लाभ पहुॅचाना सुनिश्चित करें बैठक में शिविर की रूप रेखा, विभागीय दायित्वों, प्रचार-प्रसार की रणनीति, पात्र लाभार्थियों के चिन्हीकरण से लेकर विचार-विमर्श किया गया। सभी अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि दिए गये निदेर्शों के अनुसार मेगा शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन कराया जाएगा बैठक में अपर जिला प्रथम श्रीमती प्रतिभा सक्सेना, एडीजे तोष कुमार एवं रवीश अत्री सहित प्रभारी सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण अंकित राज सिंह, सीएमओ, पीडी, एडीएम न्यायिक, उप निदेशक कृषि, डीआईओएस, बीएसए, सहायक निदेशक मत्स्य, डीएमओ, डीएसडब्लूओ, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, डीपीआरओ, एलडीएम, नेडा, सहायक आयुक्त उद्योग समेत अन्य विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सड़क पर गड्ढे व निकली सरिया पर प्रशासन सख़्त,जन-सुरक्षा से समझौता नहीं

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** शहर में सड़क निर्माण, पाइपलाइन, गैस लाइन, सीवर और अन्य विकास कार्यों के दौरान सड़क पर खुले गड्ढे, बाहर निकली सरिया और अधूरे निर्माण कार्यों से आमजन की जान को खतरा उत्पन्न हो रहा है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी संजीव रंजन ने सख़्त रुख अपनाते हुए कार्यदायी संस्थाओं और संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क पर खुले गड्ढे या निर्माण के बाद बाहर निकली सरिया किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। यह सीधी लापरवाही है और जन-सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। ऐसी त्रुटियों के कारण राहगीरों, दोपहिया व चारपहिया वाहन चालकों के साथ-साथ बच्चों और बुजुर्गों को भी गंभीर खतरा बना रहता है।

उन्होंने निर्देश दिए कि शहर में किसी भी कार्यदायी संस्था द्वारा सड़क खोदने से पूर्व आवश्यक अनुमति लेना अनिवार्य होगा। कार्य के दौरान स्थल पर बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेतक, रिफ्लेक्टर, फ्लैशर लाइट और रात में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कार्य पूर्ण होते ही गड्ढों को भरवाकर सड़क को सुरक्षित एवं सुचारु आवागमन योग्य बनाना कार्यदायी संस्था की जिम्मेदारी होगी।

जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि सड़क निर्माण के दौरान यदि कहीं सरिया, रॉड या अन्य नुकीली सामग्री बाहर निकली पाई जाती है, तो उसे गंभीर लापरवाही माना जाएगा।

# डीएम ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से आख्या तलब की

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** जिला मलखान सिंह चिकित्सालय में मरीजों के भोजन एवं स्ट्रेचर व्यवस्था को लेकर समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों का मुख्यमंत्री मीडिया सेल द्वारा संज्ञान लिए जाने के बाद जिलाधिकारी संजीव रंजन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से आख्या तलब की थी।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जगवीर सिंह द्वारा प्रस्तुत आख्या में स्पष्ट किया गया है कि जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार पूर्ण गुणवत्ता एवं स्वच्छता के साथ भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। मरीजों को सुबह नाश्ता, दोपहर एवं शाम को तय मेन्यू के अनुरूप रोटी, दाल, सब्जी एवं अन्य पौष्टिक खाद्य सामग्री दी जाती है। अस्पताल में भोजन की गुणवत्ता को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जा रही है। खाद्य सामग्री की नियमित निगरानी के साथ-साथ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जांच की जाती रही है। हाल ही में भी विभाग द्वारा जिला मलखान सिंह चिकित्सालय से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए हैं, जिससे भोजन की गुणवत्ता को लेकर पारदर्शिता बनी हुई है।

**जिलाधिकारी संजीव रंजन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्पष्ट किया है कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। भोजन, स्वच्छता एवं उपचार संबंधी व्यवस्थाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिल**

जिलाधिकारी संजीव रंजन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्पष्ट किया है कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। भोजन, स्वच्छता एवं उपचार संबंधी व्यवस्थाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिल।

## व्यवस्था दुरुस्त खबर के बाद हरकत में प्रशासनः डीएम के निर्देश पर जिला अस्पताल में भोजन व स्ट्रेचर व्यवस्था दुरुस्त

# जिला चिकित्सालय में निर्धारित मेन्यू,पूर्ण गुणवत्ता एवं स्वच्छता के साथ उपलब्ध कराया जा रहा भोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** जिला मलखान सिंह चिकित्सालय में मरीजों के भोजन एवं स्ट्रेचर व्यवस्था को लेकर समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों का

- **डीएम के निर्देश पर स्ट्रेचर व्यवस्था में तत्काल सुधार, इमरजेंसी सेवाएं सुचारु**
- **खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर की जा रही जांच**

मुख्यमंत्री मीडिया सेल द्वारा संज्ञान लिए जाने के बाद जिलाधिकारी संजीव रंजन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से आख्या तलब की थी।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जगवीर सिंह द्वारा प्रस्तुत आख्या में स्पष्ट किया गया है कि जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार पूर्ण गुणवत्ता एवं स्वच्छता के साथ भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। मरीजों को सुबह नाश्ता, दोपहर एवं शाम को तय मेन्यू के अनुरूप रोटी, दाल, सब्जी एवं अन्य पौष्टिक खाद्य सामग्री दी जाती है। अस्पताल में भोजन की गुणवत्ता को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जा रही है। खाद्य सामग्री की नियमित निगरानी के साथ-साथ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जांच की जाती रही है। हाल ही में भी विभाग द्वारा जिला मलखान सिंह चिकित्सालय से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए हैं, जिससे भोजन की गुणवत्ता को लेकर पारदर्शिता बनी हुई है।

स्ट्रेचर को लेकर प्रकाशित खबर के संबंध में आख्या में उल्लेख किया गया है कि जिला अस्पताल के इमरजेंसी विभाग में वर्तमान में 5 स्ट्रेचर एवं 3 व्हीलचेयर उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग मरीजों द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है। इमरजेंसी में एक समय में अधिक मरीज आने की स्थिति में कुछ मरीजों को वार्ड अथवा एक्स-रे कक्ष में भेजे जाने के कारण अस्थायी रूप से प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है। इसी प्रकार की एक स्थिति में मरीज को थोड़ी देर प्रतीक्षा करनी पड़ी, जिसे लेकर भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा बताया गया कि स्थिति स्पष्ट होते ही तत्काल अतिरिक्त स्ट्रेचर की व्यवस्था इमरजेंसी विभाग में करा दी गई, जिससे भविष्य में ऐसी समस्या न आए।

जिलाधिकारी संजीव रंजन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्पष्ट किया है कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। भोजन, स्वच्छता एवं उपचार संबंधी व्यवस्थाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। प्रशासन का कहना है कि अस्पताल में व्यवस्थाओं को लेकर निरंतर निरीक्षण एवं सुधार की प्रक्रिया जारी है और मरीजों की सुविधाओं से जुड़ी किसी भी शिकायत का तत्काल समाधान किया जाएगा।

### साइबर सेल द्वारा छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध व सोशल मीडिया सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ ।** साइबर सेल में डीएस कॉलेज, अलीगढ़ के छात्र-छात्राओं का भ्रमण एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस दौरान साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक पंकज मिश्रा द्वारा छात्र-छात्राओं को फाइनेंशियल फ्रॉड के विभिन्न तरीकों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग, टू-स्टेप वेरिफिकेशन की उपयोगिता तथा साइबर अपराध की स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 1930 के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया

# एसडीएम की अध्यक्षता में लगा धौलाना तहसील समाधान दिवस, तहसीलदार प्रवेश कुमार की सार्थक पहल पांच शिकायतों का निस्तारण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना** । तहसील में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान का आयोजन एसडीएम मनोज सिंह की अध्यक्षता में किया गया ।



तहसील दिवस में कुल 38 शिकायत दर्ज की गई । जिनमें धौलाना तहसीलदार प्रवेश कुमार के सार्थक प्रयास से पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया । दिवस के दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। समाधान इस अवसर पर तहसीलदार प्रवेश कुमार, नायब तहसीलदार अमरपाल सिंह , दिव्यांशी सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे । वही अधिकारियों ने एक-एक कर फरियादियों की शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

# धौलाना औद्योगिक क्षेत्र में नहीं रुक रहा कूड़े की गाड़ियों का अवैध खनन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना।** थाना धौलाना क्षेत्र अंतर्गत यूपीएसआईडीसी चौकी पुलिस ने अवैध तरीके से दिल्ली बार्डर से गीला बदबूदार कचरा लाकर औद्योगिक क्षेत्र के प्लाटो में भराव कर रहे तीन डंपरों को पकड़ा है । पुलिस के डंपर पकड़ते ही खनन माफिया इन्हें छुटाने में सक्रिय हो गए हैं । इन कूड़े

- धौलाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई कूड़े से भरे तीन डंपर पकड़े
- दिल्ली के कूड़े से धौलाना के औद्योगिक क्षेत्र में करते है भराव, रातों में मोटी रकम का हेर फेर

के डंपरों के भराव ने सड़क से लेकर पूरे औद्योगिक क्षेत्र का जीवन नरकीय कर दिया है । लेकिन स्थानीय प्रशासन की सुस्ती समझ से परे है ।
धौलाना थाना क्षेत्र की यूपीएसआईडीसी चौकी पुलिस ने चैकिंग के दौरान बीती रात अवैध तरीके से दिल्ली बोर्डर से बदबूदार कचरा लाकर औद्योगिक क्षेत्र में प्लाटो का भराव कर रहे तीन डंपरों को





पकड़ा है । इन डंपरों में बदबू दार गीला कचरा भरा था । हापुड जनपद के खनन अधिकारी प्रशान्त सिंह से ने इस बताया कि समय समय पर रात में अभियान चलाकर इन वाहनों चैकिंग की जाती है । जहां भी अवैध भराव में लिप्त गाड़ी मिलती है । उन्हें तत्काल प्रभाव से सीज करा दिया जाता है । आगे भी किसी सूरत में इन अवैध गाड़ियों को चलने नहीं दिया जाएगा । खिचरा निवासी सलीम अहमद ने बताया कि जब ये गाड़िया रात में चलती है तो इनसे भयंकर बदबू आती है । जिससे बीमारी फैलने का खतरा बढ़ जाता है । बावजूद इसके स्थानीय खनन माफिया इन गाड़ियों से कचरा का भराव कराकर सर्द रातों में मोटी रकम कमाते हैं । बता दे की कुछ दिन पूर्व गाजियाबाद में कूड़े से भरे ये अवैध डंपर भराव कर रहे थे लेकिन मेयर सुनीता दयाल ने रात में ही गाड़ियों को पकड़वाकर अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी थी । कि ये बदबू दार गीला कचरा गाजियाबाद में कही भी नहीं डाला जायेगा ।
पूर्व में धौलाना उपजिलाधिकारी मनोज सिंह ने तीन डंपरों को सीज किया था ।उसके बाद भी दिल्ली के कूड़े से भरे डंपरों का चलना अपने आप में बहुत बड़ी बात है । इससे तो यही सिद्ध होता है कि इन्हें स्थानीय सरपरस्ती हासिल है । जो औद्योगिक क्षेत्र का जीवन नरकीय करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे । फिलहाल खनन माफियाओं की पूरी लाबी इन डंपरों को छुड़ाने में सक्रिय हो चुकी है । मोलभाव जारी है । लेकिन प्रशासन इन डंपरों को छोड़ने के मूड में नजर नहीं आता ।

# विशेष पुनरीक्षण अभियान में मतदाताओं की समस्याओं पर हुई सुनवाई, आधार कार्ड,मतदाता पहचान पत्र,जन्म प्रमाण पत्र सहित अन्य प्रमाणों की जांच की गई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिमुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत शनिवार को पिलखुवा नगर में सुनवाई शिविर लगाए गए। यह प्रक्रिया प्रेमवती मारवाड़ कन्या विद्यालय और मारवाड़ इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित की गई, जहां बड़ी संख्या में नोटिस प्राप्त मतदाता अपनी आपत्तियां लेकर पहुंचे। निर्वाचन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में मतदाताओं द्वारा नाम की गलत वर्तनी, आयु में अंतर, पते में त्रुटि और पारिवारिक विवरण से संबंधित शिकायतें दर्ज कराई गईं। मतदाताओं द्वारा प्रस्तुत आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, जन्म प्रमाण पत्र सहित अन्य प्रमाणों की जांच की गई। बूथ लेवल अधिकारियों ने कई मामलों में दस्तावेजों के आधार पर तत्काल संशोधन करते हुए मतदाताओं को राहत दी। कुछ प्रकरणों में अतिरिक्त जांच की आवश्यकता होने पर उन्हें सत्यापन उपरांत संशोधन की प्रक्रिया में शामिल किया गया।





निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि मतदाता सूची की शुद्धता लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ की जा रही है और किसी भी पात्र नागरिक का नाम सूची से वंचित नहीं किया जाएगा। शिविर के दौरान निर्वाचन से जुड़े अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# साइबर ठगी के शिकार पीड़ित को पुलिस ने लौटाए 40 हजार रुपये, धौलाना साइबर टीम की सराहनीय कार्रवाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना।** जनपद में साइबर अपराध की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना धौलाना की साइबर क्राइम टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है।
साइबर ठगी का शिकार हुए एक पीड़ित के 40,000 रुपये अथक प्रयासों के बाद उनके बैंक खाते में वापस कराए गए हैं।धौलाना के अतिरिक्त थाना प्रभारी दिलशाद चौधरी ने बताया कि वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और आम जनमानस को राहत दिलाने के उद्देश्य से साइबर सेल द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 07 फरवरी 2026 को उदयरामपुर नंगला निवासी जितेंद्र पुत्र धर्मसिंह, थाना धौलाना, जनपद हापुड़ से संबंधित साइबर ठगी के मामले में कार्रवाई की गई।




पीड़ित से कुल 54,000 रुपये की धोखाधड़ी की गई थी, जिसमें से पुलिस टीम ने त्वरित एवं सतर्क कार्रवाई करते हुए 40,000 रुपये वापस कराए।धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित ने हापुड़ पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए साइबर टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस कार्रवाई में पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक दिलशाद चौधरी, उपनिरीक्षक कुंवर बहादुर सिंह एवं कांस्टेबल दिव्य बालियान शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने आम नागरिकों से अपील की है कि साइबर ठगी की किसी भी घटना की तुरंत सूचना पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# शादी का झांसा देकर विवाहिता से दुष्कर्म का आरोप, वीडियो वायरल करने की धमकी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के ग्राम नवाबगड़ी की एक विवाहिता महिला ने गांव के ही युवक पर शादी का झांसा देकर लंबे समय तक शारीरिक शोषण करने, दुष्कर्म करने और वीडियो वायरल करने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता के अनुसार उसका पति मजदूरी के सिलसिले में बाहर रहता था, जबकि वह गांव में किराए के मकान में अकेली रहती थी। उसके पति के साथ गांव का ही एक युवक भी मजदूरी करने जाता था। आरोप है कि पति की गैरमौजूदगी का फायदा उठाकर युवक ने महिला से नजदीकियां बढ़ाई और शादी का झांसा देकर उससे शारीरिक संबंध बनाए।महिला का आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने उसके साथ संबंध बनाते हुए फोटो व वीडियो भी बना लिए। जब उसने कई महीनों बाद शादी की बात कही तो आरोपी टालमटोल करने लगा। आरोप है कि 5 फरवरी 2026 को आरोपी जबरन महिला के कमरे में घुस आया, शादी से साफ इनकार करते हुए उसके साथ मारपीट की और दुष्कर्म किया। साथ ही फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि मामले की जानकारी गांव वालों को होने पर उसके पति तक बात पहुंची, जिसके बाद पति ने उसे तलाक दे दिया।

# पिलखुवा कोतवाली में शांति समिति की बैठक, सौहार्द बनाए रखने पर जोर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** आने वाले प्रमुख त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से





कोतवाली पिलखुवा परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस क्षेत्राधिकारी पिलखुवा अनीता चौहान ने की। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष चौहान सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।
बैठक में महाशिवरात्रि, होली, धुलेंडी और ईद-उल-फितर के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कोतवाली क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों तथा नगर से आए संभ्रांत नागरिकों, व्यापारियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और धर्मगुरुओं ने बैठक में भाग लिया।
पुलिस क्षेत्राधिकारी अनीता चौहान ने उपस्थित लोगों से आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अफवाह या भ्रामक सूचना से बचें और यदि कोई संदिग्ध गतिविधि नजर आए तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने बताया कि त्योहारों के दौरान संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी। अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, नियमित गश्त और शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। बैठक में मौजूद लोगों ने भी पुलिस को सहयोग देने का आश्वासन दिया। पुलिस प्रशासन ने सभी सुझावों पर अमल करने की बात कही।

# आर्य समाज मंदिर में संपन्न हुआ वार्षिक चुनाव, नई कार्यकारिणी ने संभाली जिम्मेदारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** नगर स्थित आर्य समाज मंदिर परिसर में संगठन का वार्षिक निर्वाचन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस दौरान संगठन की आगामी गतिविधियों और विकास योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन चुनाव अध्यक्ष सुभाष चंद्र मित्तल ने किया, जिसमें सभी पदों पर सदस्यों का चयन सर्वसम्मति से किया गया।
चुनाव परिणाम के अनुसार अशोक आर्य को प्रधान, रविंद्र उत्साही को मंत्री, विजय आर्य को कोषाध्यक्ष और कपिल बंसल को लेखा परीक्षक नियुक्त किया गया। बैठक के दौरान कोषाध्यक्ष विजय आर्य ने बीते वर्ष का आय-व्यय ब्यौरा प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया।
नव नियुक्त मंत्री रविंद्र उत्साही ने जानकारी दी कि पिछले वर्ष मंदिर के मुख्य द्वार का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में मंदिर परिसर में यज्ञशाला निर्माण का प्रस्ताव है, जिसके लिए एक अलग समिति गठित की गई है। इसके साथ ही संगठन को मजबूत करने और नए सदस्यों को जोड़ने की योजना पर भी विचार किया गया।
नवनिर्वाचित प्रधान अशोक आर्य ने सभी सदस्यों का आभार जताते हुए कहा कि नई कार्यकारिणी आर्य समाज के सिद्धांतों के अनुरूप धार्मिक, सामाजिक और सेवा कार्यों को गति देगी। बैठक में नगर के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

**मुशायरे** | हाफि ज अब्दुलवहाब ने एक उम्दा रिवायत कायम करते हुए शादी में रक़्स व सरूद के बजाये अदबी मेहफिल सजाई

# फरोग-ए-उर्दू जबान एजूकेसनल ट्रस्ट के जेरे अहताम एक शानदार मुशायरे का इनकाद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़** । गुजरिश्ता शब तकरीब जश्न शादी व जश्न-ए-जुम्हूरिया के पुर मुसर्रत मौके पर मुहिब्बान-ए-उर्दू जबान ओ अदब को फरोग देने की गरज से एक पुर वकार मशायरे का इनकाद कोटला फूल में किया गया जिस की सदारत कारी फजलुर्रहमान अंजम ने की जबकि निजामत के फरायज. दौर-ए-जदीद की माया नाज और मुशायरे की दुनिया में एक अहम शख़्सियत हसनैन दिलकश पुर्व एंकर दूरदर्शन ने बखूबी अंजाम दिए। प्रोग्राम का आगाज बाद नमाज-ए-इशा हुआ और नस्फ-शब के बाद तक सिलसिला जारी रहा।
मशायरे में जिन शुअरा-ए-किराम ने शिरकत की उन में कारी फजलुर्रहमान अंजुम, तंज व मिजहा के शायर अहतिराम सिद्दीकी, अनवर गाजी आबादी, हाशिम देहलवी, हसनेन दिलकश, सईद गुफरान अहमद राशिद, असलम जावेद देहली, रजी अहमद रजी, सालिब चंदियानवी, माजिद मुरशिद पुरी, दिलशाद हापुड़ी, नाज हापुड़ी,



जमशेद माहिर, आस मुहम्मद डास्नवी, उबैद अख़्तर, सलीम अजम गोंडी, फरमान मीर, असअद बिजनौरी अलीग, एडवोकेट मुशफि क देहलवी, ख़्वाब देहलवी, आकि ब शाद और अशोक साहब ने अपने कलाम से सामाईन को महजूज व मखमूर किया और सामाईन ने भी उन को खूब दाद ओ तहसीन से नवाजा। आखिर में प्रोग्राम के कन्वीनर हाफि ज अब्दुलवहाब ने तमाम शुअरा और सामाईन का शुक्रिया अदा किया। वाजेह रहे कि प्रोग्राम के रूह-ए-रौआं और कन्वीनर हाफि ज अब्दुलवहाब के साहिबजादे आमिर की शादी थी इस मौके पर रक़्स व सरूद का एहतेमाम किया जाता है लेकिन साहिब-ए-जश्न ने तमाम रिवाज और रिवायतों को बाला-ए-ताक रख कर अदब को फरोग दे कर एक नई जेहत और सिम्त की पेशरफ़्त कर के अदबी मेहफि ल का इनकाद किया जिस का नतीजा निकला कि अहल-ए-इलाका ने की तकलीद करते हुए शहर में उसके इल्म और हुस्न व जमाल और सीरत व करदार के चर्चे थे और दुनिया पर आखिरत को तरजीह देने की यह शानदार मिसाल पेश की जो हमेशा सुनहरे लफ़्जों में लिखी जाती रहेगी। कि बेटे ने बाप के फैसले को सुनते ही सर तस्लीम खम कर दिया और अपने इल्म व अमल इल्मी हयसियत और खानदान की इज्जत को चार चांद लगा दिए, ऐसी मिसाल की मेडिकल ऑफि सर डाक्टर गुलफाम जहीर समेत हर सु हौसला अफजा पेशबंदी मुनासिबात मुकाबिल हो रहे हैं।

# चित्रकूट प्रसंग ने बांधा श्रद्धालुओं का मन, मानस पाठ में उमड़ा भक्तिभाव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** नगर के मोहल्ला कृष्णगंज में रविवार को सेवा भारती के सहयोग से श्रीरामचरितमानस के



साप्ताहिक पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम वीरेंद्र कुमार सिंहल के निवास पर संपन्न हुआ, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए। यह साप्ताहिक आयोजन बीते बारह वर्षों से निरंतर चल रहा है, जिसमें प्रत्येक सप्ताह श्रद्धालु भक्ति भाव से सहभागिता करते हैं। मानस कथा का वाचन करते हुए कथा व्यास रामकेश सिंह तोमर ने चित्रकूट प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भरत का जीवन त्याग, संयम और मयार्दा की जीवंत मिसाल है। चित्रकूट में भरत द्वारा श्रीराम के चरणों में रखा गया राज्याभिषेक का प्रस्ताव भारतीय संस्कृति की उच्च नैतिक परंपरा को दशार्ता है। कथा व्यास ने कहा कि भरत का आचरण आज के समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है।
कथा श्रवण के दौरान श्रोता भाव-विभोर नजर आए और पूरा वातावरण राममय हो गया। कार्यक्रम के अंत में यजमान वीरेंद्र सिंहल एवं शशि सिंहल ने कथा व्यास को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। सेवा भारती के मंत्री अखिलेश मित्तल ने संस्था द्वारा संचालित सामाजिक एवं सेवा कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

## सम्पादकीय

# भारत और ईयू वार्ता



अब्दुल सलाम सैफी

संपादक

डॉनल्ड ट्रंप के मूड के हिसाब से कभी बंद, तो कभी खुलते अमेरिकी बाजार के दरवाजों से परेशानी के दौर में भारत और ईयू ने उस वार्ता को अंजाम तक पहुंचाया है, जो 19 वर्षों से खिंच रही थी।

डॉनल्ड ट्रंप के प्रहार झेल रही दुनिया में भारत और यूरोपियन यूनियन (ईयू) ने मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करके मजबूत संदेश दिया है। ट्रंप के मूड के हिसाब से कभी बंद, तो कभी खुलते अमेरिकी बाजार के दरवाजों से परेशानी के दौर में दोनों पक्षों ने उस वार्ता को अंजाम तक पहुंचाया है, जो 19 वर्षों से खिंच रही थी। इसके बावजूद एफटीए के लागू होने में अभी कम-से-कम एक वर्ष लगेगा। इसके तहत मिलने वाली रियायतों के संपूर्णतः लागू होने में तो सात साल लगेंगे। ईयू में ऐसे समझौतों पर मुहर लगने की प्रक्रिया दुरूह है। मसलन, अब समझौते के प्रारूप का वहां प्रचलित 24 भाषाओं में अनुवाद होगा। संबंधित देशों की हरी झंडी मिलने के बाद यूरोपीय संसद उसे पारित करेगी। उस प्रक्रिया से होकर निकले प्रारूप पर तब जाकर दस्तखत हो पाएंगे। चूंकि विवादास्पद मुद्दों को फिलहाल एफटीए से अलग रखा गया है, इसलिए संभावना है कि उपरोक्त प्रक्रियाएं निर्बाध पूरी हो जाएंगी। कृषि, निवेश संरक्षण, कार्बन टैक्स आदि फिलहाल एफटीए में शामिल नहीं हैं। पिछले वित्त वर्ष में भारत और ईयू के बीच व्यापार 136.5 बिलियन डॉलर का था। एफटीए लागू होने के बाद इसमें 41- 65 प्रतिशत तक वृद्धि होने का अनुमान है। अमेरिका के लगाए टैरिफ से भारत के जीडीपी को 1.6 फीसदी नुकसान का अंदाजा लगाया गया था। संभावना है कि उसमें से लगभग आधे की भरपाई ईयू से बढ़ने वाले व्यापार से हो जाएगी। इससे ईयू के वस्त्र बाजार में भारतीय उत्पाद बांग्लादेश और पाकिस्तान के उत्पादों का बाजार छीन पाएंगे। मगर महंगे वाहनों, नासपाती, कीवी, स्टील, फूड प्रोसेसिंग आदि के भारतीय कारोबार पर नकारात्मक प्रभाव भी पड़ेगा। बहरहाल, बदलती हुई दुनिया में निर्यात केंद्रित अर्थव्यवस्थाएं ऐसे ही उपायों से अपनी मुश्किलों से निकलने की जद्दोजहद कर रही हैं। पिछले हफ्ते दावो में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने आह्वान किया था कि मध्यम श्रेणी की ताकतें उत्पीड़न से बचने के लिए मिल-जुल कर रास्ता निकालें। उसी तरह की एक राह निकालने की कोशिश भारत-ईयू ने की है। इससे भविष्य को लेकर फिलहाल माहौल में सकारात्मकता आई है। इसमें एक मजबूत संदेश निहित है।




# विचार की गहराई का खत्म होना?



जुनैद मलिक अत्तारी

उत्तर प्रदेश के जिला गाजियाबाद में 4 फरवरी 2026 की रात भारत सिटी सोसाइटी के बी-1 टावर के 9वीं मंजिल के फ्लैट 907 से तीन बहनों निशिका (16), प्राची (14) और पाखी (12) ने कूद कर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मौके पर बंद कमरे में तीनों को स्टूल के सहारे नीचे कूदा हुआ पाया गया। यह घटनाक्रम रात लगभग 2.15 बजे का बताया जा रहा है। एक 8 पन्नों का सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें उन्होंने अपने पिता से माफी मांगी और अपनी भावनाओं को व्यक्त किया है। पुलिस लगातार मोबाइल फोन और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच कर रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि किस तरह के संवाद या गतिविधियां उन्हें वहां तक ले गईं। बहुत सी रिपोर्टें इस घटना को 'कोरियन लव गेम' या टास्क-आधारित ऑनलाइन गेम से जोड़ रही हैं और दावा करती हैं कि तीनों बहनें उस गेम में इतना डूबी थीं कि उन्होंने अंतिम टास्क पूरा नहीं होने पर यह कदम उठाया। कई खबरों में यह भी बताया गया है कि लड़कियां कोविड -19 महामारी के बाद से स्कूल नहीं जा रही थीं और ज्यादातर समय मोबाइल फोन पर गेम खेलती थीं।पुलिस और स्थानीय अधिकारियों ने कहा है कि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि गेम ही मुख्य कारण था। वे सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य, पारिवारिक वातावरण और डिजिटल व्यवहार शामिल हैं। इस घटना के समाज शास्त्रीय और मनोवैज्ञानिक पहलू ऐसे हैं जिन पर विचार करना जरूरी है। बच्चों का स्कूल छोड़ देना लंबे समय तक संगठित शिक्षा से वंचित रहना, उनका सबसे करीब के लोगों से बढ़ता अलगाव, और ऐसी डिजिटल दुनिया जिसमें उनकी पहचान अक्सर स्क्रीन के पीछे खड़ी हो जाती है, ये सभी कारक मिलकर जटिल मनोवैज्ञानिक स्थिति बनाते हैं। गेम तो महज प्रतीक है उस बड़े सामाजिक समस्या का जिससे बच्चों को बचाया नहीं गया।रिपोर्टों के अनुसार तीनों बहनों का स्कूल जाना अनियमित था और वे अक्सर घर पर ही मोबाइल फोन के सामने रहती थीं, जिससे उनका सामाजिक और बौद्धिक विकास प्रभावित हुआ। आज के डिजिटल उपकरण लगातार बच्चों को कृत्रिम पहचान की ओर खींचते हैं जहां उनका आत्म-मूल्यांकन गेम की दुनिया के मानदंडों पर आधारित होता है। यदि सामाजिक और पारिवारिक ढांचे बच्चों की भावनात्मक आवश्यकताओं को पकड़ने में सक्षम नहीं होते, तो कोई भी बाहरी आदत, चाहे वह गेम हो या अन्य डिजिटल गतिविधि, संक्रमण की तरह काम कर सकती है। इस दुखद घटना को केवल गलत गेम या टास्क की ओर ले जाने वाली सरल व्याख्या कहते हुए छोड़ देना वास्तविकता की गंभीरता को ढक देता है। तीनों बहनों की मौत के पीछे सामाजिक, आर्थिक, तकनीकी और भावनात्मक कारकों का जाल है। हमें इस तरह की घटनाओं को विश्लेषण करने के लिए उन संरचनात्मक असमानताओं को समझना होगा जो बच्चों को अकेला,असुरक्षित और पहचान की तलाश में भटकने पर मजबूर करती हैं।प्रिय देशवासियों बात करते हैं मुख्य मुद्दे की हाल में आई न्यूरो-साइंटिस्टों की एक रिपोर्ट के अनुसार 80 देशों के आंकड़ों में पहली बार ऐसा पैटर्न दिखा है कि नई पीढ़ी का औसत आईक्यू स्कोर पिछले पीढ़ियों से कम हैं।खासकर स्मृति, ध्यान, गणितीय सोच और समस्या-समाधान की क्षमता में गिरावट दर्ज की गई है। लेकिन यहां एक भ्रम है जिस बारे में रिपोर्ट कुछ नहीं बताती। आईक्यू कोई प्राकृतिक स्थायी गुण नहीं है, बल्कि यह उस तरह की समस्याओं को हल करने की क्षमता को मापता है, जिनके लिए समाज हमें




प्रशिक्षित करता है। बीसवीं सदी का समाज किताबों, लंबे वाक्यों, स्थिर ध्यान और क्रमिक तर्क पर टिका था। इक्कीसवीं सदी का समाज तेज दृश्य, छोटे क्लिप, मल्टी-टास्किंग और लगातार बदलते इनपुट पर टिका है। ऐसे में यह कहना कि बुद्धि घट गई सही नहीं लगता है। दरअसल पुरानी तरह की बुद्धि कमजोर हुई है।रिसर्च में यह तथ्य सामने आया कि जो बच्चे रोज 4झ5 घंटे स्क्रीन पर बिताते हैं, उनका एटेंशन स्पन कम होता है। लेकिन असली खतरा ध्यान की कमी नहीं, विचार की गहराई का खत्म होना है। न्यूरोलॉजिकल स्टडीज बताती हैं कि जब बच्चा लगातार शॉर्ट वीडियो, रील्स और गेमिंग में रहता है, तो उसका दिमाग डोपामिन-ड्रिवन हो जाता है। यानी सीखना जिज्ञासा से नहीं, उत्तेजना से जुड़ जाता है। किताब पढ़ने में मिलने वाला धीमा, शांत आनंद उसे उबाऊ लगने लगता है। जिन बच्चों को बहुत जल्दी टैबलेट या फोन दिया गया, उनमें आंतरिक संवाद (इनर स्पीच ) कमजोर पाया गया। यानी वे मन ही मन सोचने, सवाल पूछने और कल्पना करने में कमजोर हो गए। यह चुपचाप बैठकर सोचने की क्षमता है, जो किसी भी गहरी बुद्धि की बुनियाद होती है।रिपोर्ट का एक अहम हिस्सा यह भी है कि जेन-जी के युवाओं में आत्मविश्वास जरूरत से ज्यादा है, जबकि ज्ञान और कौशल उससे मेल नहीं खाते। यह विरोधाभास यूं ही नहीं है। सोशल मीडिया हर व्यक्ति को विशेषज्ञ बनने का भ्रम देता है। दो मिनट का वीडियो देखकर लगता है कि विषय समझ लिया। एल्गोरिदम वही कंटेंट दिखाता है, जिससे हम सहमत हों। नतीजा यह कि सवाल पूछने की आदत खत्म और राय बनाने की जल्दबाजी बढ़ गई। आज के कई किशोर किसी विषय पर तुरंत बोल सकते हैं, लेकिन उसी विषय पर 500 शब्द का संगठित लेख लिखने में असमर्थ होते हैं। बोलना तेज है, सोचना उथला।यूरोप के कई देशों में डिजिटल गैजेट्स पर लगाम लगाई जा रही है। कागज-कलम और छपी किताबों की वापसी हो रही है। जिन स्कूलों ने डिजिटल डिवाइस पूरी तरह हटाकर धीमी शिक्षा (स्लो लर्निंग ) अपनाई, वहां बच्चों में न केवल अकादमिक सुधार हुआ, बल्कि चिंता, चिड़चिड़ापन और नींद की समस्याएं भी कम हुईं।सवाल उठता है कि क्या हम बच्चों को बेवकूफ बना रहे हैं या सुविधाभोगी? क्या यह पीढ़ी कम बुद्धिमान है, या हमने उनके लिए हर चीज इतनी आसान कर दी है कि संघर्ष की जरूरत ही खत्म हो गई? ऑटो-करेक्ट लिख देता है, कंप्यूटर सोच लेता है, चैटजीपीटी जवाब बना देता है, मैप रास्ता दिखा देता है। गलती की गुंजाइश कम है, इसलिए सीखने की जरूरत भी कम है। बुद्धि अक्सर समस्या से टकराकर पैदा होती है। अगर टकराव ही न हो, तो बुद्धि कहां से आएगी? संभव है कि यह पीढ़ी मूर्ख नहीं, बल्कि अनावश्यक रूप से संरक्षित है।शायद यह पीढ़ी कम बुद्धिमान नहीं, बल्कि कम संवेदनशील हो रही है। स्क्रीन-आधारित जीवन ने बच्चों को सूचनाओं से भरा, लेकिन अनुभवों से खाली कर दिया है। वे युद्ध देख लेते हैं, लेकिन किसी घायल को छूते नहीं। वे गरीबी पर रील देखते हैं, लेकिन भूख महसूस नहीं करते। संवेदना, सहानुभूति और नैतिक कल्पना भी बुद्धि का ही रूप है। अगर यह घट रही है, तो समस्या आईक्यू स्कोर से कहीं गंभीर है। सवाल यह नहीं होना चाहिए कि बच्चे कितने होशियार हैं, बल्कि यह होना चाहिए कि वे किसके लिए होशियार बन रहे हैं।असली खतरा यह नहीं कि जेन-जी.द के पैमाने पर कम बुद्धिमान है, बल्कि यह है कि एक दिन वह बहुत कुशल होने के बावजूद यह सवाल ही नहीं पूछेगी कि यह दुनिया ऐसी क्यों है।जय हिंद जय भारत।

## टेलीफोन का अविष्कार

अलेक्जेंडर ग्राहम बेल द्वारा टेलीफोन के आविष्कार के पीछे की कहानी विज्ञान से कहीं ज्यादा संवेदनशीलता और प्यार से जुड़ी है। उनके इस आविष्कार की प्रेरणा उनके परिवार और उनके जीवन के अनुभवों में छिपी थी। अलेक्जेंडर ग्राहम बेल के टेलीफोन बनाने के पीछे दो सबसे बड़े कारण थे। पहला बेल की माँ एलिजा ग्रेस और उनकी पत्नी मेबेल हबर्ड, दोनों ही सुन नहीं सकती थीं। बेल ने अपने जीवन का अधिकांश



समय ध्वनि विज्ञान (Acoustics) को समझने और बधिर लोगों को बोलने में मदद करने में बिताया था। वे एक ऐसी मशीन बनाना चाहते थे जो ध्वनि को तरंगों के रूप में भेज सके ताकि दूर बैठे लोग बात कर सकें। दूसरा उस समय एक तार से एक बार में केवल एक ही संदेश भेजा जा सकता था। बेल "हारमोनिक टेलीग्राफ" बनाने की कोशिश कर रहे थे ताकि एक ही तार से कई संदेश भेजे जा सकें। इसी प्रयास के दौरान उन्हें टेलीफोन का विचार आया। टेलीफोन के आविष्कार से जुड़ी सबसे मशहूर और दिलचस्प कहानी 10 मार्च, 1876 की है। बेल अपने सहायक थॉमस वॉटसन के साथ एक प्रयोग कर रहे थे। बेल एक कमरे में थे और वॉटसन दूसरे कमरे में। बेल के पास रखे उपकरण से अचानक थोड़ा एसिड उनके कपड़ों पर गिर गया। घबराहट में उन्होंने वॉटसन को पुकारा, "मिस्टर वॉटसन, यहाँ आइए, मुझे आपसे काम है!" हैरानी की बात यह थी कि वॉटसन ने ये शब्द अपने पास रखे रिसीवर के जरिए साफ-साफ सुने। यह इतिहास का पहला सफल टेलीफोन कॉल था। बेल को अहसास भी नहीं हुआ कि उनकी मदद की पुकार ने दुनिया बदल दी है। बेल कभी नहीं चाहते थे कि फोन उठाकर "Hello" कहा जाए। वे चाहते थे कि लोग "Ahoy" बोलकर बात शुरू करें। "Hello" शब्द को बाद में थॉमस एडिसन ने लोकप्रिय बनाया। जब 1922 में बेल का निधन हुआ, तो अमेरिका और कनाडा के सभी टेलीफोन को एक मिनट के लिए मौन (Silent) कर दिया गया था ताकि उस व्यक्ति को श्रद्धांजलि दी जा सके जिसने दुनिया को आवाज दी।



सुशी सक्सेना, इंदौर मध्यप्रदेश

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**

**bulandsandesh@ gmail.Com**

### वैधानिक सूचना

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# पीड़ा की धरती पर आशा का वृक्ष: बाबा आमटे



प्रो. आरके जैन अरिजीत

कुछ लोग जन्म लेकर नहीं, बल्कि अपने कर्मों से अमर बनते हैं। वे समय की सीमाओं को लांघकर समाज की आत्मा में स्थायी स्थान बना लेते हैं। बाबा आमटे ऐसे ही विरले व्यक्तित्व थे, जिनका संपूर्ण जीवन करुणा, साहस और सेवा का उज्ज्वल प्रतीक बन गया। 9 फरवरी 2008 को भले ही उनकी देह नश्वरता में विलीन हो गई हो, परंतु उनके विचार आज भी असंख्य जीवनों को दिशा और ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं। वे केवल एक समाजसेवक नहीं, बल्कि मानवीय चेतना की सजीव अभिव्यक्ति थे, जिन्होंने पीड़ा को संबल और दुर्बलता को आत्मविश्वास में बदल दिया। उनके लिए सेवा कोई औपचारिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आत्मा की तपस्या थी। उन्होंने यह प्रमाणित किया कि स्थायी परिवर्तन बाहरी सहायता से नहीं, बल्कि अंतर्मन की जागृति से उत्पन्न होता है।

26 दिसंबर 1914 को महाराष्ट्र के हिंगणघाट, वर्धा में जन्मे मुरलीधर देवीदास आमटे का प्रारंभिक जीवन वैभव और सुविधा से सुसज्जित था। संपन्न परिवार में पले-बढ़े बाबा आमटे ने बचपन से ही ऐश्वर्य, प्रतिष्ठा और आधुनिक जीवनशैली का अनुभव किया। आकर्षक वस्त्र, तेज रफ्तार वाहन और सामाजिक सम्मान उनके दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा थे। किंतु इस भौतिक चमक-दमक के पीछे उनके मन में एक गहन बेचैनी निरंतर करवट लेती रहती थी। वे जीवन को केवल सुख-साधनों का साधन नहीं मानते थे, बल्कि उसे किसी महान उद्देश्य से जोड़ना चाहते थे। यही आंतरिक मंथन धीरे-धीरे उनके व्यक्तित्व को रूपांतरित करता गया और उन्हें आत्मकेंद्रित सोच से निकालकर सामाजिक दायित्व की ओर अग्रसर करता चला गया।

शिक्षा और बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में बाबा आमटे ने उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त कीं। नागपुर से बी.ए. और एल.एल.बी. की उपाधि प्राप्त कर वे एक सक्षम और प्रतिष्ठित वकील बने। न्यायालयों में कार्य करते हुए उन्होंने देखा कि कानून की पहुंच अक्सर निर्बल और वंचित वर्ग तक नहीं हो पाती। निर्णय तो होते थे, परंतु पीड़ितों की पीड़ा अनसुनी रह जाती थी। इसी काल में एक उपेक्षित कुष्ठ रोगी को असहाय अवस्था में देखकर उनका अंतःकरण विचलित हो उठा।

समाज द्वारा ठुकराए गए उस मानव की दुर्दशा ने उनकी आत्मा को भीतर तक झकझोर दिया। उसी क्षण उन्होंने दृढ़ निश्चय किया कि वे अपना संपूर्ण जीवन उन लोगों के उत्थान के लिए समर्पित करेंगे, जिन्हें समाज ने उपेक्षा और तिरस्कार के अंधकार में छोड़ दिया है।

## सोमवार का राशिफल

**मेष** — प्रेम प्रसंग में परिवार से ऊपर बड़ा कदम उठा सकते है, घर में बिजली आदि की समस्या सम्भव है, अच्छे स्त्रोत से आमदनी होगी। भाग्य प्रतिशत-53

**वृषभ** — भगवान के प्रति अगाध लगन बढ़ेगी,वैवाहिक जीवन अरुचिकर लग सकता है, पैतृक सम्पति या धन से कोई कार्य शुरू कर सकते है, मकान या वाहन की बुकिंग करेंगे। भाग्य प्रतिशत-79

**मिथुन** — डिजिटल माध्यम से कार्य करते है तो उन्नति होगी, होटल मेनेजमेंट में जॉब लग सकती है, किसी को अपनी बात से दुश्मन ना बनाए, थोड़ा सम्भल कर बोले। भाग्य प्रतिशत-61

**कर्क** — पैतृक सम्पति के प्रति चिंता लगाव बढ़ेगा, लोगों के सामने भावुकता प्रकट ना करे उनसे व्यवहारिक रहे, धन की कमी थोड़ी खल सकती है। भाग्य प्रतिशत-51

**सिंह** — बेवजह के खर्चों पर थोड़ा अंकुश रखें, कोई कार्य लीगल के कारण अटक सकता है, आढ़त,अध्यापन कार्य पूजा पाठ की दुकान उत्तम चलेगा। भाग्य प्रतिशत-56

**कन्या** — अधिक दूरी पर जॉब का ऑफर आयेगा मगर जाना नहीं चाहेंगे, जानवरों के प्रति सम्वेदना बढ़ेगी, अग्नि, बिजली कार्य करते समय ध्यान रखे। भाग्य प्रतिशत-50

**तुला** — परिवार में किसी बात को लेकर बातचीत बिगड़ सकती है, थोड़ा मूड भी बिगड़ा रहेगा,आमदनी अच्छी होगी, जीवन साथी से सपोर्ट अवश्य मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-51


**वृश्चिक** — माँ को कोई कष्ट सम्भव है, खराब रिश्तों को बहुत पीछे छोड़ना चाहेंगे, अपनी बात पर अटल रहेंगे लोगों से काम ले लेंगे। भाग्य प्रतिशत-50

**धनु** — विवाह की अड़चने दूर हो सकती है, काम को बहुत प्लानिंग से लेकर चलेंगे, पेट का रोग होने पर जल्दी डॉक्टर को दिखाए। भाग्य प्रतिशत-58

**मकर** — विवाह को लेकर चिंता रहेगी, काम भी मेहनत के बावजूद चलना मुश्किल होगा, कॉलेज में अध्यापक से अच्छे से पेश आए, किसी से दूरी ना रखें। भाग्य प्रतिशत-50

**कुंभ** — नौकरी का इंटरव्यू अच्छा नहीं जाएगा, मन अकारण भटकता रहेगा साँस, हृदय गति तेज रह सकती है, व्यवसाय में लेनदेन ठीक प्रकार से करें। भाग्य प्रतिशत-49

**मीन** — निराशा के भाव आ सकते है, किसी से पुरानी बात पर बहस सम्भव है, कानूनी मामले में खर्च बढ़ेगा, पेट में कोई परेशानी है तो ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-47



अशनिका शर्मा ज्योतिष।

हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# जहरीले बयान से विषैले पानी तक कटघरे में एमपी की सरकार



नरेंद्र तिवारी

किसी भी सरकार की दृढता और जन सामान्य से जुड़े विषयों में उसकी संवेदनशीलता सरकार की कीर्ति, ख्याति और गुणगान का महत्वपूर्ण आधार होती है। इस लिहाज से मध्यप्रदेश राज्य सरकार जिसने अपने नवीन नैतृत्व के साथ दो बरस से अधिक की कार्य अवधि पूर्ण कर ली है, अब यह जानना बहुत जरुरी हो जाता है की जनसामान्य से जुड़े आवश्यक विषयों के प्रति सरकार के मुख्यमंत्री, मंत्री, नेता और अफसरों का दृष्टिकोण क्या है? जब किसी राज्य में केंद्रीय नैतृत्व ने नव प्रयोग करते हुए वरिष्ठता के क्रम को उलांघकर मोहन यादव को मध्यप्रदेश की सरकार का मुखिया बनाया हो, तब राज्य सरकार का मूल्यांकन और भी जरुरी हो जाता है। सरकार के कार्यों का मूल्यांकन जनता की नजर से करने का पैमाना वैसे तो पांच बरस में होने वाले चुनाव है। इस पैमाने पर अब से दो बरस पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिँह चौहान के नैतृत्व में एमपी की जनता ने भाजपा को व्यापक जन समर्थन देकर राज्य में राज्य में पांच वर्षीय कार्यकाल सौपा है, जनादेश इतना बड़ा की बहुमत से 50 सीटें अधिक याने की 230 में से 163 सीट जीतकर भाजपा ने इतिहास रचा। किंतु यह सफलता भाजपा को पूर्व मुख्यमंत्री, वर्तमान में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान के नैतृत्व में प्राप्त हुई थी। शिवराज के नैतृत्व में भाजपा को मिले व्यापक जन समर्थन के बाद भाजपा हाईकमान ने शिवराज के स्थान पर महाकाल की नगरी उज्जैन दक्षिण के विधायक एमपी सरकार के पूर्व शिक्षामंत्री मोहन यादव को प्रदेश की कमान सौपी। मध्यप्रदेश में मोहन यादव ने 13 दिसम्बर 2023 को राज्य के 19 वें मुख्यमंत्री के रुप में शपथ ग्रहण की थी। मध्यप्रदेश जिसकी बागडोर शिवराज के हाथों से मोहन यादव के हाथों में आ चुकी थी। प्रदेश के मुख्यमंत्री के रुप में अपने शुरूवाती निर्णयों में मोहन यादव सरकार की दृढता स्पष्ट दिखाई दे रही थी। उन्होंने पदभार ग्रहण करते ही 13 दिसम्बर 2023 को धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों पर निर्धारित डेसिबल से अधिक तेज आवाज वाले लाउडस्पीकरों और डीजे के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया। यह कदम सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के निर्देशों के तहत ध्वनि प्रदूषण कम करने और जन स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए उठाया गया था। इस निर्णय को सम्पूर्ण प्रदेश में समान रुप से लागू करने में भी सफलता प्राप्त हुई थी। जब गाँव-गाँव, शहर-शहर ऊँचे स्थानों पर लाउड स्पीकर लगाकर धार्मिक कट्टरवाद की प्रतिस्पर्धा का दौर चल रहा था। मोहन यादव की सरकार ने आमजनता के हित में दृढता से कदम उठाया। उक्त निर्णय को समान रुप से लागू भी किया। तेज आवाज से परेशान आमजन को राहत देने का काम किया था। एमपी की सरकार का दूसरा कठोर निर्णय परिवहन चैक पोस्ट समाप्त करने का था। जिसका आधिकारिक निर्णय 30 जून 2024 को लिया गया। और यह 1 जुलाई 2024 से पुरे राज्य में लागू भी हो गया। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अंतर प्रांतीय सीमाओं पर होने वाली अवैध वसूली को रोकने और गुजरात मॉडल अपनाने के लिए चेक पोस्ट को बंद करने का कड़ा फैसला लिया था। यह फैसला सरकार का भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार था। जनता से जुड़े कठोर निर्णय लेने वाली मोहन सरकार कुछ मामलों में अनिर्णय का शिकार होती दिखी, जिन विषयों पर संवेदनशीलता और दृढता दिखाए जाने की आवश्यकता थी, राज्य सरकार और उसके मुखिया खामोश नजर आए। ऐसा ही राष्ट्रीय अस्मिता से जुडा मामला एमपी सरकार के जनजातीय कार्यमंत्री के रुप में विजय शाह द्वारा दिया गया बयान था। उन्होंने भारतीय सेना की कर्नल सौफिया कुरैशी जिन्होंने आपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना की कार्यवाही से दुनियाँ को अवगत कराया स्वयं भी कार्यवाही का हिस्सा रही। उन पर दिए जहरीले बयान में मंत्री विजय शाह ने उन्हें आंतकियों की बहन कहकर सम्बोधित किया। भारत राष्ट्र की जिस नायिका पर देश गौरव कर रहा है, एमपी सरकार के जिम्मेदार मंत्री द्वारा दिए बयान ने मध्यप्रदेश की जनता को शर्मन्दगी से भर दिया था, उनका यह बयान देश की गरिमा को नुकसान पहुंचाने वाला है, किंतु आश्चर्य की 10 माह होने को आए मंत्री अपने पद पर बना हुआ है। एमपी की सरकार उन्हें मंत्री पद से हटाने में नाकाम दिखाई दी, जब से अब तक का हर दिन एमपी की सरकार और उसके मुख्यमंत्री की संवेदना और दृढता को मुंह चिढ़ाता प्रतीत हो रहा है।

एमपी की आर्थिक राजधानी इंदौर जिसे देश के सबसे साफ शहर का तमगा मिला हुआ है। अभी वर्ष 2026 की जनवरी माह में इस शहर के भागीरथ पूरा इलाके में विषैले पानी से फैले डायरिया के कारण एक के बाद एक 33 लोगो की मौत हो गयी। मौत का क्रम अभी भी जारी है, जाने कब रुकेगा, सरकार ने तीन अधिकारियो को निलंबित किये जाने एवं मृतक परिवार को मुआवजे के रुप में मात्र 2 लाख रु की घोषणा कर इस गंभीरतम अपराध पर पर्दा डालने का प्रयास किया। इस अति



गंभीर विषय पर प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री ने एक पत्रकार को दिए बयान में फोकट प्रश्न और घंटा जैसे शब्दों के इस्तेमाल ने प्रदेश की जनता को झकझोर दिया। इस बयान ने प्रदेश को गहरे रुप से शर्मिंदा किया। एमपी के इंदौर में विषैले पानी से हुई मौत के सम्पूर्ण घटनाक्रम पर सरकार संवेदन शून्य नजर आई। यह विषय प्रदेश के विपक्ष को सरकार पर हमलावर होने का मौका था, विपक्ष ने ऐसा ही किया। सरकार और मुख्यमंत्री विपक्ष को दोष देते दिखे। इस अति गंभीर विषय पर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा की फायर ब्राड नेता उमा भारती का बयान काबिले गौर रहा, जिसमे जनमत की आवाज सुनाई दी उन्होंने ७ पर अपनी पोस्ट में लिखा ' सिर्फ इंदौर के मेयर ही नहीं, मध्यप्रदेश का शासन एवं प्रशासन कटघरे में खडे है, इस महापाप के सभी जिम्मेदार लोग जनता के प्रति अपराध के कटघरे में खडे है, उमा भारती ने लिखा इंदौर दूषित पानी के मामले में यह कौन कह रहा है की हमारी चली नहीं, जब आपकी चली नहीं तो आप पद पर बैठे बीसलेरी का पानी क्यों पीते रहे? जनता के बिच क्यों नहीं गए? ऐसे पापों का कोई स्पष्टीकरण नहीं होता या तो प्रायश्चित या दंड!' उमा भारती की इस पोस्ट में सरकार को सख्त कदम उठाने का संदेश था। किंतु सत्तामद में चूर प्रदेश सरकार इस संवेदनशील विषय पर असंवेदनशील नजर आई। घटनाक्रम तो प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार, राशन माफिया, शराब माफिया, बढ़ती बेरोजगारी, लालफीताशाही भी है,किंतु आपरेशन सिंदूर की नायिका सौफिया कुरैशी पर मंत्री विजय शाह के बयान के बाद भी उनका पद पर बने रहना? इंदौर के भागीरथ पूरा में विषैले पानी से हुई 33 लोगो की मौत के बाद सरकारी तत्परता की कमी, सरकारी दृढता का अभाव, प्रदेश सरकार के मुखिया मोहन यादव जो अपने आरम्भिक कुछ महीनों में कठोर निर्णय लेते दिखे, बाद में अनिर्णय का शिकार हो गए। विषैले पानी और जहरीले बयान के बाद सरकार के कमजोर फैसलों ने एमपी सरकार के मुखिया और सरकार की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव को जरूरत है, संवेदनशील विषय पर कठोर रुख इख़्तियार करने की, हाई कमान एक बार मौका देता है, बाद में प्रदेश की जनता आपको मजबूत लीडर के रुप में देश के सामने प्रस्तुत करती है। जनता का नेता बनने के लिए जरूरत है। जनभावना के सम्मान की एमपी की सरकार और उसके मुखिया मोहन यादव को समय रहते जनता की भावना का आदर करना सीखना होगा। हर विषय पर दिल्ली की और देखना भी आपकी कमजोरी और निर्णय लेने में देरी को प्रदर्शित करते है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# कावड़ लाने आज हरिद्वार जाएंगे भोले के भक्ति, महाशिवरात्रि 15 फरवरी को, जल लेने के लिए जत्थे हरिद्वार रवाना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** फागुन माह की महाशिवरात्रि निकट आते ही कावड़ लेने जाने की तैयारी भक्तों ने



शुरू कर दी है। 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के उपलक्ष में नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से शिव भक्तों के जत्थे हरिद्वार से कावड़ लेने के लिए बम बम भोले के उद्घोष के साथ रवाना हुए। महाशिवरात्रि पर कावड़ लाने के लिए गांव बैरी,बरासऊ, नवादा, उटरावली, बरौली, भटोला, सलेमपुर, खड़वाया, आदि गांव से शिव भक्त हरिद्वार रवाना हुए। खुर्जा बस स्टैंड निवासी विजयपाल सिंह ने बताया कि करीब 46 साल से लगातार कावड़ ला रहे हैं।

वह अंबेकेश्वर भोलेनाथ पर जल चढ़ाते हैं। गांव वेरी निवासी रवि शर्मा ने बताया कि जैसे-जैसे महाशिवरात्रि की तिथि करीब आ रही है, वैसे-वैसे गांव में कावड़ जाने वालों का उत्साह बढ़ रहा है। सोमवार से बड़ी संख्या में कावड़धारी भक्त बम बम भोले के जयकारों के साथ हरिद्वार के लिए रवाना होंगे।

# फर्जी कॉल कर यूपीआइ से 30 लाख की ठगी करने वाला साइबर अपराधी गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा0एम.ए.तोमर)।** थाना साइबर क्राइम जनपद मुजफ्फरनगर पुलिस ने फर्जी कॉल के जरिए लोगों से धोखाधड़ी कर यूपीआइ के माध्यम से करीब 30 लाख रुपये की ठगी करने वाले एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस ने यह कार्रवाई एडीजी जॉन मेरठ एवं दिग सहारनपुर के निर्देशन में तथा एसपी संजय कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण,एसपी क्राइम इंदु सिद्धार्थ,सीओ क्राइम रविंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी साइबर क्राइम सुल्तान सिंह के नेतृत्व में की गई।पुलिस के अनुसार गृह मंत्रालय के ऑनलाइन पोर्टल प्रतिबिम्ब पर प्राप्त शिकायतों की जांच में धोखाधड़ी से जुड़े मोबाइल नंबर और बैंक खाते मुजफ्फरनगर जनपद के पाए गए। जांच के बाद अभियुक्त विजय कुमार पुत्र सतेंद्र सिंह निवासी ग्राम सावटू थाना भौराकलां को रविवार को गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में अभियुक्त ने ऑनलाइन गेमिंग में नुकसान के बाद साइबर अपराधियों के साथ मिलकर ठगी करना स्वीकार किया।पुलिस जांच में सामने आया है कि अभियुक्त से जुड़े खातों में दो माह में करीब 30 लाख रुपये का लेनदेन हुआ है जबकि उसके विरुद्ध लगभग एक करोड़ रुपये से अधिक की साइबर ठगी की शिकायतें दर्ज हैं।अन्य मामलों की जांच जारी है।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सुल्तान सिंह, निरीक्षक रविन्द्रपाल सिंह, निरीक्षक इन्द्रजीत सिंह, उपनिरीक्षक गौरव चौहान, उपनिरीक्षक धर्मराज सिंह,उपनिरीक्षक मुबारिक हसन,हेड कांस्टेबल सुनील कुमार,हेड कांस्टेबल बालकिशन,हेड कांस्टेबल आकाश चौधरी तथा कांस्टेबल रोबिन कसाना शामिल रहे।





## पृथ्वी,प्राण और पुरुषार्थ संगोष्ठी में पर्यावरण संरक्षण पर जोर

# भारत विकास परिषद ने पृथ्वी,प्राण और पुरुषार्थ में पर्यावरण संकट पर पर्यावरण संगोष्ठी का किया आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर/हस्तिनापुर।** प्रांत भारत विकास परिषद की ओर से एस.वी.एम. योगा एंड हेल्थ साइंस कॉलेज में आयोजित पर्यावरण संगोष्ठी पृथ्वी,प्राण और पुरुषार्थ में पर्यावरण संकट पर गहन



विचार-विमर्श हुआ।संगोष्ठी में देश के प्रसिद्ध पर्यावरणविद् एवं वैज्ञानिक डा०अमर प्रकाश गर्ग ने कहा कि प्लास्टिक,पॉलीथिन और ई-वेस्ट आज पर्यावरण के लिए सबसे गंभीर चुनौती बन चुके हैं।दूषित पर्यावरण के कारण मानव की औसत आयु लगभग 70 वर्ष तक सीमित हो गई है जबकि शुद्ध पर्यावरण और प्रकृति-अनुकूल जीवनशैली अपनाकर 150 वर्ष तक भी सामान्य जीवन संभव है।डा० गर्ग ने बताया कि पर्यावरण असंतुलन के चलते वर्षा के दिनों की संख्या 50 से घटकर 28झ30 रह गई है, जिससे कहीं बाढ़ तो कहीं सूखे की स्थिति बन रही है।उन्होंने यह भी कहा कि विश्व को लगभग 80 प्रतिशत ऑक्सीजन समुद्र से प्राप्त होती है लेकिन समुद्र को ही पॉलीथिन से प्रदूषित किया जा रहा है।इसका एकमात्र प्रभावी समाधान पॉलीथिन की रीसाइक्लिंग है जो वर्तमान में मात्र 30 प्रतिशत तक ही हो पा रही है। क्षेत्रीय पर्यावरण संयोजक डा० आलोक भटनागर ने कहा कि पर्यावरण शुद्धि के लिए भारतीय परंपरा के वृक्ष नीम,पीपल और बरगद का अधिक से अधिक रोपण किया जाना चाहिए। पर्यावरण प्रकल्प प्रभारी गिरीश शुक्ला ने भी पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने पर जोर दिया।

संगोष्ठी का शुभारंभ भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मानसी वर्मा ने वंदे मातरम् का पाठ किया जबकि शक्ति शाखा की सदस्याओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष सरल माधव ने की।संचालन प्रांतीय महासचिव अरुण खंडेलवाल एवं जिला सहसमन्वयक विशाल शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।कार्यक्रम का आतिथ्य शक्ति शाखा एवं भारत विकास परिषद जिला इकाई ने संयुक्त रूप से किया।जिला समन्वयक प्रवीण गुप्ता,सह-समन्वयक विशाल शर्मा और जिला मीडिया प्रभारी अकूल अग्रवाल का विशेष योगदान रहा।संगोष्ठी के दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए हस्तिनापुर प्रांत की 23 शाखाओं को सम्मानित किया गया जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहना के साथ स्वीकार किया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय संयोजक प्रमोद गर्ग, डा०लता शर्मा,प्रांतीय संयोजक महिला सहभागिता सोनिया कश्यप, निवर्तमान अध्यक्ष शशिकांत मित्तल, रामकुमार तायल, डा० सुबोध गर्ग, सुगंध जैन, अतुल अग्रवाल,किशोर जैन, अनिल गोपाल गर्ग, कमल गोयल,नवल अग्रवाल, लक्ष्मीकांत मित्तल,कांता त्यागी, राधेश्याम गुप्ता,जिला इकाई मेरठ से संजीव गुप्ता, सुरेश शर्मा,प्रांतीय प्रकल्प प्रभारी पर्यावरण शिशुकांत गर्ग, नवीन सिंगल, मनोज सेठी,पर्यावरण संयोजक पंकज बंसल,शक्ति शाखा अध्यक्ष निर्वेश हुड्डा, सचिव राजीव मित्तल,पवन शर्मा, अमित गोयल,विनय राजवंशी,नितिन शर्मा, रवींद्र वशिष्ठ सहित परिषद की विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# बुलंदशहर के गांव सराय छबीला में दस्तारबंदी का प्रोग्राम आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** गांव सराय छबीला में मदरसा अहले सुन्नत रजाउल उलूम में 16 लड़कियां और नौ लड़कों ने कुराने पाक के मुकम्मल तालीम हासिल की और इसके साथ-साथ उर्दू की भी तालीम हासिल की इस खुशी के मौके पर फारिग बच्चों को इनाम से नवाजा गया ओर जलसे का आयोजन किया जिसमें बच्चों ने नात पढ़ी इस मौके पर जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मतलुब ने कहा कि गांव की मदरसे में मौलाना जुबेर जमाली रामपुरी ने बड़ी मेहनत की है आज उनकी मेहनत रंग लाई है आज गांव में काफी तादाद में लोगों ने कुराने पाक मुकम्मल किया है और इसके साथ-साथ काफी बच्चे कुरान हिफ्स भी कर रहे हैं छोटी मस्जिद के इमाम एवं मदरसा अहले सुन्नत रजा उल उलूम के मौलाना जुबेर जमाली रामपुरी ने सभी बच्चों को सम्मानित किया।





# कार ने बाइक को मारी टक्कर,तीन गंभीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** कोतवाली क्षेत्र में मेरठ-बदांयू हाईवे पर शनिवार शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखचे उड़ गए और मोटरसाइकिल सवार तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार की रफ्तार काफी तेज थी। चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और सामने जा रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के तुरंत बाद कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायलों को इलाज के लिए शिकारपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। प्राथमिक उपचार के दौरान डॉक्टरों ने तीनों युवकों की हालत गंभीर बताई। स्थिति नाजुक होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। हादसे में घायल युवकों की



पहचान थाना छतारी के गांव हुसैनापुरा निवासी दीपक पुत्र जसवंत उम्र करीब 32 वर्ष, सर्वेश पत्नी दीपक उम्र 30 वर्ष व उमेश पुत्र दीपक उम्र करीब 8 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया है। वहीं, फरार कार चालक की तलाश के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# उत्तर प्रदेश सरकार की छवि,धूमिल कर रहे अधिकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- संबंधित अधिकारियों की मिली-भगत से, शिक्षण संस्थान के गेट पर बेचा जा रहा है मांस मछली।
- अवैध रुप से मांस मछली के कारोबार को रोकने में, संबंधित अधिकारी नाकाम

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** सरकार के आदेशों को खुली चुनौती दे रहे है अधिकारी, समाजवादी मानसिकता रखने वाले अधिकारियों को नही आ रही यह सरकार रास इसी के चलते सरकार को बदनाम करने में कोई कोर कसर रखना नहीं चा रहे इसी का परिणाम भुगत रहे हैं स्कूली छात्र।

शहर में मानक को ताक पर रखकर,विना डाक्टर के प्रमाण पत्र के खुलेआम बेचा जा रहा है मांस।







एक तरफ सरकार का दावा की मंदिर शिक्षण संस्थानों, मंदिर , मस्जिद से कम से कम सौ मीटर की दूरी तक शराब व मांस का कारोबार वर्जित है , परन्तु यहां तो सरकार के आदेश कोई मायने ही नहीं रखते यहां तो केवल संबंधित अधिकारी का आदेश चलता है इसी के चलते शिक्षा के मंदिर के मुख्य गेट से लेकर उसकी चार दीवारी तक अवैध रुप से मांस मछली का कारोबार हो रहा है जिसे स्कूली बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड यहां से।

सप्ताह में दो दिन मांस मछली का बाजार लगता है जिसमें विना लाइसेंस के मुर्गो के काटने की अनेकों दुकानें लगाई जाती हैं और और कई दर्जन मछलियों की दुकान लगाई जाती है और वही पर उनको काट कर बेचा जाता है जिसके चलते स्कूल के पास उसकी दुर्गंध बस गई है जिससे वहां पढ़ने वाले छात्रों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है , इसके बावजूद भी संबंधित अधिकारियों की नहीं खुल रही आंखें।

**क्या कहना है, विभाग के अधिकारियों का**

जब इस संबंध में संबंधित अधिकारी से बात की तब उन्होंने बताया कि खुले में मांस बेचने की कोई परमीशन नहीं दी जाती अगर कोई भी दुकान खुले में मीट बेच रहा है तब उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी फिर चाहे बह शहर गांव या फिर हो साप्ताहिक बाजार सभी पर होगी कार्रवाई।

## संक्षिप्त समाचार

### घर में रखे लाखों के जेवर गायब सहित विभिन्न मामलों में रिपोर्ट रिपोर्ट हुई दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** थाना छजलैट क्षेत्र में हुई अलग-अलग घटनाओं में पुलिस ने कई के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। रमपुरा निवासी सुधीर का आरोप है कि पहली फरवरी को घर पर उसकी बूढ़ी मां अकेली थी उसी समय दीक्षा पत्नी नितिन और नितिन पुत्र राजेंद्र निवासी खानपुर उसके घर में आए और इसके बाद कमरे में रखे ?6000 चार चूड़ी सोने की और अन्य जेवर गायब हो गए घर आकर देखा तो उक्त लोगों से पूछताछ की मगर उन्होंने सामान देने से इनकार करते हुए धमकी देने शुरू कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। दूसरी घटना रजपुरा की है वहां के धन सिंह का कहना है की 30 जनवरी की दोपहर को उसका पुत्र मोहित सड़क के नीचे कच्चे में खड़ा था तभी जावेद बाइक लेकर लापरवाही से चलाता हुआ आया और उसके पुत्र को टक्कर मार दी जिससे उसे गंभीर चोटे आई बाइक सवार मौके से भाग गया पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जावेद के खिलाफ मामला दर्ज किया है। तीसरा मामला सलावा गांव का है वहां के गुलहसन का आरोप है कि 5 फरवरी को शाम 4:00 बजे उसकी पोती माहिरा को गांव का हसन मार रहा था जिसकी शिकायत करने वह नबी हसन के घर गया तो उक्त लोग घर में घुस गए और उसकी पुत्री के साथ मारपीट और गाली गलोज करनी शुरू कर दी यह लोग उसके परिवार से पहले भी झगड़ा कर चुके हैं पुलिस ने शिकायत मिलने पर उनके खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की है। एक घटना रामपुर निवासी व्यक्ति की है दिवाकर पुत्र चंद्रपाल का कहना है कि वह रामपुर का रहने वाला है 6 फरवरी को उसका भाई करन अपनी बाइक से हरिद्वार से घर आ रहे थे जैसे ही लदावली के पास पहुंचे सामने से ट्रैक्टर ट्राली ने उसे टक्कर मार दी टक्कर लगने से उसके गंभीर चोट आई और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई घायल को कॉसमॉस अस्पताल में भर्ती कराया गया है पुलिस ने इस मामले में भी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। राणा नगला निवासी नरेशों का कहना था कि वह सुबह 11:30 बजे घर पर अकेली थी तभी गांव का रिंकू आया और गाली देने लगा गाली देने को मैंने किया तो उसने मारपीट शुरू करके गला दबा दिया। शोर मचाने पर गांव वाले आ गए और वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गया पुलिस ने हमलावर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### अधिशासी अधिकारी ने झूलो का किया निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** नगर शिकारपुर के श्री रामलीला मैदान में आयोजित बाल प्रदर्शनी (नुमाइश) में लगे झूलों का रविवार को अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद शिकारपुर नीतू सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान झूलों की मजबूती, संचालन व्यवस्था एवं सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की गई। अधिशासी अधिकारी द्वारा झूला संचालकों को निर्देशित किया गया कि सभी झूलों का संचालन निर्धारित नियमों एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप ही किया जाए तथा बच्चों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान कुछ झूलों में कमियां पाए जाने पर आवश्यक सुधार के निर्देश संबंधित संचालकों को दिए गए। अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह ने बताया कि नुमाइश में आने वाले नागरिकों, विशेषकर बच्चों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार के नियम उल्लंघन की स्थिति में संबंधित झूला संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के पश्चात नुमाइश परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के साथ-साथ विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए, जिससे आमजन स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण में नुमाइश का आनंद ले सकें।

### थाने पहुंच मरीज ने डॉक्टर के खिलाफ तहरीर देकर की कार्यवाही की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (दानिश अली )।** ऑपरेशन के बाद बिड़गी हालात पीड़ित ने पुलिस को शिकयती पत्र देकर लगाई कानूनी कार्यवाही की गुहार। हयातनगर थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर धतरा निवासी अब्दुल बारी पुत्र खुदा बख्श ने थाना हयातनगर पहुँच लिखित में शिकयत देकर डॉक्टर के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की माग की है पीड़ित का कहना है कि वह भगन्दर के उपचार हेतु नई बस्ती सम्भल में डॉक्टर बंगाली के यहां गया था पीड़ित आरोप है कि डॉक्टर ने बिना जांच किये उससे बीस हजार रुपये लेकर उसका आप्रेशन कर दिया जिस कारण तभी से उसकी हालत बिगड़ने लगी। जिसके बाद उसने अपने आप को अन्य डॉक्टरो को दिखाया जिन्होनें उसे नापस कर दिया।

## संदेश एसपी क्राइम इंदु सिद्धार्थ की मौजूदगी में योगाभ्यास कार्यक्रम हुआ संपन्न

# रिजर्व पुलिस लाइन में योगाभ्यास कार्यक्रम में रिक्रूट आरक्षियों को तनावमुक्त रहने का दिया संदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा० एम ए तोमर)।** पुलिस बल को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन मुजफ्फरनगर में विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक अपराध इन्दु सिद्धार्थ की उपस्थिति में तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ।

योगाभ्यास का उद्देश्य रिक्रूट आरक्षियों को अनुशासित जीवनशैली अपनाने, तनाव प्रबंधन एवं कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए प्रेरित करना रहा।इस अवसर पर योगाचार्य देवेन्द्र कुमार बंसल ने पुलिस अधिकारियों एवं रिक्रूट आरक्षियों को योगासन,प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया।उन्होंने बताया कि पुलिस सेवा चुनौतीपूर्ण एवं तनावपूर्ण होती है, ऐसे में नियमित योग से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है बल्कि मानसिक संतुलन,आत्म-नियंत्रण और निर्णय क्षमता में भी वृद्धि होती है।कार्यक्रम के दौरान रिक्रूट आरक्षियों ने पूर्ण अनुशासन एवं उत्साह के साथ योगाभ्यास में भाग लिया जिससे प्रशिक्षण का वातावरण सकारात्मक एवं ऊजार्वान बना रहा।एसपी क्राइम इन्दु सिद्धार्थ ने रिक्रूट आरक्षियों से संवाद करते हुए योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि शारीरिक फिटनेस और मानसिक मजबूती पुलिसकर्मियों के लिए अत्यंत आवश्यक है जिससे वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन अधिक प्रभावी ढंग से कर सकें।उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में पुलिस लाइन एवं प्रशिक्षण केंद्रों में इस प्रकार के योग एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।कार्यक्रम में एएसपी /सीओ सिटी सिद्धार्थ मिश्रा,सीओ जानसठ रुपाली रॉय चौधरी तथा प्रतिसार निरीक्षक ऊदल सिंह ने भी योगाभ्यास में सहभागिता की।





# प्रदूषण के खिलाफ किसानों का लगातार बढ़ता जा रहा है आक्रोश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला (डा. महताब अमरोहवी)।** जिले के गजरौला क्षेत्र में रासायनिक कारखानों से लगातार हो रहे प्रदूषण के खिलाफ किसानों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। शहबाजपुर डोर में लगातार पचासदिनों से धरने पर बैठे किसानों का धैर्य जवाब दे गया। रविवार को जुबिलेंट इन्ग्रेविया समेत तमाम रासायनिक कारखानों के पुतले फूंक कर किसानों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।रविवार को ट्रैक्टर ट्रालियों में भरकर भारी संख्या में किसान जत्थेबंदियां धरना स्थल पर पहुंची और विरोध प्रदर्शन किया।उल्लेखनीय है कि गजरौला इलाके के नाईपुरा गांव सहित आसपास के इलाकों में कारखानों के जहरीले अपशिष्टों ने भूजल, सुजमना ढाब झील से निकलने वाली बगद नदी, तालाबों और जल स्त्रोतों को बुरी तरह दूषित कर दिया है। हैंडपंप और ट्यूबवेल से पीला, बदबूदार और केमिकल युक्त पानी निकल रहा है, जिससे स्थानीय किसानों में कैंसर जैसी घातक बीमारियां फैल रही हैं। फसलें बर्बाद हो रही हैं, पशुधन प्रभावित है और लोग गंभीर स्वास्थ्य संकट का सामना कर रहे हैं।किसान नेता इसे विकास के नाम पर विनाश करार दे रहे हैं। किसानों का कहना है कि जब तक जल-जंगल-जमीन पर समाज का अधिकार था, तब सब सुरक्षित था, लेकिन तथाकथित विकास माडल की आड़ में रासायनिक कारखानों ने अब सब छीन लिया। पिछले पचास दिनों से किसान संसद और विधानसभा की ओर मुंह उठाए समाधान की राह तक रहे हैं। इस मौके पर किसानों की चेतावनी गौरतलब है कि सत्ता शीर्ष पर पहुंचने के बाद या तो सम्मान से नीचे आना पड़ता है, या लुढ़कने की प्रतीक्षा करें। कहा विकास जरूरी है, लेकिन सिस्टम दुरुस्त करना उससे भी ज्यादा जरूरी है, वरना विकास और विनाश में जरा भी फर्क नहीं रहता। रविवार को ट्रैक्टर ट्रालियों में भरकर धरना स्थल पर पहुंचे किसानों ने जिला प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हुए जुबिलेंट इन ग्रेविया समेत तमाम अन्य फैक्ट्रियों का पुतला फूंककर जबरदस्त विरोध जताया। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) संयुक्त



मोर्चा के बैनर तले नाईपुरा- शहबाजपुर डोर इलाके में किसानों का बेमियादी धरना प्रदर्शन चल रहा है। आंदोलनकारी किसानों की मांग है कि प्रदूषण फैलाने वालों पर जब तक ठोस कार्रवाई नहीं हो जाती है तब तक किसान इसी तरह धरने पर डटे रहेंगे। किसानों की मांग है कि जल- जंगल-जमीन का संरक्षण हो, एमएसपी कानून की गारंटी हो और आयात नीति किसान हित में रहे। किसान नेताओं ने सवाल उठाया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पलायन रोकने के लिए पर्यावरण बचाने की बात करते हैं, लेकिन प्रदूषण से बबार्दी के कगार पर, पहुंचने से पलायन को मजबूर किसानों की पिछले पचास दिनों से सुध नहीं ली जा रही? भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) संयुक्त मोर्चा राष्ट्रीय प्रमुख सचिव अरुण सिद्धू, प्रदेशाध्यक्ष रामकृष्ण चौहान तथा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रभारी एवं मंडल अध्यक्ष एहसान अली, कांग्रेस नेता आसिम बिल्डर, शकील चौधरी ने अमेरिका ट्रेड डील को भी किसानों के लिए विनाशकारी बताया है, उन्होंने देश के सत्ता शीर्ष नेतृत्व से सवाल किया कि देश का नेतृत्व दिल्ली से होता है या वाशिंगटन से?आरोप लगाया कि नाईपुरा जैसे गांव वासियों को जहरीले कारखाने रोजगार तो नहीं दे पाए, उल्टे उन्हें सरकार और जिला प्रशासन द्वारा बबार्दी मचाने की छूट दे रखी है।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने,सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से बांधी समा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** रविवार 8फरवरी को पवांसा स्थित पवांसा स्थित श्रीमती मनोरमा राघव आदर्श इंटर कॉलेज और एसएमआर पब्लिक स्कूल में रविवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित मेहनत कर परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर स्कूल,शिक्षक और अपने माता-पिता का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।वहीं उन्होंने सभी छात्र-



श्रीमती मनोरमा राघव आदर्श इंटर कॉलेज और एसएमआर पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में भाजपा के शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लो,संभल जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह चौधरी,जिला पंचायत सदस्य अवधेश प्रताप सिंह राघव ने सरस्वती मां के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।वहीं ब्लाक क्षेत्र से आए अलग-अलग इंटर कॉलेज के प्रबंधकों ने वित्तविहीन शिक्षकों और उनके परिवार का सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड से पांच लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज की घोषणा करने पर शिक्षक विधायक का आभार व्यक्त किया। किया गया।जहां कार्यक्रम में सरस्वती वंदना के साथ शुरू किए गए कार्यक्रम में छात्राओं ने मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।देशभक्ति गीतों के साथ स्वागत गान,झांसी की रानी,नारी शक्ति,ऑपरेशन सिंदूर, बिजली बचाओ कार्यक्रम, महाभारत, सुनो गौर से दुनिया वालों,सोशल मीडिया से बच्चों में होने वाले दुष्प्र भाव से बचाव,कर चले हम फिदा जानो तन साथियों आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लो ने सभी छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए कड़ी छात्राओं को मोबाइल और सोशल मीडिया से दूर रहने की सलाह दी।कार्यक्रम में आए जादूगर शशांक दिवाकर ने तरह-तरह के मैजिक शो दिखाकर समा बांध दिया।इस दौरान कालेज प्रबंधक रामवीर सिंह राघव,रजत विक्रांत सिंह, देवांशु राघव,तरुष प्रताप सिंह,जय विक्रांत,डाक्टर नागेंद्र सिंह,डाक्टर संतोष यादव,अभय पाल राघव,संजीव यादव, जीतपाल यादव,सुभाष राघव, अमरपाल सिंह,आकाश,संजय राघव, अखलाक हुसैन,सोनू चाहल, मुनाजिर हुसैन, भूरे खान,रणधीर सिंह, गंगाराम सैनी,राम बहादुर, सुलेराम सिंह,हिर्देश यादव आदि मौजूद रहे।

# हिंद इंटर कॉलेज के मैदान में भव्य डॉग शो,उमड़ा लोगों का सैलाब

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (दानिश अली )।** रविवार को नगर क्षेत्र स्थित हिन्द इंटर कॉलेज के मैदान में भव्य डॉग शो का आयोजन किया गया, जिसने पूरे इलाके का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। सुबह से ही मैदान में दर्शकों की भारी भीड़ जुटनी शुरू हो गई। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में डॉग शो को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। डॉग शो में देसी और विदेशी नस्लों के कुत्तों ने हिस्सा लिया। जर्मन शेफर्ड, लैब्राडोर, रॉटविलर, पग के साथ-साथ देसी कुत्तों ने भी अपनी फुर्ती, आज्ञाकारिता और समझदारी से लोगों का दिल जीत लिया। प्रशिक्षकों द्वारा कुत्तों से कराए गए करतबों पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से मैदान गूंजा उठा। कार्यक्रम में मौजूद पशु चिकित्सकों और विशेषज्ञों ने लोगों को कुत्तों के व्यवहार, उनकी देखभाल और रेबीज से बचाव को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हर कुत्ता हिंसक नहीं होता और देसी कुत्ते समाज व गांवों की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाते हैं।



डॉग शो के अंत में विभिन्न श्रेणियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कुत्तों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य लोगों में पशु-प्रेम बढ़ाना और कुत्तों के प्रति फैली गलत धारणाओं को दूर करना है। हिंद इंटर कॉलेज के मैदान में हुआ यह डॉग शो मनोरंजन के साथ-साथ जागरूकता का संदेश देकर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# महाशिवरात्रि एवं रमजान पर्व को लेकर अधिकारियों ने पढ़ाया एकता का पाठ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**क्योलडिया।** थाना परिसर में रविवार को आगामी महाशिवरात्रि और रमजान को लेकर पीस कमेटी का आयोजन किया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी निलेश मिश्रा ने सभी से आगामी पर्व साकुशल संपन्न कराने की अपील की और कहा कि अफवाहों से बचें और खुराफात करने वाले बक्से नहीं जाएंगे।
प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह ने सभी से पर्व आपसी सौहार्द और एकता के साथ मनाए जाने की अपील की। उन्होंने मस्जिद के इमाम और मंदिर के पुजारियों से वार्ता की। इस दौरान इंस्पेक्टर क्राइम शैलेंद्र कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक देशराज तोमर, उप निरीक्षक महेंद्र प्रताप, ग्राम प्रधान आजम आसिफ, रफीक अहमद, जुल्फिकार खान, मोहम्मद अजीम, छत्रपाल दिवाकर, रविंद्र गंगवार, अनीश खा, हफीज



कमालुद्दीन, मोहम्मद फारूक, डंपी सिद्दीकी, रजनीश कुमार ठाकुर विनय सिंह, समेत आदि लोग मौजूद रहे।

# विधायकों को ज्ञापन देकर की गई मछुआरा समाज की विभिन्न मांगों को विधानसभा में उठाने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (दानिश अली)।** निर्मल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) के कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने मछुआरा समाज से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर गुन्नौर विधायक राम खिलाड़ी यादव और सम्भल विधायक इकबाल महमूद को ज्ञापन

## निषाद पार्टी ने सौंपा विधायकों व सपा जिलाध्यक्ष को पाँच सूत्रीय ज्ञापन

सौंपा। पार्टी नेताओं ने विधायकों से विधानसभा में मछुआरा समाज की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने की अपील की। ज्ञापन में पांच सूत्रीय मांगें शामिल थीं। इनमें मछुआरा समाज की जनगणना संवैधानिक अनुसूचित जाति के तहत कराने, मछुआरों को संवैधानिक मझवार और तुरैहा जाति के तहत अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र देने की मांग प्रमुख थी। इसके अतिरिक्त, मछुआरा समाज का नाम ओबीसी सूची से हटाने, नई संशोधित ओबीसी सूची जारी करने और निषाद, केवट, मल्लाह, कश्यप, धीमर, बिंद, बाथम, तुरैहा, गोड़िया, मांझी, मछुआ जैसी जातियों को अनुसूचित जाति की सभी सुविधाएं प्रदान करने की भी मांग की गई। पार्टी के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार ने कहा कि पार्टी तुरैहा समाज के संवैधानिक आरक्षण के लिए संघर्ष कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि संविधान की सूची में शामिल होने के बावजूद मछुआरा



समाज को अभी तक उसका अधिकार नहीं मिला है। पूर्व की सरकारों ने समाज के साथ अन्याय किया और उन्हें आरक्षण से वंचित रखा। अखिलेश कुमार ने उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार लेदरमैन और वॉशरमैन समाज को संवैधानिक आरक्षण का लाभ मिला है, उसी तरह फिशरमैन समाज को भी आरक्षण का अधिकार है, लेकिन यह अब तक लागू नहीं हो सका है।
उन्होंने बताया कि वर्तमान में कश्यप, धीमर, मल्लाह और कहार जैसी जातियां ओबीसी सूची में हैं, जबकि राज्यपाल द्वारा इन्हें अनुसूचित जाति में शामिल किया जा चुका है।पार्टी जिलाध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्भल जिले में मछुआरा समाज की आबादी एक लाख से अधिक है। इस मौके पर राम लखन कश्यप, प्रेमपाल, आकाश तुरैहा, तरुण तुरैहा, जगत सिंह, बाबूराम, अनीता, देवचंद, राकेश सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# टिकट योग्यता पर मिलेगा,परिवारवाद पर नहीं : आतिर हुसैन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (दानिश अली)।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एव सम्भल, असमोली और चंदौसी विधानसभा प्रभारी आतिर हुसैन ने शनिवार को बदायूं दरवाजा चौधरी सराय में आयोजित ज़िला पंचायत चुनाव तैयारी बैठक में कहा कि अब यह समय विकास न होने की शिकायत करने का नहीं, बल्कि आगे बढ़कर चुनाव लड़ने का है। अगर कुछ नेताओं ने दशकों तक जनता के लिए कोई काम नहीं किया, तो अब उनसे विकास की क्या उम्मीद रखी जाए। आतिर हुसैन ने कहा आने वाले समय में जिला पंचायत चुनाव होने जा रहे हैं। आम आदमी पार्टी का आह्वान है कि योग्य लोग आगे आएँ, मजबूत दावेदारी पेश करें, चुनाव लड़ें, जीतें और अपने क्षेत्र के विकास की जिम्मेदारी निभाएँ। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया यहीं नहीं रुकती। विधानसभा चुनाव, नगर



पालिका चुनाव और लोकसभा चुनाव –हर स्तर पर आम आदमी पार्टी आम नागरिकों को राजनीति में भागीदारी का अवसर देती है। साथ ही कहा कि आम आदमी पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है जहाँ एक आम आदमी तात्कालिक मुख्यमंत्री को भी चुनाव में हरा देता है, और जहाँ एक महिला पहली बार विधायक बनकर मंत्री बनती हैं और उन्हें दिल्ली के मुख्यमंत्री पद तक पहुँचने का अवसर मिलता है। यह सब केवल आम आदमी पार्टी में ही संभव है। आतिर हुसैन ने संभल विधानसभा का उदाहरण देते हुए कहा किसी पार्टी में कुछ प्रमुख दावेदार टिकट के लिए आपस में संघर्ष कर रहे हैं । लगता है उस पार्टी में टिकट के लिए कोई योग्यता नहीं परिवारवाद का प्रमाण पत्र होना ही काफी मान लिया जाता है। जो लोग वाह विधानसभा का टिकट मांग रहे हैं, वे खुद नगर पालिका का चुनाव हार चुके हैं या अपने परिवार के सदस्यों को भी नगर पालिका का चुनाव तक नहीं जिता पाए हैं । सम्भल में जो परिवार दशकों से राजनीति में हैं, वे बताएं कि पिछले 50 वर्षों में संभल को क्या मिला। इस मौके पर मोहम्मद,सैयद दानिश, मोहम्मद अयूब, सैयद दानिश, सचिन कुमार, विजय पल आदि मौजूद रहे ।

# हिन्दू सम्मेलन में भारतीय संस्कृति एवं सनातन परम्परा पर हुई चर्चा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गवाँ (लल्ला सलमानी)।** रविवार को जपुरा ब्लॉक क्षेत्र के गांव करकौरा स्थित श्री हाथीराम बाबा आश्रम पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया




गया। जिसमें भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और सामाजिक एकता पर विस्तार से चर्चा की गई। आयोजित हिंदू सम्मेलन की अध्यक्षता महंत लखनदास महाराज ने की।कार्यक्रम में संगठित, सशक्त और जीवंत समाज के राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका और पंच परिवर्तन के विषयों पर अपने विचार रखे कार्यक्रम का शुभारंभ धार्मिक अनुष्ठान और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्य वक्ताजिला बौद्धिक प्रमुख सतीश ने समाज में पंच परिवर्तन पर प्रकाश डाला, जिसमें मातृ शक्ति को प्रमुख आधार बताया सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रमेशानंद गिरि महाराज ने कहा कि भारत की पहचान उसकी संस्कृति, संस्कार और परंपराओं में से एक है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति मानवता, करुणा और विश्व कल्याण का मार्ग दिखाती है। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि सभी लोग अपनी संस्कृति को समझें, अपनाएं और आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य करें। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष उमेश चंद शर्मा, दयाशंकर सिंह, संतोष कुमार, मदनपाल, योगेंद्र कुमार, सुरेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, पवन कुमार, राधेश्याम, कांग्रेस सिंह, हरगोविंद सिंह, विनोद कुमार, प्रमोद कुमार आदि उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि पर्व पर हजारों शिव भक्त हरिद्वार व अन्य गंगाघाटों पर पहुंचते हैं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** और वहां गंगा स्नान करने के बाद पैदल ही कांवड़ लेकर बम भोले का जयघोष करते हुए लौटते हैं। संभल जिले में सादातबाड़ी, बेरनी, गुमसानी, फत्तेहपुर भाऊ, गंगहेटा, पातालेश्वर महादेव मंदिर पक्का बाग समेत सभी प्रमुख शिव मंदिरों पर जलाभिषेक कर कांवड़ चढ़ाते हैं, लेकिन जिले में तमाम स्थानों पर कांवड़ यात्रा मार्गों की हालत खराब है। तो कई जगह मंदिर मार्ग भी खराब है। जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते इस बार शिव भक्तों को कंकड़ व गड्ढ़ों से भरे रास्ते से होकर गुजरना पड़ेगा। कंकड़ पत्थर शिव भक्तों की राहत में रोड़ा बनेंगे। कांवड़ सेवा समितियों ने मांग उठाई है कि कांवड़ यात्रा मार्गों को महाशिवरात्रि से पहले दुरूस्त करा दिया जाए।

# संभल में अब्बासी सोसाइटी ने किया विचार गोष्ठी का आयोजन, सक्रिय सदस्यों के मनोनयन पर हुई चर्चा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (मौहम्मद अब्बास)।** रविवार को



अब्बासी वेलफेयर हैल्थ एंड एनुकेशनल सोसाइटी रजि0 की जानिब से एक विचार गोष्ठी का आयोजन कर सोसाइटी के कार्यों पर चर्चा करते हुए आगामी माह में होने वाले कार्यक्रमो की रणनीति बनाई ओर सभी सोसाइटी सदस्यों से एकजुटता के साथ सोसाइटी के कार्यो में प्रगति लाने की अपील व सक्रिय सदस्यों मनोनयन पर विचार विमर्श किया गया
विचार गोष्ठी की अध्यक्षता सोसाइटी अध्यक्ष अजीम अब्बासी व संचालन यूथ विंग अध्यक्ष सिब्ते अली ने किया
इस दौरान मुख्य रूप से अन्हार पाशा सिब्ते अली मोहम्मद सलमान आमिर सुहैल जमील उर रहमान मुन्नू मुजीब अहमद मो0 सुलेमान डॉ रशिक अनवर सहित काफी संख्या में सोसाइटी पदाधिकारीगण का उपस्थित रहे।

# संभल-गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग को जारी रहेगा आंदोलन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** संभल-गजरौला रेल लाइन के विस्तारीकरण की मांग को लेकर जिला संघर्ष समिति की बैठक गांव गैलुआ में हुई।
बैठक में वक्ताओं ने कहा कि संभल-गजरौला रेल लाइन का विस्तारीकरण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है।
इस मुद्दे पर चर्चा करते हुए चौधरी रविराज चाहल ने कहा कि इस वर्ष के आम बजट में भी क्षेत्र को निराशा हाथ लगी है, लेकिन इससे हताश होने की जरूरत नहीं है। कहा कि संघर्ष समिति जागरूकता अभियान को लगातार आगे बढ़ाएगी और साधु-संतों, ग्राम प्रधानों, जिला पंचायत सदस्यों तथा जागरूक नागरिकों के माध्यम से अपनी मांग को प्रधानमंत्री व रेल मंत्री तक निरंतर पहुंचाया जाएगा। बताया कि प्रत्येक पखवाड़े एक ज्ञापन अवश्य भेजा जाएगा, जिससे यह मांग केंद्र सरकार के समक्ष लगातार बनी रहे।
संजीव शर्मा ने कहा कि यह मांग पूरी तरह जनहित से जुड़ी है और सरकार को रेल लाइन विस्तारीकरण के लिए बजट स्वीकृत करना चाहिए। इससे ग्रामीण क्षेत्र का तेजी से विकास होगा। इसमें चौ. रविराज चाहल, महावीर सिंह, योगेश कुमार, चंद्रभान जाटव, शीशपाल सिंह, बंसी, वीरेंद्र सिंह, मनोज कुमार, रामौतार सिंह, मोहम्मद यामीन आदि रहे।

**ज्ञापन** दिव्यांगजनों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा 21 सत्रीय ज्ञापन: मांगों पर कार्रवाई की अपील, बोले- सुविधाओं के लिए करना पड़ रहा संघर्ष

# फाउंडेशन ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा 21 सत्रीय ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (मौहम्मद अब्बास)।** नगर की नई तहसील पर राष्ट्रीय दिव्यांग एवं महिला सशक्तिकरण विकास फाउंडेशन के तत्वावधान में दिव्यांगजनों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौपा जिसमें 21 सूत्रीय मांगों को प्रमुखता से उठाया गया।
फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद कासिम ने बताया कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग हैं, फिर भी उन्हें आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नायब तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री तक दिव्यांगजनों की समस्याओं को पहुँचाने का प्रयास किया गया है। विशेष रूप से तीसरी श्रेणी के दिव्यांगजनों द्वारा की जा रही कठिनाइयों पर



प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इन दिव्यांगजनों को राशन कार्ड, बिजली कनेक्शन, पेंशन, रोजगार और आवास जैसी सुविधाओं में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ता है। कई पात्र दिव्यांगजन अभी भी सरकारी योजनाओं का लाभनहीं ले पा रहे हैं। सरकार से इन समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की। मोहम्मद कासिम ने 11 फरवरी को प्रस्तावित दिव्यांगजनों से संबंधित बजट में सरकार से सकारात्मक निर्णय की उम्मीद जताई। उन्होंने मुख्यमंत्री से दिव्यांगजनों की आवाज को गंभीरता से सुनने और उनकी मांगों को शीघ्र पूरा करने का आग्रह किया, ताकि वे आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन जी सकें। इस अवसर पर विजेंदर, अंसार मंसूरी, अशरफ, अली वारिस, असलम, सुभान, बिलाल, महेन्द्र, फिरोज, कमरुल, इंतजार सहित बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

# पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में 30 मामलों की सुनवाई, 6 परिवारों में हुआ समझौता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी/बहजोई।** जनपद संभल के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन में संचालित पुलिस परिवार परामर्श सुलह-समझौता केंद्र की बैठक पुलिस लाइन मंडी समिति, बहजोई में आयोजित की गई। बैठक का संचालन नियमित काउंसलिंग परामर्श केंद्र के प्रभारी डॉ. रुकमपाल सिंह की देखरेख में किया गया। इस दौरान पति-पत्नी के मध्य उत्पन्न पारिवारिक विवादों को काउंसलर्स के सहयोग से आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। बैठक में कुल 30 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें से 10 मामलों का निस्तारण किया गया। वहीं 6 परिवारों के बीच आपसी सहमति से समझौता कर उन्हें पुनः मिलाया गया। इसके अतिरिक्त 4 पत्रावलियों को आवेदकों द्वारा बल न देने के कारण बंद कर दिया गया। इस अवसर पर काउंसलर श्वेता गुप्ता, सीमा आर्य, बबीता शर्मा, कांस्टेबल शहजाद मलिक, एलएचसी रश्मि गहलोत, एलसी ज्योति सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# ऑपरेशन सवेरा के तहत 5 किलो से अधिक गांजा के साथ शातिर अवैध मादक पदार्थ तस्कर आया थाना बुढाना पुलिस की गिरफ्त में

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डा० एम ए तोमर)।** जनपद में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा




अभियान के अंतर्गत थाना बुढाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5.092 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है।यह कार्रवाई एडीजी मेरठ एवं डीआईजी सहारनपुर के निर्देशन में एसएसपी मुजफ्फरनगर संजय कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण तथा एसपी देहात आदित्य बंसल, सीओ बुढाना गजेन्द्र पाल सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक बुढाना सुभाष बाबू अत्री के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार शुक्रवार की रात्रि थाना बुढाना पुलिस टीम ने बुढाना-कांधला मार्ग से विज्ञाना जाने वाले रास्ते से एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से 5.092 किलोग्राम गांजा बरामद किया।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सरताज उर्फ मोनू पुत्र बाबू निवासी मोर वाली प्याऊ के पास लकस्बा व थाना बुढाना, मुजफ्फरनगर के रूप में हुई।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अनुपम सिंह, उपनिरीक्षक संदीप कुमार, उपनिरीक्षक छविकान्त सिंह,हेड कांस्टेबल गजेन्द्र सिंह तथा कांस्टेबल गौरव पूनिया शामिल रहे।

# वर्ष 2026-27 केन्द्रीय बजट किसानों की आय बढ़ाने और खेती की लागत घटाने पर है केंद्रित: कपिल देव अग्रवाल

**बुलन्द संदेशज्ञ ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डा0 एम.ए.तोमर)।** सदर विधानसभा क्षेत्र के कूकड़ा मंडल के ग्राम मखियाली में आयोजित जन चौपाल में मंत्री कपिल देव ने केन्द्रीय बजट 2026-27 को किसान हितैषी और ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह बजट किसानों की आय बढ़ाने,लागत कम करने और आधुनिक तकनीक से खेती को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य ह्लहर खेत को पानीह्व अभियान को तेजी से आगे बढ़ाना है जिसके तहत सिंचाई सुविधाओं के विस्तार,सूक्ष्म सिंचाई योजनाओं को बढ़ावा देने और लंबित परियोजनाओं को पूरा करने के लिए विशेष बजटीय प्रावधान किए गए हैं।मंत्री ने बताया कि उन्नत एवं प्रमाणित बीजों की उपलब्धता, जैविक व प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन,मृदा स्वास्थ्य सुधार और उर्वरक सब्सिडी के माध्यम से खेती की लागत घटाने पर विशेष ध्यान दिया गया है।कृषि यांत्रीकरण, ड्रोन तकनीक,डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन,प्रिसिजन फार्मिंग और कृषि स्टार्टअप को बढ़ावा देकर युवाओं को खेती से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।उन्होंने कृषि में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अक आधारित फसल सलाह,मौसम पूवार्नुमान,रोग पहचान,मिट्टी विश्लेषण और स्मार्ट सिंचाई प्रबंधन से किसानों को सही समय पर सही निर्णय लेने में मदद मिलेगी



जिससे उत्पादन बढ़ेगा और लागत में कमी आएगी।किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने के लिए आधुनिक वेयरहाउस,कोल्ड-चेन,भंडारण क्षमता विस्तार और कृषि विपणन अवसंरचना को मजबूत किया जाएगा।मंत्री कपिल देव ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड का दायरा बढ़ाया जाएगा, सस्ती दरों पर कृषि ऋण उपलब्ध कराया जाएगा,ब्याज अनुदान और फसल बीमा योजनाओं को और प्रभावी बनाया जाएगा ताकि आपदा की स्थिति में किसानों को त्वरित राहत मिल सके।पशुपालन,दुग्ध उत्पादन,मत्स्य पालन और मधुमक्खी पालन को आय के वैकल्पिक स्रोत के रूप में विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा।जन चौपाल के दौरान ग्राम मखियाली और चांदपुर से आए नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए गए।इस अवसर पर आंचल तोमर (पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष),वीरपाल,संदीप प्रधान,योगेश प्रधान,शीशपाल,ओमपाल कटारिया,राकेश बीडीसी,जयनंद कश्यप, रामकुमार शर्मा,जयवीर,करण बाबा,कल्लू बाबा, प्रमोद,परमिंदर, प्रमोद राठी (चेयरमैन),संजीव उर्फ कल्लू प्रधान (कूकड़ा),मोनू,दिनेश (बिलासपुर),अमित (रोडवेज),अनुज (मखियाली),सुनील प्रधान (चांदपुर),सुधीर आर्य,अरविंद कश्यप,विक्की चौधरी (चांदपुर), अशोक मैनेजर (चांदपुर),रविंद्र प्रधान (भंडूरा), सोनू पाल (सिखरेड़ा),घीर सिंह सैनी,हरेंद्र पाल (निवर्तमान मंडल अध्यक्ष कूकड़ा),अमित शास्त्री (मंडल अध्यक्ष

# एसआरएम टीम ने जिला अस्पताल सहित शहरी-ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डा0एम.ए.तोमर)।** जिला





अस्पताल (पुरुष) एवं जिला महिला चिकित्सालय के साथ-साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,आयुष्मान आरोग्य मंदिर तथा अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का बाहर से आईएसआरएम टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं,व्यवस्थाओं एवं उपलब्ध सुविधाओं की गहन समीक्षा की गई।एसआरएम टीम ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर सूजडू चुंगी,अवध विहार एवं मिमलाना रोड का निरीक्षण किया। इसके अलावा अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरी,सरवट-ब्रह्मपुरी,गौशाला,कृष्णापुरी, सुभाष नगर (भारतीय कॉलोनी) तथा अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पॉलीक्लिनिक दक्षिणी खालापार मुजफ्फरनगर का भी निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान टीम ने साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता,मरीजों को दी जा रही सुविधाओं तथा रिकॉर्ड संधारण की स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# खेड़ा मस्तान में चल रहे हनुमान मेले में मिशन शक्ति टीम ने चलाया महिला जागरूकता अभियान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डा0 एम.ए.तोमर)।** थाना फुगाना क्षेत्र के खेडामस्तान में चल रहे हनुमान मेले के दौरान मिशन शक्ति अभियान की नोडल अधिकारी एसपी क्राइम इंदु सिद्धार्थ के दिशा निर्देशन में मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा,सम्मान और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।टीम ने महिलाओं से संवाद कर





घरेलू हिंसा,छेड़छाड़, साइबर अपराध व स्टॉकिंग से बचाव की जानकारी दी। अभियान के तहत महिलाओं को डायल-112, 181, 1090,1098 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं महिला केंद्रित सरकारी योजनाओं की जानकारी पंफलेट के माध्यम से दी गई। मेले में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एंटी रोमियो टीम भी सक्रिय रूप से तैनात रही।पुलिस ने आमजन से अपील की कि किसी भी समस्या की सूचना तत्काल पुलिस को दें।महिला सुरक्षा को लेकर जनपद पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# शालू सैनी जैसी सेविकाएं समाज की असली धरोहर: चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डा0 एम.ए.तोमर)।** साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा दक्षिणी कृष्णापुरी स्थित





गोगा की म्हाड़ी के सामने बेसहारा बुजुर्ग महिलाओं के लिए स्थापित ह्यअपना घर वृद्धा आश्रम का रविवार को नगर पालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप ने फीता काटकर आश्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर मीनाक्षी स्वरूप ने ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रांतिकारी शालू सैनी और उनकी टीम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे समय में जब पारिवारिक रिश्ते कमजोर हो रहे हैं, शालू सैनी जैसी समाजसेविकाएं समाज की असली धरोहर हैं। यह आश्रम केवल भवन नहीं, बल्कि बेसहारा माताओं के लिए सम्मान, सुरक्षा और संवेदनाओं का केंद्र बनेगा। नगर पालिका स्तर से हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।क्रांतिकारी शालू सैनी ने कहा कि समाज सेवा के दौरान बेसहारा माताओं की पीड़ा ने उन्हें इस आश्रम की प्रेरणा दी।बाबा महाकाल की कृपा से शुरू किया गया यह आश्रम बुजुर्ग महिलाओं को छत,भोजन के साथ बेटी जैसा स्नेह और सम्मान देगा।उल्लेखनीय है कि शालू सैनी ह्यलावारिसों की वारिसह्व के रूप में पहचान बना चुकी हैं और अब तक एक हजार से अधिक लावारिस शवों का धार्मिक रीति-रिवाजों से अंतिम संस्कार कर वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बना चुकी हैं।उद्घाटन अवसर पर मास्टर विजय सिंह, मंगलेश प्रजापति,राजू सैनी,साक्षी सैनी,सुमित सैनी सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में बाल विवाह रोकथाम पर जागरूकता अभियान,प्रतियोगिता आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डा0 एम.ए.तोमर)।** बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय ब्लॉक शाहपुर में शनिवार को जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ह्लबाल विवाह के नुकसानह्व विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।यह कार्यक्रम जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं मुख्य विकास अधिकारी कण्डारकर कमल किशोर देशभूषण के निर्देशन में संपन्न हुआ।बाल कल्याण समिति के सदस्य डा० राजीव कुमार ने छात्राओं को बाल विवाह से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों की विस्तार से जानकारी दी।प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं आकांक्षा, राधिका, कन्नू, शफीना, रिया, खुशी, जिया,इशिका एवं





संचिव, रितिका को स्माइल मग भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। डा० राजीव कुमार ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह दंडनीय अपराध है जिसमें दो वर्ष तक का कारावास अथवा एक लाख रुपये का जुमार्ना या दोनों का प्रावधान है।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारत में विवाह के लिए लड़के की न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं लड़की की 18 वर्ष निर्धारित है।बाल विवाह की सूचना बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी,पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या स्थानीय पुलिस को दी जा सकती है।कार्यक्रम में विद्यालय वार्डन गीता, अध्यापिका रीना,अनुपमा एवं छात्रा शालिनी का विशेष सहयोग रहा। बालिका शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान, संरक्षण एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से जिला बाल संरक्षण अधिकारी संजय कुमार एवं बाल कल्याण समिति के सदस्य डा० राजीव कुमार द्वारा यह जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# पीआर पब्लिक स्कूल में राज्य स्तरीय केबीसी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डा0 एम.ए.तोमर)।** पीआर पब्लिक स्कूल पचेंडा रोड मुजफ्फरनगर में केबीसी फाउंडेशन के सौजन्य से द्वितीय राज्य स्तरीय केबीसी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 10 तक के विभिन्न विद्यालयों के करीब 300 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया जिसमें जनपद सहित कुल 12 विद्यालयों के विद्यार्थियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम में केबीसी फाउंडेशन के संस्थापक संदीप शर्मा,निरीक्षक गर्व शर्मा एवं यतेंद्र यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे।इस अवसर पर संदीप शर्मा ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए पी आर पब्लिक स्कूल की बेहतर व्यवस्था, अनुशासन और सहयोग की सराहना करते हुए विद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनघ सिंघल एवं प्रबंधक अशोक सिंघल ने केबीसी फाउंडेशन का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए पी आर पब्लिक स्कूल को प्रतियोगिता केंद्र के रूप में चयनित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। प्रतियोगिता को सफल बनाने में दिव्या शर्मा, प्रवीण कुमार, प्रज्ञा सिंधी,शंकर शर्मा सहित समस्त पी आर पब्लिक स्कूल स्टाफ का विशेष योगदान रहा।



# उप निबंधक कार्यालय बुढाना का एडीएम गजेन्द्र कुमार ने किया निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डा0 एम.ए.तोमर)।** अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) गजेन्द्र कुमार ने शनिवार को तहसील



बुढाना स्थित उप निबंधक कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य पंजीकरण कार्यों की गुणवत्ता,पारदर्शिता एवं आमजन को दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा करना रहा।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंजीकरण कक्ष, अभिलेखागार,कंप्यूटर कक्ष एवं प्रतीक्षालय का अवलोकन कर अभिलेखों के रख-रखाव की स्थिति देखी।अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पंजीकरण से संबंधित सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर शासन की प्रक्रिया के अनुसार पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कार्यालय में उपस्थित नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर नियंत्रण, शुल्क एवं आवश्यक दस्तावेजों की सूची प्रदर्शित करने और शिकायत निवारण प्रणाली को प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ई-ऑफिस एवं ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली के अधिकतम उपयोग, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण तथा कार्यालय में साफ-सफाई व मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त रखने पर भी जोर दिया गया।

# गौ आश्रय स्थलों के निरीक्षण में स्वस्थ पाए गए सभी गोवंश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डा0 एम.ए.तोमर)।** मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा० जितेन्द्र गुप्ता के निर्देशन में जनपद के विभिन्न गौ आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया गया।पशु चिकित्सा अधिकारी बड़सू डा० अमिशी द्वारा अस्थाई गौ आश्रय स्थल



समौली का भ्रमण किया गया, जहां सभी गोवंश सामान्य अवस्था में पाए गए। निरीक्षण के दौरान हरा चारा,भूसा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध मिला तथा नियमित साफ-सफाई के निर्देश केयरटेकर को दिए गए। वहीं पशु चिकित्सा अधिकारी मीरापुर डा० अजय कुमार ने कान्हा गोशाला मीरापुर का निरीक्षण किया।निरीक्षण में गोवंश स्वस्थ पाए गए तथा गोशाला में भूसा,स्वच्छ पेयजल व हरा चारा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध मिला। सर्दी से बचाव हेतु पर्दे लगाए जाने की भी जानकारी दी गई।दोनों ही स्थानों पर गोवंशों को संतुलित आहार एवं नियमित देखभाल के निर्देश दिए गए।

# मुख्यमंत्री जन स्वास्थ्य आरोग्य मेलों का सीएमओ ने किया निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डा0 एम.ए.तोमर)।** जनपद में मुख्यमंत्री जन स्वास्थ्य आरोग्य मेलों के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों का मुख्य चिकित्साधिकारी डा० सुनील तेवतिया द्वारा निरीक्षण किया गया।इस दौरान उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरबालियान, सोहजनी तागान,बड़सू एवं नावला में आयोजित आरोग्य मेलों का स्थलीय जायजा लिया।निरीक्षण के समय सीएमओ ने मेले में उपलब्ध ओपीडी संचालन,निःशुल्क जांच एवं दवा वितरण व्यवस्था,आयुष्मान भारत योजना सहित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति, साफ-सफाई एवं मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया।उन्होंने उपचार कराने आए मरीजों से संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को लेकर फीडबैक भी प्राप्त किया।मुख्य चिकित्साधिकारी ने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि आरोग्य मेलों का उद्देश्य आमजन को एक ही स्थान पर सुलभ,निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है इसलिए प्रत्येक मरीज की समुचित जांच कर समयबद्ध उपचार एवं परामर्श सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर आशा एवं एएनएम कार्यकताओं को निर्देशित किया गया कि वे अपने कार्यक्षेत्र में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सभी पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे।इसके साथ ही निर्देश दिए गए कि जिन युवाओं की आयु 1जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है उन्हें वोटर आईडी बनवाने के लिए जागरूक किया जाए तथा फॉर्म-6 भरवाने की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूरी कराई जाए जिससे अधिक से अधिक युवा मतदाता सूची में शामिल हो सकें।निरीक्षण के दौरान पैरामेडिकल स्टाफ एवं अन्य कर्मचारियों को मेले की व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रखने, साफ-सफाई,अभिलेखों के उचित संधारण तथा लाभार्थियों के साथ सहयोगात्मक व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया।

**अभियान** — गलत नोटिस व फार्म-7 से मतदाताओं का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं...

# वोट बचाने का अभियान तेज करेगा सपा संगठन: ज़िया चौधरी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डा0एम.ए.तोमर)।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक का शनिवार को सपा कार्यालय महावीर चौक पर आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट ने की तथा संचालन सपा नेता साजिद हसन द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट ने कहा कि एसआईआर अभियान के प्रत्येक चरण पर समाजवादी पार्टी की सतर्क व सक्रिय निगरानी है।

किसी भी पात्र मतदाता का नाम गलत नोटिस या फार्म-7 के माध्यम से कटवाने की साजिश को समाजवादी पार्टी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगी।उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे मतदाताओं की वोट सुरक्षित रखने और नई वोट बनवाने के अभियान को पूरी सक्रियता व जिम्मेदारी के साथ पूरा करें।बैठक में सपा नेता सोमपाल सिंह कोरी,सपा शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल,सपा नेता साजिद हसन, असद पाशा,धर्मेंद्र सिंह नीटू,सपा नेत्री पूजा अनिल अंबेडकर,सपा नेता चौधरी ओमपाल सिंह,सत्यदेव शर्मा,संजीव आर्य,सादिक चौहान, मास्टर अल्ताफ,पवन पाल,डॉ. हनीफ अंसारी एडवोकेट,कपिल मलिक,सत्यवीर त्यागी एवं सुमित पंवार बारी ने भी अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि





समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता एकजुट होकर अपने-अपने बूथों पर कमान संभालें और मतदाताओं की हर संभव सहायता करें।बैठक में मुख्य रूप से सपा नेता आमिर कासिम एडवोकेट,नेपाल सिंह एडवोकेट, लोकेंद्र कुमार, राशिद मलिक, रामपाल सिंह पाल, हाजी मूसा तेवड़ा, फिरोज अख्तर, समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष आयुष चौधरी, पंकज सैनी,डॉ. नौशाद सिद्दीकी, श्याम सुंदर, सतीश चंद जैन,सपा सभासद शहजाद चीकू,हसीब राणा, नावेद रंगरेज,राव नफीस, सलीम अंसारी,वसीम राणा,हाजी इकबाल,पवन गिरी,नरेश पाल, अफजाल अहमद,रविन्द्र पाल,जितेंद्र कश्यप सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अधिवक्ताओं ने विभिन्न समस्याओं को लेकर डीएम को दिया ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और समस्याओं के समाधान की मांग की।

तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा एवं महासचिव दीपक बिश्नोई के नेतृत्व में तहसील कांठ के

**नए बस स्टैंड पर बसे रूकवाई जाए: दीपक बिश्नोई**

अधिवक्ता सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अनुज सिंह से मिले और उन्होंने मूल्यांकन सूची के साथ राजमार्ग लिंक, मार्ग आबादी आदि के घाटों की सूची जारी न किए जाने से परेशानी बताई। रजिस्ट्री कार्यालय से आधार कार्ड में पैन कार्ड के सत्यापन की अनिवार्यता कर दी गई है जबकि बहुत से आधार कार्ड में मोबाइल नंबर बदल गए हैं। कुछ के मोबाइल नंबर बंद हो गए जिससे सत्यापन नहीं हो पा रहा है तथा अधिकांश लोगों के पैन कार्ड भी नहीं बने हुए हैं, जिससे



रजिस्ट्री होने में कमी आई है। उन्होंने पैन कार्ड से छूट दिलाने की मांग की।

अधिवक्ताओं ने अवगत कराया कि करोड़ों रुपए की लागत से सरकार द्वारा बनाए गए सरकारी बस स्टैंड पर बसे नहीं रुकती है, यात्री खड़े रह जाते हैं। पुराने बस स्टैंड पर बसें रुकती हैं। नए बस स्टैंड पर ही बस रूकवाई जाएं। तहसील में खसरों में वर्णित पड़ताल होने के बाद भी खसरों में फसल अंकित न होने से केसीसी में बैंक द्वारा परेशान किया जा रहा है।

खसरा में वर्णित पड़ताल होने पर भी फसल अंकित नहीं की गई है जिससे केसीसी बनवाने में बैंकों में समस्या आ रही है। खसरों में फसल दर्ज कराई जाए। जिन अधिवक्ताओं के चेंबर नहीं बने हैं उन्हें भूमि दी जाए। अधिवक्ता गणों के चेंबर में लगे विद्युत कनैक्शन पर भारी बिल जारी किया जा रहा है जबकि चेंबर पर केवल एक पंखा बल्ब है। एसडीओ को निर्देशित कर समस्या का निस्तारण कराया जाए। ज्ञापन में जिलाधिकारी ने अधिवक्ताओं को समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर तहसीलदार बार एसोसिएशन के अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## कलक्ट्रेट के नए भवन के लिए जमीन की तलाश शुरू: कांठ सहित चारों तहसीलों में बनेंगे अधिकारी और कर्मचारी आवास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** मुरादाबाद शहर के नजदीक कलक्ट्रेट बिल्डिंग का निर्माण करने के लिए जिले के अधिकारी सरकारी भूमि की तलाश कर रहे हैं। इस मामले में नजूल की भूमि को चिन्हित किया जा रहा है। इसी प्रकार जिले की चारों तहसीलों में राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों के आवास का निर्माण कराने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। सिविल लाइंस क्षेत्र में अंग्रेजों के जमाने की कलक्ट्रेट बिल्डिंग मौजूद है। इसमें अंदर कार्यालयों की स्थिति काफी खराब है। एडीजी स्टाम्प, जिला पूर्ति अधिकारी सहित अन्य कार्यालयों में दिन के समय अंधेरा रहता है। बरसात के समय कई कार्यालयों में छतें टपकने लगती हैं। इसी वजह से डीएम भी नई कलक्ट्रेट बिल्डिंग के निर्माण की कवायद कर रहे हैं। डीएम के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट, एडीएम सिटी और एडीएम वित्त एवं राजस्व के कार्यालय की छत और फर्श को ठीक कराई गई लेकिन अभी भी कमरों में सीलन रहती है। डीएम अनुज सिंह ने इस मामले में प्रशासनिक अधिकारी गोपी कृष्ण को शहर के नजदीक जमीन तलाशने के निर्देश दिए हैं। इस मामले में नजूल की कई जमीनों का ब्यौरा इकट्ठा किया जा रहा है।

**डीएम अनुज सिंह ने इस मामले में प्रशासनिक अधिकारी गोपी कृष्ण को शहर के नजदीक जमीन तलाशने के निर्देश दिए हैं**

## पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय (कंपोजिट) मे "मेरा गांव मेरा विद्यालय" कार्यक्रम का आयोजन : "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" नाटक का हुआ सफल मंचन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर के पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय (कंपोजिट) में शिक्षकों,अभिभावकों एवं समुदाय के सक्रिय प्रयासों से बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि एवं सीखने की प्रक्रिया को अधिक समृद्ध बनने के उद्देश्य से "मेरा गांव मेरा विद्यालय " कार्यक्रम का आयोजन किया गया ' विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा स्लोगन हाथ में लेकर विद्यालय क्षेत्र में एक रैली जन समुदाय को विद्यालय के प्रति जागरूक करने के लिए निकाली गई ' कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के फोटो के समझ दीप प्रज्वलित करके हुआ' इस अवसर पर अतिथि डॉक्टर ए०के जिंदल , चमन सिंह (वार्ड सभासद), डॉ राजेन्द्र सिंह, सुबोध चौधरी, लब कुश एवं अभिभावक उपस्थित रहे। सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के पश्चात मीना मंच की छात्राओं द्वारा "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" नाटक का मंचन एवं आधा फुल कॉमिक्स पर आधारित







कहानी नया खजाना का वचन व अनपढ़ नेता, लोक गीत आयोजित किए गए। अभिभावकों तथा आगंतुकों द्वारा छात्रों द्वारा तैयार पोस्टर गैलरी का भ्रमण व अवलोकन किया गया। छात्रों व उनके अभिभावकों को रोचक खेल खिलाए गए। बाल अधिकार रूप के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत सभी माता-पिता अभिभावक वह अतिथियों ने सफेद बैनर पर अपने हस्ताक्षर किए' इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में एक सेल्फी प्वाइंट बनाया गया जिसमें बच्चों ने अपने अभिभावकों के साथ सेल्फी लेकर इस अवसर को अविस्मरणीय बना दिया अतिथियों द्वारा बच्चों को संबोधित करने के पश्चात कक्षा एक से आठ तक के उत्कृष्ट छात्र/छात्राओं को रोली टीका वह माला पहनाकर सम्मानित किया गया 'आभार इंचार्ज प्रधानध्यापक उदयवीर सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्रीमती वंदना विश्नोई , बदर जहां, पारूल जैन सोनी,स्वाति शेखावत ,सुमन कुमार ,देवेश कुमार , वंदना शर्मा व कविता रानी आदि उपस्थित रहे।

## कांठ तहसील में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया जिसमें 43 फरियादी विभिन्न विभागों की अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। चार शिकायतों

**जनपद के उच्च अधिकारियों की मौजूदगी में मात्र चार शिकायतों का हुआ निस्तारण,समय रहते लंबित मामलों का निस्तारण नहीं किया गया तो ऐसे लेखपालों को निलंबित किया जाएगा: जिलाधिकारी**

का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। राजस्व विभाग द्वारा भूमि पर कब्जे की लंबित शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी ने कई लेखपालों को फटकार लगाई और पुराने लंबित मामले जिन लेखपालों के तहसील में है उन्हें निलंबन की चेतावनी दी। सबसे अधिक शिकायत बिजली विभाग की रही।जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेकर इसकी निष्पक्ष रूप से जांच करने के बाद शिकायत का निस्तारण किया जाए इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी को कुरें बंदी और ठिया बंदी के कई मामले लंबित मिले, जो फरियादी ऐसे मामलों को लेकर पहुंचे थे उनके सामने लेखपालों को मौके पर बुलाया गया और जिलाधिकारी ने लेखपालों को निर्देश दिए कि समय रहते लंबित मामलों का निस्तारण नहीं किया गया तो ऐसे लेखपालों को निलंबित किया जाएगा। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने बिजली विभाग की सबसे अधिक शिकायत आने पर बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि वह अपने विभाग के स्थानीय अधिकारियों से बात कर जनता की शिकायतों का निस्तारण करें।जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी



कर्मचारी इस बात का पूरी तरह ध्यान रखें कि ग्राम समाज की भूमि सार्वजनिक चकरोड ऐसे मामलों को भी शीघ्रता के साथ निपटाएं। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने कहा कि अगर पुलिस संबंधी कोई शिकायत है तो उसके बारे में बताएं।

उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देश दिए की भूमि संबंधी कोई प्रकरण है तो उसमें राजस्व विभाग की टीम का सहयोग करें और अगर कोई भी समस्या किसी समय भी आए उसका तत्काल निस्तारण करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कुलदीप सिंह, पुलिस क्षेत्र अधिकारी आईपीएस अभिनव द्विवेदी, एसडीएम संत दास पवार, तहसीलदार राजकुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह एवं जनपद स्तर के अधिकारी मौजूद थे।

## विशेषज्ञों से घर बैठे परामर्श ले सकेंगे मरीज: एआई आधारित टेलीमेडिसिन सुविधा के तहत ग्रामीण और "दूरदराज के इलाकों के मरीजों को होगा" बड़ा लाभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ, आधुनिक और प्रभावी बनाने के लिए बड़ा कदम जल्द उठेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित टेलीमेडिसिन, टेली न आईसीयू व रिमोट केयर सेवाओं को धरातल पर उतारने की तैयारी है। जिससे मरीज घर बैठे विशेषज्ञ डॉक्टरों से ऑनलाइन परामर्श ले सकेंगे, वहीं गंभीर मरीजों की निगरानी बड़े मेडिकल संस्थानों के विशेषज्ञ डॉक्टर दूर बैठकर कर सकेंगे उपचार।एआई आधारित टेलीमेडिसिन । सुविधा के तहत जिले के मरीजों को इलाज के लिए बड़े शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से मरीजों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए विशेषज्ञ डॉक्टरों से जोड़ा जाएगा।जिले में एआई आधारित टेलीमेडिसिन, टेली-आईसीयू और रिमोट केयर सेवाओं को लागू करने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि इससे मरीजों को समय पर विशेष परामर्श मिलेगा और गंभीर मरीजों की बेहतर निगरानी संभव हो सकेगी। शासन से दिशा-निर्देश मिलने के बाद इस योजना को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा।इससे समय और खर्च दोनों की बचत होगी। टेली-आईसीयू सुविधा इस योजना का अहम हिस्सा होगी।इससे जिला अस्पताल या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती गंभीर मरीजों की निगरानी बड़े मेडिकल कॉलेजों और सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों के विशेषज्ञ डॉक्टर करेंगे। आईसीयू में भर्ती मरीजों के वाइटल पैरामीटर, जैसे हार्ट रेट, ब्लड प्रेशर, ऑक्सीजन लेवल और अन्य जरूरी आंकड़े रियल टाइम में विशेषज्ञों तक पहुंचेंगे। जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञ तुरंत इलाज संबंधी दिशा-निर्देश भी दे सकेंगे। वहीं, रिमोट केयर सिस्टम के जरिए मरीजों की स्वास्थ्य रिपोर्ट, जांच परिणाम और अन्य मेडिकल व डेटा डिजिटल माध्यम से सुरक्षित रूप से विशेषज्ञ डॉक्टरों तक भेजा ग जाएगा।

# सिख छात्र से दुर्व्यवहार और कृपाण को लेकर सिखों ने जताई नाराजगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** नगर के डीएसएम डिग्री कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष के सिख छात्र से दुर्व्यवहार और कृपाण का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। सिख समुदाय के लोगों ने इसे लेकर नाराजगी जताई

**डीएम और एसएसपी से मिले सिख समुदाय के लोग, निष्पक्ष जांच की मांग**

और डीएम व एसएसपी से मिलकर निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है।कांठ नगर पंचायत के मोहल्ला विशनपुरा निवासी सरदार जपन सिंह डीएसएम डिग्री कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष का छात्र और अमृतधारी सिख है। वह चार फरवरी को कृपाण धारण किए कॉलेज में हिंदी की परीक्षा देने पहुंचा था। आरोप है कि उसे कृपाण के साथ परीक्षा केंद्र में घुसने नहीं दिया गया था, जिससे उसकी परीक्षा भी छूट गई थी। आरोप है कि इससे पहले भी 27 जनवरी को उसे कृपाण उतरवाकर



पहला पेपर दिलवाया गया था। चार फरवरी से यह मामला सुर्खियों आया। सिखों ने अधिकारियों को प्रार्थना-पत्र देकर कार्रवाई की मांग भी की थी। जिस पर गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने कुलपति के आदेश पर तीन सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया था। इस मामले में सिख समुदाय के लोग एकत्र हुए। यूपी सिख मिशन सहित अन्य सिख संगठनों के पदाधिकारी भी कांठ पहुंचे। सिखों ने छात्र के साथ कॉलेज प्रशासन द्वारा दुर्व्यवहार और कृपाण मामले को ले आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई।

यूपी सिख मिशन हापुड़ गाजियाबाद से आए सरदार बृजपाल सिंह, खालसा किसान यूनियन गजरौला से आए सरदार राजिंद्र सिंह व अन्य पदाधिकारियों के नेतृत्व में सिख समुदाय के लोग कांठ तहसील पहुंचे और डीएम अनुज सिंह, एसएसपी सतपाल अंतिल से मिलकर पूरे प्रकरण की जानकारी देते हुए कार्रवाई की मांग कर ज्ञापन दिया। अधिकारियों ने इस संबंध में सिखों को आश्वासन भी दिया है। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कांठ के संरक्षक सरदार कृपाल सिंह, प्रधान सरदार कुलवंत सिंह, सरदार ताजिंद्र सिंह, उधम सिंह नगर से हरविंद्र सिंह चावला, हनी सिंह, गुरुविंद्र सिंह, अमरजीत सिंह, सिमरनदीप सिंह, जपन सिंह, अमरीक सिंह, जसप्रीत सिंह आदि रहे।

## मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ने कम्पोजिट विद्यालय सादकपुर खिचड़ी एवं गौशाला का किया औचक निरीक्षण: विद्यालय में स्थापित "नक्षत्रशाला कक्ष की स्थिति संतोषजनक" नही मिली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी ने कम्पोजिट विद्यालय सादकपुर खिचड़ी एवं गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कुल 105 नामांकित छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 67 छात्र छात्राएं उपस्थित मिले। विद्यालय में1 इंचार्ज अध्यापक, 6 सहायक अध्यापक एवं 1 शिक्षामित्र उपस्थित थे। एक सहायक अध्यापक आकस्मिक अवकाश पर थे। उन्होंने विद्यालय की कक्षाओं में अध्ययनरत बच्चों से उनके विषयों पर आधारित प्रश्न किये तथा उत्तर दिये जाने पर बच्चों को प्रोत्साहित किया। साथ ही अध्यापकों को निर्देशित किया कि विद्यालय में सभी बच्चे यूनीफार्म में उपस्थित



हों। विद्यालय में पेड़-पौधे लगाने तथा छात्र उपस्थिति में वृद्धि करने के निर्देश दिए। विद्यालय परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र, जो कि जर्जर अवस्था में है, उसको विद्यालय में खाली एक कक्ष में स्थानान्तरित करने के निर्देश दिए। विद्यालय में स्थापित नक्षत्रशाला कक्ष की स्थिति संतोषजनक नही पाये जाने पर ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये।सीडीओ मृणाली अनिवाश जोशी ने शनिवार को विकास खंड छजलैट में वृहद गो संरक्षण केंद्र सादकपुर खिचड़ी का निरीक्षण किया।यहां 295 गोवंश संरक्षित मिले। गो आश्रय स्थल पर आठ सीसीटीवी लगाए। यहां वर्मी कंपोस्ट भी तैयार किया जा रहा था। केयर टेकरों ने अपना मानदेय दो माह से रुके होने की शिकायत की। जिस पर सीडीओ ने ग्राम पंचायत सचिव को मानदेय जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद सीडीओ ने बताया कि यहां व्यवस्थाएं बेहतर है, एक पशु बीमार है, जिसका उपचार किया जा रहा है। गर्भवती गायों को अलग रखकर पोषणयुक्त चारा दिया जा रहा है।

## सेंट पॉल्स इंटरनेशनल स्कूल कांठ में रविवार को आयोजित "द इंटेलिजेंस चैंपियनशिप" में हजारों छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग: 22 मार्च को घोषित होगा परिणाम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर में स्थित सेंट पॉल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में "द इंटेलिजेंस चैंपियनशिप" आई क्यू टेस्ट प्रतियोगिता का रविवार को आयोजन किया गया। प्रथम पाली में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों की परीक्षा प्रातः 8 बजे से तथा द्वितीय पाली कक्षा यूकेजी से कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों की परीक्षा दोपहर 12 बजे से प्रारंभ हुई। इस परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों की दिमागी तथ्यों का आंकलन करना है, और विद्यार्थियों के अंदर छिपी प्रतिभाओं को परखना और उन्हें प्रोत्साहित करना है। स्कूल उभरती प्रतिभाओं को अपने कौशल का परीक्षण करने के लिए एक मंच देता है ऐसी परीक्षाएं छात्र को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करती है और सामान्य ज्ञान,विज्ञान और







अंग्रेजी के ज्ञान में वृद्धि करती है। इस प्रतियोगिता में कक्षा यूके जी से 12वीं तक के कांठ, स्योहारा, धामपुर, करनपुर, सहसपुर, अगवानपुर, हरथला, उमरीकला, मुरादाबाद, छजलेट , अमरोहा आदि क्षेत्रों के हजारों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। यह परीक्षा एनसीईआरटी पाठ्यक्रम पर आधारित थी । इस परीक्षा का परिणाम 22 मार्च 2026 को घोषित होगा। सेंट पॉल्स स्कूल प्रति वर्ष इस प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन करता है। आयोजन में स्कूल चैयरमैन जितेंद्र विश्नोई, रितु विश्नोई, मैनेजिंग डायरेक्टर सचिन विश्नोई ने सभी अभिभावक एवं आगंतुकों का स्कूल आगमन पर अभिनन्दन एवं आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ममता बिश्नोई, अनवर हुसैन, विकास यादव, चंचल देवी, आमिल सैफी, शिवम, असद, आमिल सैफी, वंदना गौर, अनुजा सहगल, विवेक चौहान, शाहरुख, दीपिका विश्नोई, माही खान, काजल त्यागी, सारिका विश्नोई, मुस्कान, आभा विश्नोई, राजन विश्नोई, एवं अन्य समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे ।

**प्रतियोगिता** — कोच हर्ष शर्मा ने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है

# बिजनौर में आयोजित "ताइक्वांडो प्रतियोगिता में कांठ के खिलाड़ियों ने 9 गोल्ड एवं 4 सिल्वर "जीतकर क्षेत्र का नाम किया" रोशन"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** वर्धमान कॉलेज बिजनौर में आयोजित जनपद स्तरीय तायक्वोंडो प्रतियोगिता में नगर स्थित आकाश कोरियन टायक्वोंडो के 9 खिलाड़ियों ने अपने अपने वर्गों में सवर्ण पदक, 4 खिलाड़ियों ने रजत पदक तथा 1 ने कांस्य पदक प्राप्त कर क्षेत्र एवं एकेडमी का नाम रोशन कर दिया है। वर्धमान कॉलेज बिजनौर में जनपद स्तरीय तायक्वोंडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें मुरादाबाद, बिजनौर, नगीना, धामपुर, नजीबाबाद, कांठ सहित अनेक क्षेत्रों की टीमों ने प्रतिभाग किया था। नगर स्थित आकाश कोरियन ताइक्वांडो के मृत्युंजय सिंह, अथर्व विश्नोई, एनी चौहान, प्रणिका शुक्ला, शौर्या प्रताप, शौर्या विश्नोई, पोरस चौहान, उन्नति माहेश्वरी, मौ. अर्श ने अपने अपने भार वर्गों में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। साकेत मोहन अग्रवाल, प्रत्यक्ष चंदेल, ऋषिका शर्मा, जीविशा शर्मा ने अपने-अपने भार




वर्गों में सिल्वर मेडल तथा एवं अक्षिता ने कांस्य मेडल प्राप्त किया है। खिलाड़ियों ने मेडल जीतकर कांठ क्षेत्र एवं एकेडमी का नाम रोशन के दिया है। सभी खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विजयी खिलाड़ियों ने एकेडमी के कोच हर्ष शर्मा एवं रितिका शर्मा को जीत का श्रेय दिया है। कोच हर्ष शर्मा ने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## पशुशाला में लगी "आग से एक पशु की मौत" हजारों का सामान जलकर हुआ "राख"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** थाना छजलैट के गांव चेतरामपुर में ग्रामीण के घर के बराबर में बनी छप्पर की पशुशाला और घेर में अज्ञात कारणों के चलते अचानक आग लगने से एक पशु की मौत हो गई, जबकि आठ पशु झुलस गए।गांव चेतरामपुर निवासी सैय्यद खां और उसके भाई ऐजाज खां के पक्के मकान से सटी हुई छप्पर की पशुशाला और घेर है। शनिवार की शाम छप्पर की पशुशाला में अज्ञात कारणों के चलते अचानक आग लग गई। जिस पर तमाम ग्रामीण दौड़ कर पहुंचे। लेकिन हवा तेज होने के कारण आग ने देखते-देखते ही विकराल रूप ले लिया। तेज लपटों की वजह से ग्रामीण पास नहीं जा पा रहे थे। फिर भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और कड़ी मशक्कत के बाद आग को जैसे तैसे बुझाया। लेकिन तब तक पशुशाला में बंधे सभी पशु बुरी तरह से झुलस गए। जिनमें से एक पशु ने दम तोड़ दिया। आठ पशु झुलस गए। सैय्यद खां गांवों में फेरी कर कॉस्मेटिक का सामान बेचने का काम भी करता है। कॉस्मेटिक के सामान से भरी उसकी बाइक ठेली भी आग की जद में आ गई। जिससे ठेली सहित हजारों का सामान भी जलकर राख हो गया। कई चारपाई, बिस्तर और दो साइकिलों सहित तमाम अन्य सामान भी जल गया। इसके अलावा सूचना पर पहुंची पशु चिकित्सा टीम ने झुलसे पशुओं का इलाज शुरू कर दिया। वहीं हलका लेखपाल ने भी मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया।





# एक खूबसूरत प्रेम कहानी से कहीं ज्यादा है दो दीवाने सहर में:संदीपा धर

संजय लीला भंसाली के बैनर तले रोमांटिक ड्रामा दो दीवाने सहर में का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। यह फिल्म आधुनिक रिश्तों, भावनात्मक उलझनों और आज की तेज रफ्तार भरी जिंदगी में प्यार की बदलती परिभाषाओं को संवेदनशील तरीके से पेश करती है, जो एक साथ निजी भी हो और बेहद रिलेटेबल भी। ट्रेलर रिलीज होते ही दर्शकों में चर्चा का विषय बन गया है। यह फिल्म मुंबई की चमक-दमक वाली जिंदगी में दो ऐसे लोगों की कहानी बताती है जो अपनी कमियों से जूझते हुए प्यार ढूंढते हैं। ट्रेलर में संदीपा धर की छोटी लेकिन प्रभावशाली एंट्री ने खासा ध्यान खींचा है। भले ही उनका स्क्रीन टाइम कम हो, लेकिन हर फ्रेम में उनका कॉन्फिडेंस और मजबूत प्रेजेंस साफ दिखता है। एक सीन में अभिनेत्री हरे रंग की खूबसूरत ड्रेस में और दूसरे में सिंपल-एलीगेंट लुक में नजर आ रही हैं। संदीपा ने अपने स्क्रीन प्रेजेंस से उत्सुकता का तड़का लगाया है। उनकी मौजूदगी फिल्म के अर्बन और रोमांटिक मूड के साथ अच्छी तरह घुलमिल गई है। उनकी संयमित और सधी हुई एक्टिंग से लगता है कि संदीपा का किरदार भावनात्मक गहराई वाला है, जो फिल्म में आगे चलकर खुलकर सामने आएगा।

संजय लीला भंसाली जैसे बड़े फिल्ममेकर के साथ काम करना संदीपा के करियर का महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने अब तक ऐसे रोल चुने हैं, जो उन्हें एक बेहतर एक्ट्रेस के रूप में आगे ले जाते हैं। इसी कड़ी में दो दीवाने सहर मेंइ से उनका जुड़ाव कंटेंट-ड्रिवन और लेयर्ड सिनेमा की ओर उनके सोच-समझकर किए गए कदम को दशार्ता है।

संदीपा ने फिल्म को लेकर कहा, फिल्म दो दीवाने सहर में का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खास अनुभव रहा है। मृणाल, मेरी रोशनी, तुम्हारी परफॉर्मेंस में इतनी ईमानदारी और संवेदनशीलता है कि कई बार मैं भूल जाती थी कि तुम अभिनय कर रही हो। वहीं, रवि उदय सर, आप पलों को ऐसे कैद करते हैं कि मैं उन्हें महसूस करती हूं। अभिरूचि आनंद और पूरी टीम को शुक्रिया।

हालांकि, फिल्म में संदीपा के किरदार से जुड़ी जानकारी को गोपनीय रखा गया है, लेकिन ट्रेलर देखकर पता चलता है कि फिल्म में अभिनेत्री को एक फ्रेश, कॉन्फिडेंट और खूबसूरत अंदाज में देखा जाएगा।

## बॉक्स ऑफिस पर बॉर्डर 2 का प्रदर्शन जारी, मदार्नी 3 का 7 वें दिन निकला दम

सनी देओल की युद्ध ड्रामा फिल्म बॉर्डर 2 बॉक्स ऑफिर पर अपना पूरा जोर लगाती दिख रही है। यह भारत में 300 करोड़ के क्लब में शामिल होने के बेहद करीब पहुंच चुकी है। इसी के साथ सिनेमाघरों में रानी मुखर्जी की फिल्म मदार्नी 3 भी लगी हुई है, जो कछुए की चाल चलते-चलते अपना दम तोड़ने के बेहद करीब है। दोनों ही फिल्मों की ताजा कमाई के आंकड़े आ गए हैं। यहां जानिए किसने कितनी कमाई की है।





सनी की फिल्म गदर 2 ने 300 करोड़ के क्लब में जगह बनाई थी, और अब उनकी हालिया रिलीज फिल्म बॉर्डर 2 यह कारनामा दिखाने के बेहद करीब है। सैकनिल्क के मुताबिक, इसने 14वें दिन 3.35 करोड़ रुपये का कारोबार किया है जिसके बाद भारतीय बॉक्स ऑफिस पर कुल कमाई 294.25 करोड़ रुपये हो चुकी है। फिल्म की कहानी 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित है जिसमें वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ भी अहम किरदार में हैं।

उधर 30 जनवरी को रिलीज फिल्म मदार्नी 3 एक हफ्ता भी खुद को संभाल नहीं पाई। कमाई धड़ाम से नीचे आ गई है। इसने 7वें दिन, यानी गुरुवार को महज 1.85 करोड़ कमाए हैं, जो छठे दिन 2.1 करोड़ रुपये के मुकाबले कम हैं। कुल मिलाकर रानी की फिल्म ने अब तक का सबसे कम कारोबार किया है जिसके बाद कुल कमाई 26.30 करोड़ रुपये हुई है। फिल्म के निराशाजनक प्रदर्शन ने मेकर्स की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है।

## सनम तेरी कसम 2 का बनना तय, फैंस को फिर दिखेगी हर्षवधर्न राणे की दीवानगी

हर्षवर्धन राणे और पाकिस्तानी अभिनेत्री मावरा होकेन की फिल्म सनम तेरी कसम 2016 में रिलीज हुई थी जिसने लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रिया हासिल की। 2025 में जब इसे दोबारा रिलीज किया गया तो इसने लोगों तहलका ही मचा दिया। सिर्फ 3 दिनों में करीब 15 करोड़ से ज्यादा कारोबार कर लिया। फैंस बेसब्री से इसके सीक्वल का इंतजार कर रहे हैं जिसके बनने की खबरें कई बार आईं, लेकिन निमार्ता दीपक मुकुट ने सीक्वल की पुष्टि कर दी है। सनम तेरी कसम 2 के 10 साल पूरे होने पर निमार्ता ने इंस्टाग्राम पर लिखा, मुझे बचपन



से फिल्म निर्माण में दिलचस्पी रही है। सबसे ज्यादा मुझे इस बात ने आकर्षित किया कि मैं एक निमार्ता बनकर इसे साकार करने में मदद कर सकूं। सनम तेरी कसम के साथ मेरा यह सपना साकार हुआ। ईश्वर की कृपा, माता-पिता के आशीर्वाद से फिल्म रिलीज को 1 दशक पूरा हुआ, लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं होती। इसका एक रीबूट आने वाला है।

दीपक ने पोस्ट के जरिए सनम तेरी कसम की पूरी टीम को धन्यवाद दिया। साथ ही फिल्म के सह-निर्देशक राधिका राव और विनय सप्रू और संगीतकार हिमेश रेशमिया को आभार जताया। उधर सनम तेरी कसम 2 की आधिकारिक पुष्टि ने फैंस को उत्साहित कर दिया है। एक यूजर ने लिखा, मैं फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं, यह मेरी पसंदीदा फिल्म है। एक अन्य ने लिखा, क्या शानदार फिल्म है। अगला भाग तो सिनेमा में आग लगा देगा।

## इशिका तोरिया को मिला बड़ा मौका,वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स ने किया साइन

भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री की अभिनेत्री और मॉडल इशिका तोरिया ने अपने करियर के सफर में एक नया मुकाम हासिल किया है। उन्हें इंडस्ट्री की जानी-मानी म्यूजिक कंपनी वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स भोजपुरी ने एक्सक्लूसिव तौर पर साइन किया है। यह कदम उनके करियर के लिए बेहद अहम है। यह साइनिंग उनके लिए और कंपनी दोनों के लिए फायदे का सौदा साबित हो सकता है। इशिका तोरिया ने अपने करियर की शुरूआत साल 2015 में एक बाल कलाकार के रूप में की थी। उन्होंने धीरे-धीरे इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाई और गुजराती फिल्म इंडस्ट्री में भी अपनी अलग छाप छोड़ी। इशिका ने दो गुजराती फिल्मों- लव नो भवाड़ो और 3 चक्करम में अभिनय किया। इसके अलावा, उन्होंने 80 से ज्यादा गुजराती म्यूजिक वीडियोज में काम किया और कुछ पंजाबी गानों में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अलग-अलग क्षेत्रों के काम ने उन्हें इंडस्ट्री में लोकप्रियता दिलाई। इशिका केवल फिल्मों और म्यूजिक वीडियोज तक सीमित नहीं रही। वह कई रैंप शोज और फैशन इवेंट्स का हिस्सा रह चुकी हैं, जहां उनके स्टाइल को लोगों ने काफी सराहा। उनके पास कला और फैशन दोनों का शानदार अनुभव है। इसी अनुभव के दम पर उन्होंने इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाई है। इशिका के अनुभव और मेहनत को देखते हुए वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स भोजपुरी के एमडी रत्नाकर कुमार ने कहा, इशिका तोरिया में टैलेंट, मेहनत और स्क्रीन प्रेजेंस का बेहतरीन कॉम्बिनेशन है। उन्होंने कम उम्र में इंडस्ट्री में लंबा सफर तय किया है। हमें पूरा भरोसा है कि वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स भोजपुरी के बैनर तले वह और भी बेहतरीन प्रोजेक्ट्स करेंगी और दर्शकों को पसंद आएंगी। वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स भोजपुरी के साथ इस नई साझेदारी पर इशिका ने अपनी




खुशी जाहिर की और कहा, वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स जैसी बड़ी और प्रतिष्ठित म्यूजिक कंपनी के साथ एक्सक्लूसिव तौर पर जुडना मेरे लिए गर्व की बात है। मैं रत्नाकर कुमार सर का दिल से धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया। आने वाले समय में मैं दर्शकों के लिए कुछ खास और यादगार काम लेकर आऊंगी।

भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में इस साइनिंग को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। इशिका तोरिया के नए म्यूजिक और एंटरटेनमेंट प्रोजेक्ट्स का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## क्या आपका मस्कारा खराब हो गया है? इन 5 तरीकों से लगाएं पता

मस्कारा आंखों के मेकअप के लिए इस्तेमाल होने वाला उत्पाद है। इसे पलकों पर लगाया जाता है, जिससे वे लंबी और घनी हो जाती हैं। अगर यह खराब हो जाए तो इसका इस्तेमाल आंखों के लिए हानिकारक हो सकता है। हालांकि, यह पता लगाना थोड़ा मुश्किल होता है कि मस्कारा एक्सपायर हुआ है या सही है। आज के लेख में हम आपको 5 मेकअप टिप्स देंगे, जिनकी मदद से आप पता लगा सकेंगी कि मस्कारा खराब हुआ है या नहीं।



**दुर्गंध आना**

आम तौर पर मस्कारा में कोई महक नहीं होती है। हालांकि, अगर आपको अपने मस्कारा से अजीब-सी गंध आ रही है तो समझ जाइए कि वह खराब हो गया है। नया और सही मस्कारा हमेशा कॉस्मेटिक जैसी गंध वाला होता है। वहीं, खराब मस्करा से बदबू आने लगती है। यह बदबू बैक्टीरिया के बढ़ने के कारण पैदा होती है। इसके अलावा ज्यादा उत्पाद एक जगह जमा होने से भी बदबू आ सकती है।

**जलन महसूस होना**

अगर आप अपने खराब मस्कारा का इस्तेमाल करती हैं तो आपको आंखों में जलन या खुजली महसूस हो सकती है। खराब मस्कारा में बैक्टीरिया विकसित हो जाते हैं, जो आंखों की कोमल त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं। अगर आपको मस्करा लगाने के बाद आंखों में जलन या खुजली महसूस हो तो तुरंत उसे साफ कर लें और नया मस्कारा खरीद लें। ध्यान न देने पर आपको आखों का संक्रमण भी झेलना पड़ सकता है।

**स्थिरता बदलना**

खराब मस्कारा की स्थिरता पर ध्यान देना भी अहम है। आम तौर पर मस्कारा की स्थिरता तरल, लेकिन थोड़ी ही गाढ़ी होती है। हालांकि, खराब या पुराना होने के बाद वह सूख जाता है और चिपचिपा हो जाता है। अगर आपका मस्कारा भी सूखा है तो समझ जाएं कि उसे फेंकने का समय आ गया है। इस तरह का मस्कारा न तो आपकी पलकों को लंबा कर पाएगा और न ही कोई वॉल्यूम जोड़ पाएगा।

**लगाने में परेशानी होना**


अगर आपको मस्कारा लगाने में मुश्किल हो रही हो या वह ठीक से न लगे तो उसे इस्तेमाल करना बंद कर दें। यह भी एक संकेत हो सकता है कि आपका मस्करा खराब हो चुका है। खराब मस्कारा पलकों पर सही तरीके से नहीं लगता और लगने पर तुरंत फैल जाता है। इसके अलावा कभी-कभी खराब मस्कारा से धुंधला प्रभाव भी पड़ सकता है या फिर पलकें चिपचिपी भी हो सकती हैं।

**समाप्ति तिथि देखें**

जब भी आप नया मस्कारा खरीदने जाएं तो उसकी समाप्ति तिथि जरूर देखें। ज्यादातर मस्कारा पर समाप्ति तिथि लिखी होती है, जिसे पढ़कर आप यह जान सकती हैं कि वह कब तक सही रहेगा। इसके अलावा मस्कारा खरीदते समय उसकी पैकेजिंग और ब्रांड पर भी ध्यान दें, क्योंकि कुछ ब्रांड समाप्ति तिथि की जानकारी बहुत स्पष्ट तरीके से देते हैं। इन तरीकों से आप आसानी से जान सकती हैं कि आपकी मस्कारा खराब है या नहीं।

## पीठ दर्द और कंधों की जकड़न से हैं परेशान? उत्तानमंडूकासन से पाए आराम

लंबे समय तक मोबाइल या लैपटॉप पर काम करना, गलत पॉश्चर में बैठना और तनाव भरी दिनचर्या शरीर को धीरे-धीरे थका देती है। ऐसे में गर्दन के दर्द, कंधों की जकडन या पीठ में खिंचाव जैसी परेशानियां बढने लगती हैं। अगर आप भी इस तरह की किसी समस्या से परेशान हैं तो आपको नियमित रूप से उत्तानमंडूकासन करना चाहिए। योग केवल कुछ आसन करने का नाम नहीं है, बल्कि यह जीने की एक कला है, जो हमें अपने शरीर और मन दोनों के साथ संतुलन बनाना सिखाती है। नित्य योग के साथ अगर आप अपनी दिनचर्या को थोड़ा सा अनुशासित कर लें, तो इसका असर बहुत जल्दी महसूस होने लगता है। अगर आप अपने रोजाना के व्यायाम में उत्तानमंडूकासन को शामिल करते हैं, तो यह न सिर्फ शरीर को राहत देता है बल्कि अंदर से नई ऊर्जा भी भर देता है। उत्तानमंडूकासन खास तौर पर पीठ दर्द से जूझ रहे लोगों के लिए



फायदेमंद माना जाता है, क्योंकि यह रीढ़ की हड्डी को खिंचाव देता है और जकडन को कम करने में मदद करता है। इसके नियमित अभ्यास से ग्रीवा यानी गर्दन से जुड़ी तकलीफों में भी राहत मिल सकती है जो आजकल लगभग हर उम्र के लोगों की समस्या बन चुकी है।

यह आसन कंधों के आसपास जमी हुई अकडन को धीरे-धीरे खोलता है, जिससे कंधे हल्के और मुक्त महसूस होते हैं। साथ ही, छाती का विस्तार होने से फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ती है, जिससे सांस लेना सहज और गहरा हो जाता है। जब सांस बेहतर होती है, तो शरीर में ऑक्सीजन का प्रवाह भी अच्छा रहता है और थकान कम महसूस होती है। उत्तानमंडूकासन का एक और बड़ा फायदा यह है कि यह पाचन तंत्र पर भी सकारात्मक असर डालता है। पेट के अंगों पर हल्का दबाव पडने से पाचन क्रिया सक्रिय होती है और गैस, अपच जैसी समस्याओं में लाभ मिल सकता है।

## स्वयंभू के मेकर्स का बड़ा ऐलान! निकिल सिद्धार्थ स्टारर फिल्म 13 फरवरी को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के कुछ बेहतरीन टेक्निशियन और क्रिएटर्स डायरेक्टर भरत कृष्णमाचारी, केजीएफ और सलार के म्यूजिक डायरेक्टर रवि बसरूर, बाहुबली और आरआरआर के सिनेमैटोग्राफर के.के. सेंटिल कुमार, बाहुबली के एडिटर तम्मिराजू और कई अन्य प्रतिभाशाली कलाकार, सब मिलकर इस बड़ी फिल्म को बना रहे हैं, जिसकी शूटिंग 170 दिनों तक चली। फिल्म को पिक्सल स्टूडियोज के भूवन और श्रीकर ने प्रोड्यूस किया है!

दिन की सबसे बड़े ऐलान का वक्त आ गया है, क्योंकि कार्तिकेय फ्रेंचाइज के पीछे चेहरा रहे निखिल सिद्धार्थ अब एक अलग ही अंदाज की ऐतिहासिक महागाथा स्वयंभू के साथ लौट रहे हैं। हम देखते हैं कि वो बिल्कुल शानदार और भव्य अंदाज में नजर आ रहे हैं, और फिल्म का ऐलान भी एक रैप-अप वीडियो के जरिए किया गया है, जो किसी प्रोजेक्ट को पेश करने का सच में अनोखा तरीका है। इसमें फिल्म की भव्यता, दमदार एक्शन, शानदार स्टार कास्ट और एक आम आदमी की उस महाकथा की झलक मिलती है, जो आगे बढ़कर एक योद्धा बन जाता है। निखिल, जिन्होंने पैन-इंडिया सुपरहिट कार्तिकेय 2 से पूरे देश में पहचान बनाई, अब अपनी महत्वाकांक्षी 20वीं फिल्म स्वयंभू के साथ फिर से दर्शकों को बांधने आ रहे हैं। बड़े पैमाने पर बन रही




यह ऐतिहासिक एक्शन फिल्म भरत कृष्णमाचारि द्वारा निर्देशित है, और इसे भूवन और श्रीकर पिक्सेल स्टूडियोज के तहत बना रहे हैं, जबकि टैगोर मधु इसे पेश कर रहे हैं। बेहतरीन प्रोडक्शन वैल्यू और दमदार पैन-इंडिया सोच के साथ, स्वयंभू निखिल की अब तक की सबसे खास फिल्मों में से एक बन रही है। आज मेकर्स ने बड़ा अपडेट दिया है, यह बताते हुए कि इस भव्य फिल्म का शूट आधिकारिक तौर पर पूरा हो चुका है। दो साल की मेहनत और 170 दिनों की लंबी शूटिंग के बाद, टीम ने गर्व के साथ इसकी समाप्ति की घोषणा की है।

# सालाना एग्जाम में शानदार रिजल्ट, जामिया मुर्तजा में पोजिशन लाने वाले स्टूडेंट्स को अवॉर्ड दिये गये

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जामिया मुर्तजा धमेडा अड्डा बुलंदशहर में एक इनामी प्रोग्राम रखा गया। प्रोग्राम की शुरूआत जामिया फारूकिया ग्रीन

**स्टूडेंट्स के लिए मोबाइल फोन गुनाहों का पिटारा है : (कारी मुहम्मद तल्हा कासमी)**

पार्क बुलंदशहर के नाज़िम-ए-आला कारी मुहम्मद तल्हा कासमी ने पवित्र कुरान की तिलावत से की, जबकि के एक स्टूडेंट ने नमाज पढ़ी। जामिया मुर्तजा के सालाना एग्जाम के रिजल्ट ने एक बार फिर इंस्टीट्यूशन की पढ़ाई की गंभीरता, ट्रेनिंग की स्थिरता और स्टूडेंट्स की लगातार मेहनत को दिखाया। अलग-अलग ग्रेड में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान पाने वाले टैलेंटेड स्टूडेंट्स ने अपनी काबिलियत और पक्के इरादे का सबूत दिया, जिससे जामिया की पढ़ाई की इज्जत बढ़ी। जानकारों ने इस कामयाबी को टीचरों की सच्ची गाइडेंस, माता-पिता की दुआओं और यूनिवर्सिटी के साफ धार्मिक और पढ़ाई-लिखाई वाले माहौल का अच्छा फल बताया।

पहले नंबर पर आने वाले स्टूडेंट्स मुहम्मद सादन, मुहम्मद माआज, मुहम्मद फैज, मुहम्मद साद, हिदाया परवीन थे, जबकि दूसरे नंबर पर आने वाले स्टूडेंट्स मुहम्मद अरशान, मुहम्मद अल-तमश, मुहम्मद अरिश, मुहम्मद साद, मुहम्मद अरहान थे, और तीसरे नंबर पर आने वाले स्टूडेंट्स मुहम्मद शाहवेज, मुहम्मद कासिद, मुहम्मद




माआज और आफि या परवीन थे। इन लकी स्टूडेंट्स ने बहुत अच्छा परफॉर्मेंस दिया। इन स्टूडेंट्स के सम्मान में मदरसे में एक शानदार सेरेमनी रखी गई, जिसमें जामिया के प्रिंसिपल कारी मुहम्मद इब्राहिम, कारी मुहम्मद तल्हा कासमी, मौलाना हनीफ, मौलाना मुस्तकीम, मुफ्ती मुहम्मद वसीम अकरम, मौलाना असलम, मौलाना रागिब, कारी जावेद, कारी जुबैर आलम कासमी, कारी मुहम्मद अफजल कासमी, मौलाना अब्दुल रहमान काशिफी, मास्टर खुवैदुर्रहमान और दूसरे टीचर्स ने सफल स्टूडेंट्स को कीमती इनाम बांटे। इस मौके पर स्टूडेंट्स के चेहरों पर खुशी और कॉन्फिडेंस साफ दिख रहा था और यह सम्मान उनके लिए हौसला बढ़ाने वाला था। सेरेमनी में शामिल जामिया मुर्तजा के टीचर्स सेरेमनी के दौरान यूनिवर्सिटी के एकेडमिक और एडमिनिस्ट्रेटिव सिस्टम की भी तारीफ की गई।

# जनपद की तीनों तहसीलों में आयोजित हुआ जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु संपूर्ण समाधान दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (दानिश अली)।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में तहसील चंदौसी के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी ने शिकायतकताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जायें, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए।



तहसील चंदौसी में आए प्रार्थना पत्रों को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि समस्त शिकायती पत्रों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारी गंभीरता पूर्वक शत प्रतिशत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शिकायत का निस्तारण शीघ्र एवं निचले स्तर पर कर दिया जाए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी क्षेत्राधिकारी चंदौसी मनोज कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## योनेक्स-सनराइज यूपी स्टेट मास्टर्स (वेटरन) बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026

# अभिन्न श्याम गुप्ता और अखिलेश यादव बने दोहरे चैंपियन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** ओलंपियन व अर्जुन अवार्डी अभिन्न श्याम गुप्ता व यूपी पुलिस के अखिलेश यादव ने अपने बेहतरीन खेल की बदौलत अनिल कुमार ध्यानी की स्मृति में आयोजित योनेक्सझ्रसनराइज यूपी स्टेट मास्टर्स (वेटरन) बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 के अंतिम दिन बादशाहत साबित करते हुए दोहरी विजेता ट्रॉफी जीती।

उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में स्वर्गीय अनिल कुमार ध्यानी (लखनऊ बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव एवं ख्याति प्राप्त बैडमिंटन खिलाड़ी) की स्मृति में इस चैंपियनशिप का आयोजन बीबीडी यूपी बैडमिंटन एकेडमी, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ में किया गया।

चैंपियनशिप के अंतिम दिन पुरुष एकल 45 वर्ष से अधिक में ओलंपियन प्रयागराज के अभिन्न श्याम गुप्ता ने प्रभावशाली खेल दिखाते हुए प्रयागराज के ही सी. जॉन वेस्ले को 21-11, 21-5 से मात देकर खिताब जीता। पुरुष युगल 45 वर्ष से अधिक में दूसरी वरीय प्रयागराज के अभिन्न श्याम गुप्ता व सी. जॉन वेस्ले की जोड़ी ने शीर्ष वरीय जितेंद्र सिंह व रविंद्र सिंह (मुरादाबाद/नोएडा) के खिलाफ 21-16, 21-19 से उलटफेर भरी जीत दर्ज कर विजेता ट्रॉफी जीती।


मिश्रित युगल 35 वर्ष से अधिक में यूपी पुलिस के शीर्ष वरीय अखिलेश यादव व भावना बलियान ने सी. जॉन वेस्ले व प्रियंका पांडेय को 21-11, 21-14 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

पुरुष युगल 35 वर्ष से अधिक में अखिलेश यादव व शम्स तबरेज (यूपी पुलिस /गोरखपुर) की जोड़ी ने रवि प्रताप आनंद व यशार्थ ओझा (उन्नाव/अयोध्या) को 21-11, 21-12 से मात दी। समापन समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष डा नवनीत सहगल (रिटायर्ड आईएएस) ने विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव डा सुधर्मा सिंह ने स्वर्गीय अनिल कुमार ध्यानी की धर्मपत्नी श्रीमती आशा ध्यानी को विशेष रूप से सम्मानित किया। आज समारोह में उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अरुण कक्कड़, रेफरी रविंद्र चौहान, अनंत ध्यानी, डॉ. योगेश शेट्टी, अभिजीत यादव सहित कई पदाधिकारी और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

आज अन्य फाइनल मुकाबलों में पुरुष युगल 55 वर्ष से अधिक में मेरठ के अरुण कुमार व प्रमोद कुमार ने शीर्ष वरीय अश्विनी कुमार त्यागी व धर्मेंद्र शर्मा को 21-6, 21-11 से पराजित किया। पुरुष युगल 50 वर्ष से अधिक में मेरठ के सोमेश जैन व सुनील राणा ने शीर्ष वरीय कानपुर के अर्जुन सिंह व पवन गुप्ता को 21-12, 21-13 से हराया। पुरुष एकल 65 वर्ष से अधिक में गोरखपुर के संजय श्रीवास्तव ने लखनऊ के महेंद्र सिंह बोहरा को 21-16, 21-17 से हराया।

# भारत की सॉवरेन एआई मॉडल स्ट्रैटेजी नतीजे दे रही है : अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा कि सॉवरेन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मॉडल स्ट्रैटेजी नतीजे दे रही है। इस दौरान उन्होंने घरेलू स्टार्टअप सर्वम एआई द्वारा जारी किए गए एक एडवांस्ड मॉडल की तारीफ की। पिछले साल, इस स्टार्टअप को देश का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) फाउंडेशनल मॉडल बनाने के लिए चुना गया था। 67 प्रपोजल में से सर्वम एआई को भारत का पहला स्वदेशी फाउंडेशनल मॉडल बनाने के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था। वैष्णव ने एक्स पोस्ट में कहा, "हमारे एआई मिशन के हिस्से के रूप में सर्वम द्वारा जारी किए गए टेक्नोलॉजी में एडवांस्ड मॉडल की सबसे ज्यादा आलोचना करने वाले लोग भी तारीफ कर रहे हैं। हमारे स्मार्ट युवा इंजीनियर मटेरियल साइंस, हेल्थकेयर और साइबर सिक्योरिटी में ऐसे इनोवेशन पर काम कर रहे हैं, जिन्हें दुनिया पाथब्रेकिंग मॉडल के तौर पर देखेगी। "सर्वम एआई ने भारतीय भाषाओं के लिए सबसे अच्छे टेक्स्ट-टू-स्पीच, स्पीच-टू-टेक्स्ट और ओसीआर मॉडल बनाए हैं। पिछले साल दिसंबर में सर्वम एआई के को-फाउंडर प्रत्युष कुमार ने इंडियाएआई मिशन के तहत मल्टीलिंगुअल एआई सिस्टम दिखाए, जिसमें भारतीय भाषाओं के लिए भारत का पहला सॉवरेन फाउंडेशनल लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) भी शामिल था।



भारत के एआई इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मोदी सरकार ने 2024 में 10,300 करोड़ रुपए के आवंटन के साथ इंडिया एआई मिशन को मंजूरी दी। अगले पांच सालों में मिलने वाली यह फंडिंग इंडियाएआई मिशन के अलग-अलग हिस्सों को बढ़ावा देने में मदद करेगी। पिछले महीने पीएम मोदी ने स्टार्टअप्स से सामाजिक भलाई के लिए एआई का इस्तेमाल करने का आग्रह किया। 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर भारतीय एआई स्टार्टअप्स के साथ एक राउंडटेबल की अध्यक्षता करते हुए, प्रधानमंत्री ने एआई को सस्ता, समावेशी और पारदर्शी बनाने का आग्रह किया। पीएम मोदी ने बताया कि भारत 16 से 20 फरवरी तक 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' की मेजबानी करेगा, जिसके जरिए देश टेक्नोलॉजी सेक्टर में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि भारतीय एआई मॉडल अलग होने चाहिए और उन्हें स्थानीय और स्वदेशी कंटेंट और क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देना चाहिए।

## मां शक्ति द्वारा पैरा एथलेटिक्स में मास्टर क्रांतिकारी जोड़ने के लिए संघर्ष पहल

# पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मास्टर कैटेगरी के लिए पहल: मां शक्ति

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 5 से 7 फरवरी तक आयोजित थर्ड दिल्ली स्टेट पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025-26 में दिव्यांग खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। यह आयोजन दिल्ली पैरा स्पोर्ट्स ऑर्गेनाइजेशन द्वारा पैरालंपिक समिति ऑफ इंडिया के अंतर्गत किया गया।

इस चैंपियनशिप में मां शक्ति अंतरराष्ट्रीय संस्था के कई दिव्यांग खिलाड़ियों ने भाग लिया। संस्था की अध्यक्ष एडवोकेट अनीता गुप्ता ने शॉट पुट और जैवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल तथा 100 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल जीतकर संस्था और देश का गौरव बढ़ाया।

मां शक्ति अंतरराष्ट्रीय संस्था हमेशा से दिव्यांगजनों के लिए कार्यरत रही है और “Disability to Ability” के सिद्धांत को खेलों के माध्यम से साकार करती रही है। संस्था का मानना है कि खेलों से दिव्यांगजन आत्मविश्वास और सम्मान प्राप्त करते हैं।

**मास्टर कैटेगरी की आवश्यकता**

भारत में सामान्य खेलों में तीन कैटेगरी होती हैं - जूनियर, सीनियर और मास्टर्स। किंतु पैरा एथलेटिक्स में अभी तक मास्टर्स कैटेगरी का गठन नहीं हुआ है। उम्र बढ़ने के साथ दिव्यांग खिलाड़ियों को शारीरिक चुनौतियाँ अधिक होती हैं। कम उम्र के खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में उन्हें कठिनाई होती है। इससे कई अनुभवी खिलाड़ी खेलों से दूर हो जाते हैं।

**संस्था की पहल**

मां शक्ति अंतरराष्ट्रीय संस्था ने इस विषय को गंभीरता से उठाते हुए पैरालंपिक कमिटी ऑफ इंडिया तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के माननीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार,बी.एल. वर्मा, रामदास आठवले एवं दिव्यांग प्रकोष्ठ के









चेयरपर्सन श्री करनैल सिंह को अवगत कराया है। संस्था ने आग्रह किया है कि भारत में भी पैरा एथलेटिक्स में मास्टर्स कैटेगरी का गठन किया जाए।

**अपेक्षित परिणाम**

यदि मास्टर्स कैटेगरी लागू होती है तोः वरिष्ठ दिव्यांग खिलाड़ियों को न्यायसंगत अवसर मिलेगा। भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक पदक जीत सकेगा। दिव्यांगजन लंबे समय तक खेलों से जुड़े रहेंगे और समाज में प्रेरणा का स्रोत बनेंगे। दिव्यांगों में खेल खेल में भागीदारी के लिए मां शक्ति के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अधिवक्ता दिनेश कुमार गुप्ता, अधिवक्ता विजेंद्र कौशिक, संदीप कुमार, नरेंद्र आनंद, कैलाश गुप्ता, ओम प्रकाश राही, नैना सिंह के साथ श्री जगजीत सिंह श्री एन के सेठी का विशेष सहयोग रहा। मां शक्ति अंतरराष्ट्रीय संस्था को विश्वास है कि यह पहल भारत को पैरा स्पोर्ट्स में नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी और हमारे खिलाड़ी विश्व पटल पर देश का परचम लहराएँगे। डॉक्टर स्नेहा मोहन जो की मां शक्ति की एडवाइजर है उन्होंने भी आज दिव्यांगों को खेल में प्रोत्साहन दिया और दिव्यांग किस तरीके से खेल में अपनी दिव्यंका दूर कर सकते हैं इस पर लोगों को जागृत भी किया ।

# लखनऊ हॉस्टल ने बिलासपुर रेलवे को फाइनल में 15-0 से हराया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** मध्य प्रदेश के गुना में 38वीं ऑल इंडिया लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल गोल्ड कप हॉकी प्रतियोगिता का शानदार समापन रविवार को हुआ। फाइनल मैच में लखनऊ हॉस्टल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया।



टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टर फाइनल लखनऊ हॉस्टल ने नागपुर के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में 6-0 से शानदार जीत दर्ज की। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में लखनऊ हॉस्टल ने एमपी अकादमी हॉस्टल को 3-1 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में लखनऊ हॉस्टल का मुकाबला बिलासपुर हॉस्टल से हुआ। निर्धारित समय तक मुकाबला 1-1 की बराबरी पर रहा। इसके बाद हुए रोमांचक शूटआउट में लखनऊ हॉस्टल ने 5-3 से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई।

फाइनल मुकाबला रविवार को बिलासपुर रेलवे और लखनऊ हॉस्टल के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। फाइनल में लखनऊ हॉस्टल ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 1-0 से जीत दर्ज कर 38वीं ऑल इंडिया लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल गोल्ड कप पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार ललित पटेल, सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड का पुरस्कार शाहरुख अली, और सर्वश्रेष्ठ गोल स्कोरर का पुरस्कार नीरज प्रजापति को प्रदान किया गया। टूनामेंट के दौरान टीम के प्रशिक्षक रंजीत राज एवं सह प्रशिक्षक उपेंद्र चौहान थे।

**पंजाब इंस्टीट्यूट, उड़सा ग्रासरूट, राउण्ड ग्लास और यूपी करम सेमीफाइनल में**

लखनऊ। गोमतीनगर स्थित पद्मश्री मोहम्मद शाहीद एस्ट्रोटर्फ हाकी स्टेडियम में आयोजित 36वीं अखिल भारतीय केडी सिंह बाबू अंडर-14 जूनियर बालाकें की पुरस्कार राशि वाली हॉकी प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गये। मुकाबले बेहद रोमांचक और आक्रामक रहे। नन्हें हाकी जादूगारों ने दमदार प्रदर्शन कर मुकाबलों को रोमांचक बनाया। पहले क्वार्टर फाइनल मैच में पंजाब इंस्टिट्यूट ऑफ मोहाली ने मेजर ध्यानचंद हरियाणा को शूटआउट में 4-2 गोल, दूसरे क्वार्टर फाइनल में उड़ीसा नवल टाटा ग्रासरूट टीम ने फ्लिकर ब्रादर्स को 4-2 गोल, तीसरे क्वार्टर फाइनल में राउण्ड ग्लास हाकी अकादमी ने हॉली वर्ल्ड पंजाब को 2-1 और चौथे व अंतिम क्वार्टर फाइनल में यूपी करम ने शाहबाद को 3-2 गोल से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच हेतु जनभवन में आयोजित शिविर में ले जाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में जनभवन के आदेशानुसार प्रो.अजय तनेजा, कुलपति,के निर्देशन में विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव के 50 निवासियों को स्वेच्छा से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच हेतु जनभवन में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में ले जाया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों की संपूर्ण स्वास्थ्य जांच की गई तथा आवश्यकता अनुसार नि:शुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस जनसेवा कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा उनमें स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम का सफल समन्वयन डॉ.



नलिनी मिश्रा, समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किया गया। माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए भी सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जनभवन द्वारा कराए गए इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है तथा ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर समाज के कमजोर वर्गों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम के संचालन में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोहम्मद इरफान, डॉ. रत्नेश सिंह, डॉ. धीरेंद्र सिंह, डॉ. राशि श्रीवास्तव, डॉ. आशीष शाही तथा डॉ. साइमा अलीम की विशेष भूमिका रही। इसके अतिरिक्त डॉ. एहतेशाम अहमद एवं डॉ. अर्चिता तिवारी का भी सहयोग प्राप्त हुआ. विश्वविद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के आयोजन हेतु अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## प्रदर्शन

## ऑनलाइन व मोबाइल गेमिंग हो रही है जानलेवा साबित : परमजीत सिंह पम्मा

# नेशनल अकाली दल ने किया ऑनलाइन गेम के खिलाफ प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दिल्ली।** ऑनलाइन व मोबाइल गेमिंग को लेकर नेशनल अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा की अध्यक्षता में सैकड़ो सदस्यों ने वेस्ट दिल्ली के सुभाष नगर चौक पर धरना प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सभी ऑनलाइन गेम्स बैन करो, बैन करो बैन करो ऑनलाइन गेमिंग बैन करो, ऑनलाइन गेम बनी बच्चों की हथियारण, ऑनलाइन गेम्स के जरिए बच्चों का भविष्य मत बिगड़ो जैसे नारे लगा रहे थे और उनके हाथों में ऐसे बैनर भी पकड़े हुए थे। इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा बड़े दुख की बात है ऑनलाइन गेम में बच्चों का भविष्य बिगड़ रहा है और अब तो जानलेवा भी साबित हो रही है इसमें बच्चे इतने लिप्त हो जाते हैं कि इनको मना करो तो बच्चे या तो खुद आत्महत्या कर लेते हैं या फिर अपने परिवार के ऊपर किसी न किसी तरह से हमला कर देते हैं लगातार इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। इसको लेकर सरकार को सख्त कदम उठाने चाहिए और उन एप्स के ऊपर भी नजर रखनी चाहिए जो बच्चों को आपराधिक घटनाओं की ओर धकेल रही हैं। उन्होंने सरकार से भी मांग की सोशल मीडिया पर जुड़ने के लिए एक आयु सीमा तय होनी चाहिए क्योंकि कई देशों में 16 वर्ष से पहले बच्चे सोशल मीडिया से नहीं जुड़ सकते। साथ ही स्कूलों को भी यह हिदायत देनी चाहिए वह बच्चों को मोबाइल पर




होमवर्क का कार्य न दे। क्योंकि बच्चों के पास एक बहाना हो जाता है वह स्कूल का कार्य कर रहे हैं और इसी के आड़ में वह किसी न किसी ऐप से जुड़ जाते हैं। पम्मा ने उन्होंने परिवार के लोगों से भी अपील की बच्चों को पार्कों में भेजें और उनके मोबाइल पर जरूर नजर रखें वह किस ऐप से जुड़े हुए हैं ताकि बच्चों को ऑनलाइन गेमिंग के खतरों से बचाया जा सके।

परमजीत सिंह पम्मा व नेशनल अकाली दल महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष भावना धवन, रश्मीत कौर बिंद्रा ने ऑनलाइन बेटिंग और जुए वाले गेम्स पर चिंता जताई है, जो लत लगाने वाले होते हैं और लोगों को आर्थिक और मानसिक नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे गेम्स पर रोक लगनी चाहिए। हरमिंदर पाल सिंह बक्शी, इंद्रजीत सिंह अष्ट ने कहा सरकार ऑनलाइन गेम्स को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जिसमें बच्चों का भविष्य हम बचा सके। इस अवसर पर राजेश चौहान, रूबी जिंदल, बलबीर सिंह, बलविंदर सिंह सरना, जसविंदर सिंह सभरवाल, जसवीर सिंह सरना, आफरीन, वरिंदर आर्य, सुनीता अरोड़ा, रूप सिंह गोसाई, रिदम चढ़ा, रोजी विरमानी, सुखविंदर सिंह,पंकज छाबड़ा, अमर गुप्ता, अजय मेहरा, तरुण सोनी सहित अनेक लोग शामिल थे जिन्होंने ऑनलाइन गेम बैन करने की मांग की।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267